TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 228
शनिवार 13 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 36°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए
पृष्ठ-18
उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

# हर शहर-हर गांव तक पहुंचेगी ग्रीन मोबिलिटी: योगी

## नोएडा के लिए 45 इलेक्ट्रिक व तीन हाइड्रोजन बसों को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**शुभारंभ**

- नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का शुभारंभ, जेवर एयरपोर्ट को मिलेगी नई कनेक्टिविटी
- 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी, नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, 12 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में हर शहर और गांव को ग्रीन मोबिलिटी से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रीन मोबिलिटी और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विजन को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर, सुरक्षित, आरामदायक और प्रदूषण मुक्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 45 इलेक्ट्रिक बसों और तीन हाइड्रोजन बसों को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि 15 जून से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने जा रहा है।

एयरपोर्ट को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र से जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की गई है। 15 जून तक तीनों प्राधिकरणों में 110 इलेक्ट्रिक बसें संचालित होंगी, जबकि भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाकर 500 तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था यात्रियों को बेहतर लास्ट माइल कनेक्टिविटी देने के साथ प्रदेश के नेट जीरो लक्ष्य को भी मजबूती देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन




और पश्चिम एशिया में जारी तनाव पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।

ऐसे समय में स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में तीन हाइड्रोजन बसें भी संचालित की जा रही हैं, जिनके लिए सीवर के पानी से ग्रीन हाइड्रोजन तैयार की जाएगी। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव पहल है। ■ **शेष पेज 17 पर**

### मोदी के नेतृत्व में बदली विकास व सुशासन की तस्वीर: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा को विकास की धुरी बनाकर ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा मजबूत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बनी हैं।

## ईरान पर ट्रंप के यू-टर्न से इजराइल भी रह गया हैरान



- हमले रोके, समझौते के संकेत, नेतन्याहू को पहले नहीं मिली कोई जानकारी
- ईरान पर ट्रंप की नई रणनीति से अमेरिका-इजराइल रिश्तों में हलचल

**वॉशिंगटन, 12 जून।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को अचानक रोककर पश्चिम एशिया की कूटनीति को नया मोड़ दे दिया है। ट्रंप का दावा है कि ईरान के साथ समझौते का प्रारूप तैयार हो चुका है और यदि बातचीत इसी दिशा में आगे बढ़ी तो जल्द ही इस पर अंतिम सहमति बन सकती है। हालांकि तेहरान ने ऐसे किसी अंतिम समझौते की पुष्टि नहीं की है और कहा है कि वार्ता अभी जारी है। ट्रंप के इस फैसले ने सबसे अधिक चर्चा इसलिए बटोरी क्योंकि रिपोर्टों के मुताबिक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इसकी पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी।

बताया जा रहा है कि ट्रंप की सार्वजनिक घोषणा के बाद ही इजराइली नेतृत्व को पूरे घटनाक्रम का पता चला। बाद में दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई, जिसमें ट्रंप ने भरोसा दिलाया कि किसी भी संभावित समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि ईरान बातचीत के लिए सकारात्मक रुख दिखा रहा है और समझौते का सबसे अहम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि तेहरान परमाणु हथियार विकसित न करे।

वहीं ईरानी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अंतिम समझौते पर अभी मुहर नहीं लगी है और देश अपने राष्ट्रीय हितों तथा निर्धारित लाल रेखाओं से कोई समझौता नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला सशक्तिकरण से बदला देश का विकास परिदृश्य: मोदी

**नई दिल्ली, 12 जून।** केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास को सरकार की प्रमुख उपलब्धि बताते हुए कहा कि पिछले एक दशक में महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, उद्यमिता, खेल और प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं ने महिलाओं को गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण प्रदान किया है। वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास और कौशल विकास जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

### शाह ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली, 12 जून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख, सीआरपीएफ के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीआईडी ने 6 घंटे की पूछताछ, अब 14 जून को फिर पेश होंगे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, 12 जून।** टीएमसी विधायकों के हस्ताक्षर में कथित विसंगति से जुड़े मामले में पश्चिम बंगाल सीआईडी ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को 14 जून को दोबारा पूछताछ के लिए तलब किया है। गुरुवार को सीआईडी मुख्यालय में उनसे करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई, जिसके बाद देर रात उन्हें जाने की अनुमति दे दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान जांच अधिकारियों ने पार्टी की मूल रेजोल्यूशन बुक और बैठक की कार्यवाही (मिनट्स) से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अभिषेक बनर्जी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

### घुटने की सफल सर्जरी के बाद दलाई लामा अस्पताल से डिस्चार्ज

**नई दिल्ली, 12 जून।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के बाएं घुटने की सफल रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को स्थिर बताते हुए शुक्रवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी। दलाई लामा ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी साझा की। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. राजेश मल्होत्रा ने बताया कि 8 जून को दलाई लामा के बाएं घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया गया था। उपचार के दौरान उनकी निजी चिकित्सा टीम और अस्पताल के डॉक्टरों ने समन्वय के साथ देखभाल की। उन्होंने कहा कि दलाई लामा तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और पूरी तरह स्वस्थ होने की उम्मीद है।

## विश्व प्रसिद्ध निशानेबाज जसपाल राणा का निधन

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी व राजनाथ सिंह ने जताया दुख

**नई दिल्ली, 12 जून।** भारत के दिग्गज निशानेबाजी कोच और पूर्व स्टार शूटर जसपाल राणा का गुरुवार देर रात नई दिल्ली के साकेत स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी समुदाय में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते समय उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उनका हृदय संबंधी उपचार हुआ था, जिसमें स्टेंट डाला गया था। निधन के समय वह भारत की पिस्टल निशानेबाजी टीम के उच्च प्रदर्शन कोच के रूप में कार्यरत थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनके निधन को भारतीय खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जसपाल राणा ने अपनी असाधारण उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ाया और एक समर्पित कोच के रूप में अनेक युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## गोविंदपुरी में अग्निकांड: तीन की मौत, दो की हालत नाजुक

**हादसा**

- शॉर्ट सर्किट की आशंका, आठ लोगों को निकाला गया, फोरेंसिक जांच से खुलेगा हादसे का राज

**नई दिल्ली, 12 जून।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के दौरान पुलिस, दमकल विभाग और बचाव दल की संयुक्त कार्रवाई से पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घायलों का इलाज सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि रात करीब 2:24 बजे गोविंदपुरी थाना पुलिस को तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग की चार गाड़ियां और कैट्स एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। आग तेजी से फैलने के साथ पूरी इमारत धुएं से भर गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। बचाव अभियान के दौरान धुएं में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।




इनमें एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा और आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।

प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह ग्राउंड फ्लोर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। आग सबसे पहले भूतल पर लगी, जहां खड़े सात दोपहिया वाहन इसकी चपेट में आ गए। इनमें चार्जिंग पर लगा एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी शामिल था। वाहनों में आग लगने के बाद भारी मात्रा में धुआं फैल गया, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल सके।

दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता फोरेंसिक और तकनीकी जांच के बाद ही चल सकेगा। साथ ही इमारत में सुरक्षा मानकों, विद्युत व्यवस्था और अन्य संबंधित पहलुओं की भी विस्तृत जांच की जा रही है।

## लगातार हमलों पर भारत सख्त, अमेरिकी दूतावास के अधिकारी तलब

**नई दिल्ली, 12 जून।** विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजनयिक जेसन मीक्स को ओमान की खाड़ी में भारतीय नाविकों को ले जा रहे वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी नौसेना के लगातार हमलों के संबंध में तलब किया गया। मंत्रालय ने नागरिक जहाजों पर घातक बल प्रयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि ऐसे कृत्य अस्वीकार्य हैं। एक दिन पहले एक बार फिर एक भारतीय चालक दल वाले जहाज को अमेरिकी नौसेना की ओर से निशाना बनाया गया। इस संबंध में आज अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजनयिक को तलब किया गया। राजनयिक करीब 45 मिनट तक विदेश मंत्रालय में रहे। इसके बाद विदेश मंत्रालय की ओर से एक वक्तव्य जारी किया गया।

## वैश्विक मुद्दों पर भारत की राय अहम: अलेक्जेंडर स्टब

**चर्चा**

- जयशंकर से मुलाकात में वैश्विक संकट, जी-7 और खाड़ी पर हुई चर्चा

**हेलसिंकी, 12 जून।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली देश बताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर नई दिल्ली की राय को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। हेलसिंकी में आयोजित 'कुलतारना टॉक्स' के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के बाद स्टब ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि दोनों नेताओं के बीच मध्य पूर्व और फारस की खाड़ी की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों तथा आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन सहित कई अहम वैश्विक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। स्टब ने कहा कि भारत की



बढ़ती वैश्विक भूमिका और संतुलित कूटनीतिक दृष्टिकोण उसे विश्व राजनीति का महत्वपूर्ण भागीदार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में भारत की राय का विशेष महत्व है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी मुलाकात को सकारात्मक बताते हुए कहा कि दोनों देशों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य और अनिश्चित अंतरराष्ट्रीय माहौल में कूटनीति की अहम भूमिका पर विचार साझा किए।

## रिटेल पंपों से थोक ईंधन खरीद पर 90 दिन की रोक

**नई दिल्ली, 12 जून।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल की बिक्री व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए रिटेल पेट्रोल पंपों से थोक मात्रा में ईंधन खरीद पर 90 दिनों के लिए रोक लगा दी है। नए नियमों के तहत संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत का ईंधन केवल अधिकृत उपभोक्ता अथवा कैप्टिव पंपों से ही लेना होगा। सरकार का कहना है कि इस फैसले का उद्देश्य रिटेल कीमत पर मिलने वाले ईंधन के दुरुपयोग और उसकी अवैध पुनर्बिक्री पर अंकुश लगाना है। नई व्यवस्था के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक किसी एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं बेच सकेंगे। साथ ही रिटेल पंप से खरीदे गए ईंधन को आगे बेचने पर भी रोक रहेगी। सरकार का मानना है कि इससे ईंधन की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी तथा आम उपभोक्ताओं के लिए उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

इस निर्णय का असर बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने वाले उद्योगों, परिवहन कंपनियों और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।




लखनऊ: लोकभवन में पीएम मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन एवं जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम योगी आदित्यनाथ। – छाया तरुणमित्र

## शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव मामले में दो नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली/फिरोजाबाद, 12 जून।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद की थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारने वाले दो नाबालिगों को को हिरासत में लिया है। इसी ट्रेन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सफर कर रहे थे। हालांकि इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आयी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन संख्या 12003 लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पर 11 जून को शाम करीब 7:18 बजे उस समय पथराव हुआ, जब ट्रेन प्रयागराज मंडल अंतर्गत फिरोजाबाद स्टेशन के पास पहुंच रही थी। रेलवे सुरक्षा बल और संबंधित अधिकारियों ने जांच शुरू की। स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई, जिसके बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### थ्रीडी लेजर, एआई और डेटा तकनीक से हाईवे होंगे ज्यादा सुरक्षित

## एआई की निगरानी से बदल जाएगी भारतीय राजमार्गों की पूरी तस्वीर

**रमेश चंद्र**

**हाईटेक**

- 300 किलोमीटर प्रतिदिन तक होगा हाईटेक सड़क सर्वेक्षण
- अब गड्ढों और दरारों पर तुरंत तय होगी जवाबदेही

**नई दिल्ली, 12 जून।** देश में लगातार बढ़ते राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के बीच अब उनकी गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीक को सबसे बड़ा हथियार बनाया जा रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए अत्याधुनिक नेटवर्क सर्वे व्हीकल (एनएसवी) प्रणाली लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, थ्रीडी लेजर स्कैनिंग, हाई-रिजोल्यूशन कैमरों और जीपीएस आधारित यह व्यवस्था सड़कों की निगरानी के पारंपरिक तरीके को पूरी तरह बदल सकती है।

अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों का निरीक्षण मुख्य रूप से मैनुअल सर्वे या सीमित तकनीकी संसाधनों के सहारे किया जाता था। इससे सड़क की वास्तविक स्थिति का आकलन करने में लंबा समय लगता था और कई बार छोटी खराबियां गंभीर रूप लेने के बाद ही मरम्मत तक पहुंच पाती थीं। नई प्रणाली इस चुनौती को काफी हद तक समाप्त करने का दावा करती है।

हाईटेक नेटवर्क सर्वे व्हीकल सड़क पर सामान्य गति से चलते हुए हर गड्ढे, दरार, पैचवर्क की गुणवत्ता, सतह की असमानता और अन्य तकनीकी खामियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करेंगे। यह पूरा डेटा सीधे एआई आधारित डेटा लेक प्लेटफॉर्म पर अपलोड होगा, जहां विशेषज्ञ उसका विश्लेषण कर मरम्मत की प्राथमिकता तय करेंगे। इससे सड़क रखरखाव केवल शिकायत आधारित नहीं बल्कि डेटा आधारित व्यवस्था में बदल जाएगा।

नई तकनीक का सबसे बड़ा लाभ सर्वेक्षण की गति में दिखाई देगा। पहले जहां एक दिन में केवल 20 से 80 किलोमीटर तक सड़क का निरीक्षण संभव था, वहीं अब लगभग 300 किलोमीटर प्रतिदिन का डिजिटल सर्वे किया जा सकेगा। इससे पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की नियमित निगरानी पहले की तुलना में कई गुना तेज हो जाएगी।इस व्यवस्था की दूसरी बड़ी विशेषता समयबद्ध कार्रवाई है। सर्वे के बाद 48 घंटे के भीतर पूरा डेटा केंद्रीय सर्वर पर उपलब्ध होगा और विशेषज्ञ टीम दस दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। ■ **शेष पेज 17 पर**

## ट्रक में पीछे से टकराई कार, तीन थानाध्यक्ष समेत चार की दर्दनाक मौत

**बेगूसराय, 12 जून।** बिहार के बेगूसराय जिले में शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रक में बुरी तरह फंस गया और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार कार में मधेपुरा जिले में तैनात तीन थाना प्रभारी और एक चालक सवार थे। सभी अधिकारी पटना में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान देर रात करीब 12:30 बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा भिड़ी।

हादसे में बेलारी थाना प्रभारी नीरज कुमार, आरआर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र तथा चालक ज्योतिष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रतवारा थाना प्रभारी साजन पासवान को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, सदर डीएसपी आनंद पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार के ट्रक से पीछे टकराने की बात सामने आई है।

# 'आधुनिक तकनीकी व हिंदी' विषय पर कार्यशाला आयोजित

## तकनीकी उपकरणों के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग पर दिया विशेष बल



**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट), रायबरेली में आधुनिक तकनीकी और हिंदी विषय पर हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों एवं डिजिटल माध्यमों की सहायता से राजभाषा हिंदी के प्रयोग को अधिक सरल, प्रभावी और व्यापक बनाना था।

यह कार्यक्रम निफ़्ट रायबरेली की निदेशक प्रो. डॉ. जोनाली डी. बाजपेयी के संरक्षण तथा संयुक्त निदेशक श्री अमितवा चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), रायबरेली के सदस्य सचिव श्री योगेश मिश्रा रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में वर्तमान तकनीकी युग में हिंदी की उपयोगिता तथा तकनीकी और हिंदी के परस्पर संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने विभिन्न डिजिटल टूल्स, सॉफ्टवेयर तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इनकी सहायता से सरकारी एवं कार्यालयी कार्यों में हिंदी का प्रयोग अधिक सहज, प्रभावी और दक्ष बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को तकनीकी साधनों का उपयोग कर राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और उसके व्यापक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में निफ़्ट रायबरेली के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके अतिरिक्त नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), रायबरेली से संबद्ध विभिन्न कार्यालयों के सदस्य भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और तकनीकी सत्र का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी नोडल अधिकारी डॉ. स्तुति सोनकर तथा कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पूजा ओझा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राजभाषा हिंदी को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने तथा उसके प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ कार्यशाला का सफल समापन हुआ।

## दहेज हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव में एक विवाहित महिला की 8 जून को संदिग्धावस्था में मौत हुई थी। महिला प्रिया यादव का शव फांसी पर लटका हुआ मिलाथा। मामले में प्रिया के पिता पूरे तिलंगा मजरे जोहवा नटकी थाना डलमऊ निवासी रमेश यादव ने लालगंज कोतवाली में प्रिया के पति रामकृष्ण उर्फ मोनू यादव के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। रमेश यादव का कहना है कि उसकी पुत्री को दहेज के लालच में ससुराली जनों ने मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रमेश यादव की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ है।

# एम्स रायबरेली में फैकल्टी नियुक्तियों पर सवाल

धांधली का आरोप

**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** एम्स रायबरेली में फैकल्टी पदों पर हुई नियुक्तियों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि जनरल मेडिसिन और डमेटोलॉजी विभाग में प्रोफेसर पद पर हुई दो नियुक्तियों में निर्धारित नियमों और आरक्षण व्यवस्था की अनदेखी की गई।

शिकायतकताओं का आरोप है कि जिन उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रोफेसर पद पर की गई, उनके पास निर्धारित अनुभव नहीं था। इसके बावजूद उन्हें चयनित कर नियुक्ति प्रदान कर दी गई। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित पद पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को नियुक्त कर आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया।

मामले में डॉ. अंजली अग्रवाल और डॉ. मधुकर मित्तल की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकताओं का कहना है कि दोनों नियुक्तियों की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए और चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने चाहिए। आरोप है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा पात्रता और आरक्षण संबंधी नियमों की अनदेखी की गई। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि, इस मामले में एम्स रायबरेली प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यह कोई पहला मामला नहीं इसके पहले भी नियुक्ति को लेकर एम्स रायबरेली प्रशासन पर सवाल खड़े हो चुके हैं।

# शोभापुर स्केप की खुदाई का कार्य शुरू, किसानों में खुशी

## किसानों की मांग पर पूर्व विधायक राकेश सिंह ने शुरू कराया कार्य



**महराजगंज ,रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** लंबे अरसे से किसानों के लिए समास्या का सबब बनी शोभापुर स्केप इस बार किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी क्योंकि पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से इसकी खुदाई का रास्ता साफ हो चुका है, जिससे किसानों में खुशी की लहर है।

बता दें कि महराजगंज ब्लाक क्षेत्र के बरहुवां ग्राम पंचायत अंतर्गत पूरे अभिमान सिंह गांव के पास से शोभापुर स्केप निकली हुई है, जिसकी लंबाई तकरीबन साढ़े चार किलोमीटर है,जो बजट के अभाव में झाड़ियों से पटी होने के कारण, जल निकासी की समास्या बनी हुई थी और हजारों बीघे फसल डूब जाती थी जिससे किसानों के सामने संकट उत्पन्न हो जाता था। इसकी खुदाई को लेकर क्षेत्रीय किसान कई सालों से परेशान थे और पिछले दिनों पूर्व विधायक राकेश सिंह से मिलकर स्केप की सफाई की मांग की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर समास्या के निराकरण के निर्देश दिए थे।

अब पूर्व विधायक राकेश सिंह के प्रयासों से स्केप की खुदाई का काम शुरू हो गया है जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी है, राज्य मंत्री स्वतंत्रत प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बड़े भाई गणेश प्रताप सिंह ने अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार सिंचाई विभाग की उपस्थिति में नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। स्केप की खुदाई से भीरा, मझिगवां, मलिकपुर बरना,पंचम सिंह गोंदरिहा बरहुआं पखनपुर पूरे श्रध्दा शोभापुर पूरे लाखन सिंह सहित दर्जनों गांवों के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

शीतला बक्श सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह, पूर्व रंजीत सिंह, राम प्रताप सिंह, सुशील बाजपेई, राजू, चंद्र शेखर श्री राम सिया राम,जय राम लोधी, सहित अन्य मौजूद रहे।

# विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए पुलिस बल की मांग

**लालगंज, रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** लालगंज विद्युत वितरण खंड के उपखंड अधिकारी शिवम वर्मा ने उप जिलाधिकारी डलमऊ को पत्र भेजकर आंधी तूफान में ध्वस्त हो गई विद्युत लाइन को ठीक किये जाने हेतु पुलिस बल दिलाए जाने की मांग की है।

एसडीओ ने बताया कि 13मई को आए तीव्र आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण उपखण्ड, लालगंज के अंतर्गत ग्राम दीपेमऊ में स्थित एलटी विद्युत लाइन के पोल एवं केबल/तार क्षतिग्रस्त होकर गिर गए थे। उक्त क्षति के कारण क्षेत्र के नलकूपों की विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिससे आम जनमानस को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पोलों एवं तारों के प्रतिस्थापन तथा लाइन मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। किन्तु कुछ ग्रामीण व्यक्तियों भूपेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह एवं अन्य के द्वारा विभागीय कर्मचारियों को कार्य करने से रोका जा रहा है तथा लाईन नहीं बनने दिया जा रहा है। इस कारण लोगो को नलकूप के लिए विद्युत सप्लाई नहीं मिल पा रही है और गांव की खेती प्रभावित हो रही है। उपखंड अधिकारी लालगंज ने एसडीएम डलमऊ को पत्र भेज कर जनसुविधा एवं विद्युत आपूर्ति की शीघ्र बहाली को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थल पर आवश्यक प्रशासनिक सुविधा एवं पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

एसडीओ का कहना है कि पुलिस बल रहने से विभागीय कर्मचारी सुरक्षित वातावरण में मरम्मत कार्य संपन्न कर सकेंगे तथा क्षेत्र के नलकूपों की विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र पुनः चालू की जा सकेगी। एसडीओ ने बताया कि मामले की सूचना अधिशासी अभियंता विद्युत लालगंज और प्रभारी निरीक्षक पुलिस लालगंज को भी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश के अनुपालन में खनन अधिकारी सुरेश लाकरा द्वारा मय एस०ओ०जी० टीम, रायबरेली सहित आज तहसील-ऊंचाहार के जगतपुर क्षेत्रों में साधारण मिट्टी की अवैध खनन/परिवहन की सूचना के क्रम में छापेमारी की गई, जिसमें मौके पर 01 जे०सी०बी० व 07 ट्रैक्टर मय ट्रालियों द्वारा साधारण मिट्टी का अवैध खनन परिवहन करते पाया गया जिसको पकड़कर थाना जगतपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है। उक्त वाहनों पर नियमानुसार जुमार्ना अधिरोपित कराते हुए जुमार्ने की धनराशि जमा कराया जायेगा।

### यूपी एक्साइज सिटिजन ऐप उपलब्ध

**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उपभोगताओं को अवैध शराब से बचाने, निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध कराने हेतु आबकारी विभाग द्वारा यूपी एक्साइज सिटिजन नाम से एक सरकारी मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप के माध्यम से शराब की बोतल पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके उसकी प्रमाणिकता की जांच, ब्रांड, कीमत (टप्छ), बैच नम्बर और उत्पादन की तारीख की पुष्टि की जा सकती है और एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने पर शिकायत भी की जा सकती है। इसके साथ ही विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर-14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर-9454466019 जारी किया गया है, जिस पर आम लोगों द्वारा ओवर रेटिंग, अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के संबंध में सूचना और शिकायत उपलब्ध कराई जा सकती है।

# बाढ़ आपदा से निपटने को लेकर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन संपन्न



**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** हुएउत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद रायबरेली में बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों की तैयारियों का आकलन करने हेतु मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

मॉक एक्सरसाइज के अंतर्गत जनपद की दो तहसीलों, डलमऊ एवं लालगंज में अलग-अलग आपदा परिदृश्यों का प्रदर्शन किया गया। तहसील लालगंज (गोगासों) में बाढ़ के दौरान नाव पलटने एवं नदी में व्यक्ति के डूबने की स्थिति में खोज एवं बचाव (रींरूँ & फीरूथ्र) कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। एनडीआरएफ/एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित निकालकर स्टेजिंग एरिया तक पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार, ट्रायेज तथा आवश्यकता अनुसार अस्पताल रेफर करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। वहीं तहसील डलमऊ (डलमऊ बाढ़ चौकी) में बाढ़ राहत स्वास्थ्य केन्द्र/चिकित्सा शिविर के संचालन का प्रदर्शन किया गया। शिविर में मरीजों के पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाओं के वितरण तथा गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्वच्छ पेयजल, संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि आगामी बाढ़ मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक संसाधनों, उपकरणों एवं मानव संसाधनों को पूर्णतः तैयार रखा जाए तथा विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य आपदा की वास्तविक स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा संभावित कमियों की पहचान कर उनमें सुधार करना है। मॉक एक्सरसाइज के दौरान विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, आपसी समन्वय, संचार व्यवस्था, राहत एवं बचाव संसाधनों की उपलब्धता तथा चिकित्सा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ आपदा के दौरान जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को न्यूनतम करने हेतु तैयारियों को सुदृढ़ करना था।

इस अवसर पर संबंधित उप जिलाधिकारी एवं जिला आपदा विशेषज्ञ अंकित पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरी का खुलासा: सामान के साथ दो गिरफ्तार




**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** थाना सरेनी पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के आभूषण तथा चोरी का सामान बेचकर प्राप्त नकदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 11 जून 2026 को थाना सरेनी क्षेत्र में घर से आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा संख्या 114/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत 12 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरेनी पुलिस ने सोलहखर मोड़ के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशन सिंह पुत्र हरश्याम सिंह तथा सोनू पुत्र चतुरी निवासी ग्राम गहरोली, थाना सरेनी, जनपद रायबरेली के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो जोड़ी सफेद धातु की पायल तथा चोरी का सामान बेचकर प्राप्त 1200 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, आरक्षी प्रदीप शर्मा, आरक्षी अमन कुमार एवं आरक्षी मोहित कुमार शामिल रहे।

## ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथा व्यास प्रद्युम्न महराज ने देवी सती की सुनाई कथा



**सलोन, रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र के मां कमासिन धाम दरसवा में चल रही देवी भागवत कथा के चतुर्थ दिन में आयोजित ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथा व्यास प्रद्युम्न जी महराज ने देवी सती की कथा सुनाई और देवी जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान पूर्व ब्लाक प्रमुख सलोन कुंवर आजाद सिंह व मन्दिर कमेंटी संस्थापक सुभाष चन्द्र शर्मा ने आरती पूजन किया। आचार्य प्रद्युम्न जी महाराज ने बताया कि देवी सती का जन्म सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के पुत्र प्रजापति दक्ष और उनकी पत्नी प्रसूति (अथवा वीरणी) के घर हुआ था। उन्हें आदिशक्ति का अवतार माना जाता है, जिन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने और संसार के कल्याण के लिए यह जन्म लिया था। जन्म का कारणः राजा दक्ष और देवी प्रसूति ने एक सर्वशक्तिमान पुत्री पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उन्हें वरदान दिया था कि वे स्वयं उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लेंगी। अलौकिक बाल्यकालः सती बचपन से ही बेहद तेजस्वी और सुंदर थीं। अन्य बच्चों की तरह खेलने-कूदने के बजाय, उनका मन हमेशा भगवान शिव की भक्ति और ध्यान में लगा रहता था। कथा में प0 अजय तिवारी, दिनेश शुक्ल, शम्भू सिंह ,प्रदीप उपाध्याय , नवरंग सिंह ,वीरेंद्र यादव, अशोक चौरसिया, शिवशंकर वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रभारी मंत्री जनपद/ मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उ०प्र० राकेश सचान की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जनो के साथ सीधा संवाद किया, जिसमें लघु उद्योग भारती से सुशील अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन से गौरव, शिक्षा क्षेत्र से डॉ0 प्रीती तिवारी, अजय सिंह चंदेल, हरीशानन्द मिश्र, विधिक प्रबुद्ध वर्ग से अजय मौर्या, विनोद द्विवेदी, हरीश चन्द्र शर्मा व्यापार मण्डल से के0के0 गुप्ता, स्नेहलता त्रिवेदी, जीसी सिंह चौहान, अभिषेक पटेल, प्रभाकर गुप्ता आदि से संवाद स्थापित कर जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास हेतु सार्थक सुझाव प्राप्त किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का पथप्रदर्शक होता है तथा उनके विचार एवं सुझाव शासन की नीतियों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने जनपद के विकास के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के कौशल विकास पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पहुंचाया जाए।

संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रबुद्ध जनों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को मा० मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में शहर की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, रोजगार के अवसरों का सृजन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। प्रभारी मंत्री ने सभी सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त सुझावों का संकलन कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम में प्राप्त सभी सुझावों एवं निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए जनपद के विकास को नई दिशा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा जनपद के विकास में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ० रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजु लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## नामित सभासदों की अनदेखी का आरोप

**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद रायबरेली के नामित सभासदों ने अपने अधिकारों और सम्मान की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रभारी मंत्री को पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। सभासदों का कहना है कि शासन द्वारा नामित किए जाने के बावजूद उन्हें पालिका की बैठकों, विकास कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों में उचित महत्व नहीं दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री को दिये गए ज्ञापन में कहा गया है कि पालिका बोर्ड फंड एवं 15वें वित्त आयोग से होने वाले विकास कार्यों के लिए अन्य सभासदों से उनके वार्डों की प्राथमिकताओं की सूची मांगी गई, लेकिन नामित सभासदों से बार-बार अनुरोध के बावजूद जनहित के विकास कार्यों संबंधी सुझाव नहीं लिए गए। इससे उनके क्षेत्रों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मोदी सरकार ने किया महत्वपूर्ण कार्यः राकेश

## भारत ने वैश्विक मंच पर विश्वसनीय और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में पहचान बनाई: प्रभारी मंत्री



**रायबरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रभारी मंत्री जनपद/ मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उ०प्र० राकेश सचान की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व के 12 वर्ष राष्ट्र विकास, सुशासन और जनकल्याण के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखे जा रहे हैं। इस अवधि में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, बुनियादी ढाँचा, विदेश नीति तथा जनसेवा के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ह्यह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को अपनाते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा दिया गया है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के कौशल विकास तथा डिजिटल परिवर्तन को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ संचालित की गईं, जिनका लाभ करोड़ों नागरिकों तक पहुँचा है।

बीते 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक विश्वसनीय और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में पहचान बनाई है। आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल सेवाओं के प्रसार, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने के प्रयासों ने देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 12 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 09 वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रदेश में आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्पष्ट परिवर्तन दिखाई देता है।

उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे, हाईवे एवं ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार हुआ है, वहीं एयर कनेक्टिविटी में भी तेजी आई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा भीमसेन में विकसित औद्योगिक केंद्र से औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज नए इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वाधिक एक्सप्रेसवे, मेट्रो नेटवर्क, रेलवे कनेक्टिविटी एवं जन सुविधाओं के आधार पर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, डीसी मनरेगा प्रमोद सिंह, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी, जिलाध्यक्ष अपना दल सतेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेपाल से ब्राउन शुगर लाकर सप्लाई करने वाले दो गिरफ्तार

## एसटीएफ की कार्रवाई में 60 लाख की खेप बरामद

**नेपाल से लाते थे ब्राउन शुगर मुंबई-पुणे में करते थे सप्लाई**




**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने लखनऊ से ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 600 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपए है। दोनों आरोपी नेपाल से ब्राउन शुगर लाकर महाराष्ट्र के शहरों में सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने बुधवार रात इटौंजा टोल प्लाजा के पास कार्रवाई करते हुए लखीमपुर खीरी निवासी प्रकाश सिंह और आकाशदीप सिंह को गिरफ्तार किया। टीम को सूचना मिली थी कि दोनों तस्कर ब्राउन शुगर की खेप लेकर लखनऊ आ रहे हैं।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी की सूचनाओं के बाद एसटीएफ की बरेली यूनिट लगातार निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मिले इनपुट के आधार पर इटौंजा टोल प्लाजा पर जाल बिछाया गया। रात करीब 8:50 बजे दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। तलाशी में 600 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड और 150 नेपाली रुपये बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नेपाल से हेरोइन (ब्राउन शुगर) खरीदकर लाते थे और उसे मुंबई व पुणे में ऊंचे दामों पर बेचते थे। इससे उन्हें अच्छी कमाई होती थी। एसटीएफ अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ इटौंजा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच और कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है।

# धड़ल्ले से जारी अवैध मिट्टी खनन, रक्षक बने भक्षक, 1400 में बिक रही ट्रॉली



**बख्शी का तालाब, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिना किसी कानूनी डर के धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार फल-फूल रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है और इसे रूपये 1400 प्रति ट्रॉली के हिसाब से खुलेआम बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार में सबसे चौंकाने वाली भूमिका स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि, हल्का दरोगा और सिपाही अपने क्षेत्र में गश्त करने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं।

खनन माफिया बिना किसी परमिशन या रॉयल्टी के सरकारी और निजी जमीनों को खोखला कर रहे हैं, लेकिन खाकी मूकदर्शक बनी हुई है।यही हाल तहसील प्रशासन का भी है। क्षेत्र के जिम्मेदार राजस्व कानूनगो और लेखपाल भी इस गंभीर मामले पर आंखें मूंदे बैठे हैं। जब पीड़ित ग्रामीणों ने इस संबंध में कानूनगो से शिकायत की और कार्रवाई की मांग की, तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए पल्ला झाड़ लिया। कानूनगो ने शिकायतकर्ताओं से दो टूक कहा, मेरे पास मत आओ, सीधे तहसीलदार के पास जाओ और वहीं से कार्रवाई करवाओ।

प्रशासनिक अधिकारियों की इस लापरवाही से साफ है कि खनन माफियाओं को स्थानीय तंत्र का पूरा संरक्षण प्राप्त है। मिट्टी लदे ओवरलोड ट्रैक्टरों के कारण ग्रामीण सड़कें टूट रही हैं और धूल के गुबार से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो चुका है। ग्रामीणों ने अब इस मामले की शिकायत सीधे लखनऊ के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर से करने का मन बनाया है, ताकि इस सिंडिकेट पर नकेल कसी जा सके।

## बाप-बेटे के झगड़े में मां की मौत, लोगों ने बेटे को हैंडपंप में बांधकर बुलाई पुलिस



**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** गुरूवार रात सआदतगंज इलाके में बाप से झगड़ा कर रहे बेटे को हटाने आई मां गिर पड़ीं, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने बेटे को हैंडपंप से बांधकर पुलिस बुला ली। पुलिस जब उसे हिरासत में ले जाने लगी तो चिल्लाने लगा- मुझे अम्मा का मुंह तो दिखा दो। घटना कटरा बिजन बेग चौकी क्षेत्र के तकिया पीर ज्ञान मोहल्ले की है। मोहल्ले के रईस अहमद का बेटा सलमान नशे का आदी है। वह गुरुवार रात करीब 10 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा। पिता ने सवाल पूछ लिया तो वह उनसे झगड़ा करने लगा।

इसी बीच मां जीनत उर्फ मरजाना (60) बीच-बचाव करने आ गईं। उन्होंने बीच-बचाव करना चाहा, लेकिन फिसल कर गिर पड़ीं और बेहोश हो गईं। लोग उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले गए लेकिन मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद लोग ट्रॉमा सेंटर से लौटकर और घर में शराब के नशे में बैठे बेटे को हैंडपंप से बांध दिया।

पुलिस बुलाई। पुलिस जब उसे ले जाने लगी तो वह चिल्लाने लगा- मुझे एक बार अम्मा का मुंह तो दिखा दो, मुझे एक बार अम्मा का मुंह तो दिखा दो। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सआदतगंज संतोष आर्य ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया महिला के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## आधी रात सड़क किनारे डिब्बे में फेंक गया नवजात

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर के पास आधी रात को गत्ते में 7 दिन की मासूम मिली है। बच्ची रो रही थी। रोने की आवाज सुनकर बच्ची के पास राहगीर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डिब्बा खोला तो बच्ची कॉटन के बीच रखी गई थी। बच्ची को गुलाबी टॉप और डायपर पहनाया गया था।

सूचना मिलते ही पीआरवी, गाजीपुर थाना पुलिस और सर्वोदय नगर चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपनी सुरक्षा में लिया। पुलिस के अनुसार करीब 11:40 बजे पीआरवी को नवजात बच्ची मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस टीम ने बच्ची को तत्काल अपने संरक्षण में लेकर उसकी स्वास्थ्य जांच कराई।

प्राथमिक जांच में बच्ची स्वस्थ बताई जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बच्ची को वहां छोड़कर जाने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और बच्ची की देखभाल के लिए संबंधित विभागों को भी सूचना दी गई है। पुलिस का कहना है कि नवजात को छोड़कर जाने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

## फैजुल्लागंज में बोरा फाउंडेशन व सेवा अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** स्वास्थ्य सेवाओं को सरल एवं सुगम तरीके से जन-जन तक पहुँचाने के अभियान मे जुटे बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में बाल निकुंज फैजुल्लागंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही साथ निःशुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए 89 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। स्थानीय निवासियों ने इस विशाल चिकित्सा शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के इस शिविर में 130 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस्कृतिक कार्यशालाओं में युवाओं को मिल रहा अनोखा अनुभव

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** इस दिनों स्कूलों, कालेजों में गर्मी की छुट्टिया चल रही है। ऐसे में बच्चों को कला और संस्कृति से जोड़ने के लिए संस्कृति विभाग पूर्व के भाांति इस वर्ष भी विशेष ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है। इनमें बच्चों, युवाओं और कला प्रेमियों को संगीत, नृत्य, नाटक, चित्रकला, लोककला और हस्तशिल्प जैसी विधाओं को सीखने का अवसर मिल रहा है। इसे लेकर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा गत 6 जून से 5 जुलाई तक एक माह के लिए विशेष रंगमंच कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, मंच संचालन, अभिव्यक्ति, संवाद अदायगी और रंगकर्म की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य संग्रहालय द्वारा 6 से 28 जून तक 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए हैप्पी आवर्स कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कहानी-कथन, चित्रकला, हस्तशिल्प, ट्रेजर हंट और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने और मनोरंजन का अनूठा अनुभव मिल रहा है। वहीं राज्य ललित कला अकादमी द्वारा 8 से 27 जून तक चित्रकला कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को चित्रांकन, रंग संयोजन और रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में एरा के तीन डाक्टर भी शामिल

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** एरा विश्वविद्यालय के तीन वैज्ञानिकों का चयन विश्व के पांच प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में किया गया है। साइरैंक ग्लोबल एक स्वतंत्र संस्था है जो विश्व भर के वैज्ञानिकों के शोध का अध्ययन कर वैश्विक स्तर पर शीर्ष वैज्ञानिकों की रैंकिंग जारी करती है। साइरैंक ग्लोबल डेटा को एकत्रित कर उसे व्यवस्थित करने और महत्वपूर्ण जानकारी निकाल उसे प्रमाणित करती है। साइरैंक ग्लोबल की ओर से हाल ही में जारी रैंकिंग में एरा विवि के डीन एमिरेट्स प्रो.एम.एम.ए. फरीदी के अलावा डॉ.शादाब रजा और डॉ. रूमाना अहमद का भी चयन साइरैंक ग्लोबल की ओर से पांच प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में हुआ है। एरा विवि की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी और एक दशक के भीतर ही संस्थान के तीन वैज्ञानिकों का चयन विश्व के पांच प्रतिशत श्रेष्ठ वैज्ञानिकों में हुआ है।

## 2027 तक बाल श्रम से मुक्त होगा उत्तर प्रदेश: अनिल राजभर

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस पर शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में श्रम एवं सेवा योजन विभाग द्वारा एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार के संकल्प पत्र में वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बालश्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य तय किया है।

प्रदेश के 15 जनपदों के 141 हॉट-स्पॉट-क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा चुका है। अनिल राजभर ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उनके शैक्षिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। बाल श्रम में संलिप्त बच्चों को मुक्त कराकर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है तथा उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के 15 जनपदों को दिसंबर तक बाल श्रममुक्त बनाए जाने की कार्यवाही चल रही है तथा वर्ष 2027 तक पूरे उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे, ताकि हमारे देश के भविष्य नौनिहालों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

इसे लेकर सरकार द्वारा अटल आवसीय विद्यालय संचालित किये जा रहे है, जिसमें वो समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है जो उच्चकाटि के विद्यालयों में है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, डॉ० एम0 के0 शन्मुगा सुन्दरम ने कहा कि आज 141 शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा रहा है।

## भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता हरिद्वार रवाना

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के 60 से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता हरिद्वार के लिए रवाना हुए। ये सभी नगराम की समेसी पंचायत से तीन दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने जा रहे हैं, जिसका आयोजन हरिद्वार में किया गया है। मोहनलालगंज क्षेत्र से गए इस दल का नेतृत्व जिला सचिव परसराम, तहसील अध्यक्ष इंद्रसेन लोधी, तहसील मीडिया प्रभारी अमरेश कुमार और ग्राम पंचायत अध्यक्ष समेसी सुंदरलाल रावत ने किया। नेताओं के अनुसार, 13, 14 और 15 जून को होने वाले इस शिविर में किसानों की प्रमुख समस्याओं, संगठन के विस्तार, किसान हितों की सुरक्षा और भविष्य की रणनीतियों पर गहन चर्चा की जाएगी।

## बुजुर्ग को फर्जी तरीके से मृत घोषित कर बेटों के नाम कर दी करोड़ों की जमीन

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के बाबू खेड़ा गांव में एक बुजुर्ग काश्तकार को राजस्व अभिलेखों में फर्जी तरीके से मृत दर्शाकर उनकी करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन बेटों के नाम वरासत करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

मोहनलालगंज के बाबू खेड़ा मजरा रघुनाथ खेड़ा निवासी बुजुर्ग किसान काशी प्रसाद ने 6 जून को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विशाख जी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने उन्हें फर्जी तरीके से खतौनी में मृतक दर्ज कर उनकी बेशकीमती जमीन बेटों के नाम वरासत कर दी।

शिकायत के बाद उनकी जमीन पुनः उनके नाम दर्ज कर दी गई, लेकिन पूरे फर्जीवाड़े में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार ऋतुराज शुक्ल को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके तहसील प्रशासन ने अब तक मामले की जांच शुरू नहीं की है, जिससे पीड़ित किसान और ग्रामीणों में नाराजगी है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, बाराबंकी

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

पत्रांक : 1462 / 10ए / ई टेण्डरिंग / 2026 दिनांक :– 08.06.2026

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बाराबंकी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 15.06.2026 से दिनांक 22.06.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड दिनांक 22.06.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जाएगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाए गए ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है:–

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बाराबंकी | **मरकामऊ से लहड़ा सम्पर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त ह्यूम पाईप पुलिया के स्थान पर 2x2 मी0 बाक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य।** (ग्रा0मा0) | 28.83 | 2.90 | 944.00 | 2 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड नं0–1, लो0नि0वि0, बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0–अम्बे0 वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |

3 वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।

4 निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न .निविदा सूचना में उपलब्ध है।

5 लोक निर्माण अनुभाग–7 के शासनादेश सं0–86 / 2026 / 649 / 2026 / 23–7099 / 106 / 2025 दिनांक 23.05.2026 द्वारा प्रहरी पोर्टल पर निहित शर्तों के अनुसार तकनीकी मूल्यांकन एवं धरोहर धनराशि लिया जायेगा।

(दीपक कुमार चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
बाराबंकी

U.P. 252526 dt. 12/06/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## रोक के बावजूद मदरसों में हुई 45 नियुक्तियां

**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार द्वारा लगाई अनुदानित मदरसों में भर्ती पर रोक के बावजूद अल्पसंख्यक विभाग द्वारा 45 नियुक्तियां की गईं। शिकायत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को तलब करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार ये नियुक्तियां पिछले साल की गई हैं।

उस समय मदरसों में भर्ती पर राज्य सरकार ने रोक लगाई हुई थी। मानवाधिकार कार्यकर्ता तलहा अंसारी ने आयोग को भेजी नई शिकायत में कहा है कि अप्रैल से मई 2025 की बीच तत्कालीन रजिस्ट्रार ने 45 से अधिक नियुक्तियां की हैं। यह तब है जब राज्य सरकार ने नियुक्तियों पर रोक लगा रखी है। शिकायत में आरोप हैं कि मदरसा अरबिया अशरफुल उलूम प्रयागराज,

> जिन प्रकरणों की शिकायतें आयी हैं, उनकी जांच पहले से ही चल रही है। कुछ मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। शिकायतकर्ता तलहा अंसारी का कहना है कि उन्होंने सारे दस्तावेज आयोग को भेजे हैं। आयोग की नोटिस का जवाब विधिक राय के अनुसार दी जायेगी।
>
> **शीलधर यादव, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उप्र**

आलिया मिस्बाहुल उलूम प्रयागराज, बहरूल उलूम ओरिएंटल कालेज गाजीपुर, मदरसा अल्जामेअतुल अरबिया गौसिया कानपुर, मदरसा दारुल उलूम अयोध्या, मदरसा इस्लामिया अरबिया बहरुल बाराबंकी में नियुक्तियां की गई हैं। वहीं, सूत्रों के मुताबिक इनमें से कई नियुक्तियों की जांच पहले से ही अल्पसंख्यक निदेशालय के स्तर पर चल रही है।

यूपी सरकार के अनुसार मदरसों में शिक्षकों की भर्ती आयोग से करवाने की तैयारी है। अभी तक मदरसों में भर्ती प्रक्रिया प्रबंधन समिति द्वारा होती थी, लेकिन अब इसे केंद्रीकृत किया जा रहा है। अब उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में मदरसों में भर्ती भी शिक्षा सेवा चयन आयोग के माध्यम से होने की तैयारी है, जिसमें यूपी टेट जैसे पात्रता परीक्षायें और इंटरव्यू शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश में 15 हजार मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हैं, जिनमें 12 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। इनमें अब आयोग के अनुसार टीचरों की भर्ती की जाने की तैयारी है। प्रदेश सरकार द्वारा अनुदानित मदरसों की शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों के विरुद्ध 50 से अधिक शिकायतें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में की गयी हैं।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सरोजनीनगर, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** सरोजनीनगर के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान, साक्षरता निकेतन, लखनऊ तथा शिव संस्कृति कला फाउंडेशन कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन, बाल अधिकारों की सुरक्षा तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सौरभ कुमार खरे ने प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं अन्य टोल-फ्री नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई नाबालिग बालक या बालिका बाल श्रम करते हुए अथवा संदिग्ध परिस्थितियों में दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन पर दें। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता चाहें तो अपनी पहचान गोपनीय भी रख सकते हैं, जिससे बच्चों के शोषण पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। शिव संस्कृति कला फाउंडेशन प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को कौशल प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री मिठू राय ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के महत्व, इसकी पृष्ठभूमि तथा बाल श्रम उन्मूलन में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-55/अधि0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दिनांक 23.06.2026 को 12:00 अपराह्न तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को समय 03:30 बजे अपराह्न निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र तथा कार्य से सम्बन्धित समस्त विवरण मुल्य जमा करने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में दिनांक 17.06.2026 से 23.06.2026 को समय 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यदि निविदा प्रपत्र डाक द्वारा प्रेषित की जाती है तो निविदा विलम्ब से पहुँचने पर कोई उत्तरदायियत्व इस कार्यालय का नहीं होगा। निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण/जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैशियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्वघोषणा शपथ पत्र (IDT-3), के समस्त अभिलेखों को जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि, एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक हो, लिफाफे बन्द करके निविदा के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ रू0 100 के जनरल स्टैम्प पेपर पर एक रूपये का राजस्व टिकट चिपका कर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर दरों की वैधता सम्बन्धी इकरारनाम संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घटाई-बढाई जा सकती है, निविदा के साथ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र निविदादाता के हस्ताक्षर किये हुये होना चाहिये एवं अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ के नाम बन्धक होगी तथा नियमानुसार देय दर के अनुसार स्टैम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। निविदा दरें 03 माह के लिये वैध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य+G.S.T+ स्टेशनरी चार्ज (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | Supply and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm size from Lalkuan Nainital quarry to District-Lucknow including cost of royalty, loading, unloading and Stacking at Site under project "1750 R&R State tubewells Project" district- Lucknow. (G.S.T Extra 5%) | 90 $M^3$ | 6.54 | 13100.00 | 03 माह | 225.00+ GST नियमानुसार + 500.00 | "ए" श्रेणी (यॉत्रिक) अथवा उच्च |

नोट- मैनुअल अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(गौरव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,लखनऊ

U.P. 252488 dt. 12/06/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# राम सागर मिश्र चिकित्सालय पहुंचे नर्सेस संघ के महामंत्री

## सीएमएस से मुलाकात कर की नर्सिंग स्टाफ के सृजित पदों पर चर्चा

- 15 नर्सिंग ऑफिसर एजेंसी के माध्यम से हैं कार्यरत
- जानकीपुरम ट्रामा सेंटर में भी पर्याप्त मैनपावर की कमी : अशोक



**लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)।** सीतापुर रोड स्थित साढ़ामऊ, रामसागर मिश्र चिकित्सालय में शुक्रवार को राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री अशोक कुमार ने पहुंचकर चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग से मुलाकात की साथ ही उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीके. शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वार्ता के दौरान चिकित्सालय में नर्सिंग स्टाफ के सृजित पदों एवं वर्तमान में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों की संख्या में भारी असमानता पर चिंता व्यक्त की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में मैट्रन के दो पद सृजित हैं, किंतु दोनों पद वर्तमान में रिक्त हैं।

सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के छःपदों में से चार पद रिक्त हैं, जबकि नर्सिंग ऑफिसर के नियमित पद सृजित ही नहीं किए गए हैं। इसके स्थान पर पंद्राह नर्सिंग ऑफिसर एजेंसी के माध्यम से कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एनएचएम के आठ स्वीकृत पदों के सापेक्ष केवल छःनर्सों की नियुक्ति की गई है। अशोक कुमार ने चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग द्वारा सीमित संसाधनों और कम स्टाफ के बावजूद किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की,साथ ही लगातार बढ़ते कार्यभार पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग कर्मियों की भारी कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि प्रदेश के विभिन्न चिकित्सालयों के साथ-साथ जानकीपुरम ट्रामा सेंटर में भी पर्याप्त मैनपावर उपलब्ध कराया जाए,जिससे सरकार द्वारा स्थापित आधुनिक एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों का लाभ आमजन को और अधिक प्रभावी एवं सुविधाजनक रूप से मिल सकें।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 13 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी

## भारत की चुप्पी !

होर्मुज की खाड़ी में अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत ने न केवल भारत को झकझोर दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलताओं को भी उजागर कर दिया है। ईरान ने इस घटना पर खुलकर अमेरिका की निंदा की और भारत के प्रति सहानुभूति जताई, जबकि भारत ने अमेरिका का नाम लिए बिना ही अपनी चिंता व्यक्त की। यह विरोधाभास कूटनीति की सीमाओं और राष्ट्रीय हितों की प्राथमिकताओं को रेखांकित करता है। एमटी सैटबोलो टैंकर पर हुए अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविक आदित्य शर्मा, सुरेश पटनाला और शिवानंद चौरसिया शहीद हो गए। अमेरिका ने दावा किया कि जहाज ईरानी तेल ले जा रहा था और ब्लॉकेड का उल्लंघन कर रहा था, लेकिन यह स्पष्ट है कि व्यापारिक जहाजों पर ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का उल्लंघन हैं। 21 भारतीय नाविकों को बचाया गया, लेकिन तीन युवा जीवन हमेशा के लिए चले गए। इनमें 23 वर्षीय आदित्य शर्मा जैसे युवा शामिल थे, जिनके परिवार अब अकेले खड़े हैं। यह घटना मात्र एक आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि अमेरिका-ईरान तनाव का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसमें तीसरे देशों के नागरिक फंस रहे हैं। ईरान ने इस पर खुलकर प्रतिक्रिया दी। उसके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिका के हमलों को ₹सशस्त्र डकैती₹ और 'राज्य-प्रायोजित समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान ने भारत के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका को जवाबदेह ठहराने की अपील की। यह ईरान की रणनीति का हिस्सा माना जा सकता है कि वह भारत को अपने पक्ष में खींचना चाहता है, खासकर जब भारत ईरान का प्रमुख तेल आयातक रहा है और चाबहार बंदरगाह जैसे प्रोजेक्ट्स में सहयोगी है। ईरान की 'खरी-खरी' सुनाने की शैली उसके पारंपरिक विदेश नीति स्वर को दर्शाती है, जो अमेरिका-विरोधी मोर्चे पर स्पष्ट है। दूसरी ओर, भारत की प्रतिक्रिया अमेरिका का नाम लिये बिना आश्चर्य जनक रहा। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी चार्ज डी एफेयर्स को तलब किया, गहरी चिंता जताई और समुद्री सुरक्षा की मांग की, लेकिन सार्वजनिक बयानों में अमेरिका का सीधा नाम लेने से परहेज किया। यह भारत की परंपरागत कूटनीति नही रही है बहुपक्षीय संतुलन बनाए रखना तो समझ में आता लेकिन अपने नागरिको के जान गवां कर चुप्पी समझ से परे है। माना कि भारत अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदार है (क्वाड डिफेन्स डील), साथ ही रूस-ईरान-चीन ब्लॉक से भी ऊर्जा और रक्षा संबंध जोड़े हुए है। लेकिन क्या यह चुप्पी पर्याप्त है? 3 लाख से अधिक भारतीय नाविक विश्व के उच्च जोखिम वाले समुद्री मार्गों पर कार्यरत हैं। उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह घटना भारत के लिए कई सबक लाती है। पहला, विदेश नीति में 'सभी के साथ, किसी के साथ नहीं' का सिद्धांत अब चुनौतीपूर्ण हो गया है। जब भारतीय जान जा रही है, तो मौन की जगह मजबूत कूटनीतिक दबाव और बहुपक्षीय मंचों (यूएन, आईएमओ) पर आवाज उठानी चाहिए। दूसरा, भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए बेहतर बीमा, प्रशिक्षण और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था जरूरी है। तीसरा, ऊर्जा सुरक्षा पर पुनर्विचारऔर ईरानी तेल पर निर्भरता और खाड़ी क्षेत्र की अस्थिरता दोनों को संतुलित करना होगा। ईरान का खुला साथ भारत के लिए सांत्वना हो सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं। भारत को स्वतंत्र, आत्मनिर्भर विदेश नीति अपनानी होगी, जहां नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि हो। तीन युवा नाविकों की मौत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। सरकार को इस दुखद घटना से सबक लेकर समुद्री भारतीयों के हितों की रक्षा करनी होगी, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियां दोहराई न जाएं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी स्थायी नहीं होते, हित स्थायी होते हैं। भारत को अब अपने हितों की स्पष्ट वकालत करनी होगी, चाहे वह ईरान का खुला समर्थन हो या अमेरिका के साथ सतर्क संतुलन।

### करवा दिया इनकी हार !



कृष्णेन्द्र राय

मौका मिला था, सीट गवां बैठे ।
था होना कड़क, पड़े नरम ।।
अपनों ने ही आंखें दिखा दी हैं ।
राज्यसभा चुनाव टूटा भरम ।।
वादे-वफा पर ना है यकीन ।
जाने लगी है बहार ।।
सच्ची मोहब्बत है ऊपर से ।
करवा दिया इनकी हार ।।
कांटे हैं राहों में, चुभते निगाहों में ।
कर ही दिया जो करना ।।
होंगे मेरे सब चाहने वाले ।
फिर भी ये संकट यहां ।।
जीती बाजी भी हार रहे हम ।
दें कितना और इम्तेहान ।।
हम वो दीवाने हैं, लड़ते ही जाएंगे ।
ना पीछे हटना ।।

### सूडोकु नवताल- 7824

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7823 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# गृहिणी राष्ट्रनिर्माता है तो हिंसा की शिकार क्यों ?



ललित गर्ग

**भारतीय समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के दावे लंबे समय से किए जाते रहे हैं। उन्हें 'आधी आबादी' और विकास की समान भागीदार कहा जाता है। शिक्षा, रोजगार, राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जाती हैं।**

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की प्रतिबद्धता जताई जाती है। सरकारें महिला सशक्तीकरण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करती हैं और समाज भी महिलाओं की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करता है। लेकिन इन सबके बीच कुछ ऐसे तथ्य सामने आते हैं, जो हमें इस सशक्तीकरण के वास्तविक स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए विवश करते हैं।

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने गृहिणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें 'नेशन बिल्डर' अर्थात राष्ट्रनिर्माता कहा। न्यायालय ने यह भी माना कि घरेलू कार्यों और परिवार की देखभाल में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले श्रम का आर्थिक मूल्य है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़े बताते हैं कि देश में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक चौथी तथा शहरी क्षेत्रों की प्रत्येक छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार होती है। यह स्थिति एक गहरे विरोधाभास को उजागर करती है। जिस महिला को राष्ट्रनिमार्ता कहा जा रहा है, वही महिला अपने घर, परिवार और समाज में असुरक्षा और हिंसा का सामना करने को विवश है।

सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय भारतीय समाज में महिलाओं के अवैतनिक श्रम को मान्यता देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सदियों से गृहिणियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को केवल कर्तव्य या प्रेम का विस्तार मान लिया गया।

घर की सफाई, भोजन बनाना, बच्चों का पालन-पोषण, बुजुर्गों की सेवा, परिवार के स्वास्थ्य और संस्कारों की रक्षा, घरेलू प्रबंधन और सामाजिक संबंधों का निर्वहन-इन सभी कार्यों को महिलाओं का स्वाभाविक दायित्व माना गया। परिणामस्वरूप उनके श्रम को कभी आर्थिक दृष्टि से नहीं आंका गया। वास्तव में यदि किसी परिवार में गृहिणी द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त किया जाए, तो उस पर भारी आर्थिक व्यय आएगा। इसके बावजूद गृहिणी के श्रम को न तो वेतन मिलता है और न ही सामाजिक मान्यता। वह चौबीस घंटे और वर्ष के तीन सौ पैंसठ दिन कार्यरत रहती है। उसका कोई अवकाश नहीं होता, कोई पदोन्नति नहीं होती और कोई सेवानिवृत्ति नहीं होती। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना कि गृहिणी केवल परिवार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देती है, सामाजिक चेतना को नई दिशा देने वाला विचार है।

न्यायालय ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामले में गृहिणी की सेवाओं का मूल्यांकन न्यूनतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह के आधार पर करने की बात कही। यह केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता को चुनौती है जो घरेलू श्रम को महत्वहीन समझती रही है। वास्तव में महिलाओं का यह अदृश्य श्रम देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। यदि इस श्रम का आर्थिक मूल्यांकन किया जाए और उसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शामिल किया जाए, तो भारत की अर्थव्यवस्था की तस्वीर काफी बदल सकती है। लेकिन इसी संदर्भ में दूसरा पक्ष और भी अधिक चिंता पैदा करता है। जिस महिला के योगदान को सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्र निर्माण का आधार मान रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सफल 12 वर्ष के रिकार्ड प्रधानमंत्री शासन की आयोजनाओं के अवसर पर महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सम्मान की अधिकारी मान कर रहे हैं, क्या उसे वह सम्मान, सुरक्षा और गरिमा प्राप्त है जिसकी वह अधिकारी है? दुर्भाग्य से इसका उत्तर संतोषजनक नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज भी एक गंभीर सामाजिक समस्या बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक चौथी महिला और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक छठी महिला हिंसा का सामना करती है। 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में लगभग 22 प्रतिशत ने स्वीकार किया है कि उन्हें वैवाहिक जीवन में घरेलू हिंसा झेलनी पड़ी। यह स्थिति एक गहरे विरोधाभास को उजागर करती है।

जिस महिला को राष्ट्रनिमार्ता कहा जा रहा है, वही महिला अपने घर, परिवार और समाज में असुरक्षा और हिंसा का सामना करने को विवश है। यह स्थिति तब है जब महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए जा चुके हैं और महिला अधिकारों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि यदि कानून मौजूद हैं, योजनाएं चल रही हैं और महिला सशक्तीकरण को राष्ट्रीय एजेंडा बनाया जा चुका है, तो फिर महिलाओं के खिलाफ हिंसा क्यों नहीं रुक रही? आखिर क्यों घर से लेकर कार्यस्थल तक महिलाएं स्वयं को पूर्णतः सुरक्षित महसूस नहीं कर पातीं? इसका उत्तर केवल कानूनी व्यवस्था में नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता में छिपा है। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी पितृसत्तात्मक सोच से प्रभावित है।

महिलाओं को परिवार की धुरी तो माना जाता है, लेकिन निर्णय लेने की स्वतंत्रता और समान अधिकार देने में संकोच किया जाता है। एक ओर उनके श्रम पर परिवार की पूरी व्यवस्था निर्भर रहती है, दूसरी ओर उनके योगदान को पर्याप्त सम्मान नहीं मिलता। यही मानसिकता कई बार घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और सामाजिक भेदभाव का कारण बनती है।

आज भी दहेज प्रथा समाज पर कलंक बनी हुई है। अनेक शिक्षित परिवारों में भी दहेज की मांग और उससे जुड़े अपराध सामने आते हैं। हाल के वर्षों में दहेज हत्या और उत्पीड़न के अनेक मामले राष्ट्रीय चर्चा का विषय बने हैं। यह विडंबना ही है कि एक लड़की की शिक्षा, पालन-पोषण और विवाह पर भारी व्यय करने वाले माता-पिता को विवाह के समय अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने के लिए मजबूर किया जाता है। यह केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान पर सीधा आघात है।

इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर प्रताड़ित करने, यौन हिंसा, बाल विवाह, मानव तस्करी और लैंगिक भेदभाव जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अंधविश्वासों तथा सामाजिक पिछड़ेपन के कारण महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अधिक दिखाई देती हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि आर्थिक विकास के बावजूद सामाजिक चेतना का विकास अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। महिला सशक्तीकरण को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व या आर्थिक अवसरों तक सीमित नहीं किया जा सकता। सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ है-सम्मान, सुरक्षा, समान अवसर और स्वतंत्र निर्णय क्षमता।

यदि कोई महिला आर्थिक रूप से सक्षम है, लेकिन घर में हिंसा का शिकार है, तो उसे पूर्णतः सशक्त नहीं कहा जा सकता। इसी प्रकार यदि उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल जाए, लेकिन सामाजिक सम्मान न मिले, तो भी सशक्तीकरण अधूरा रहेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला सशक्तीकरण को बहुआयामी दृष्टि से देखा जाए। महिलाओं के घरेलू श्रम को मान्यता देने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालयों और परिवारों में लैंगिक समानता के संस्कार विकसित किए जाएं। पुरुषों और लड़कों को भी इस परिवर्तन प्रक्रिया का भाग बनाया जाए।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह, वीर चक्र 'मरणोपरान्त'



हरी राम यादव

उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ की धरती जिसके कण कण में आत्मसम्मान और पानी की बूंद बूंद में देशभक्ति की भावना भरी हुई है। इसी मेरठ की धरती पर में 1857 की क्रांति की चिंगारी फूटी थी और ज्वाला बन गई, जिसने अंग्रेजों के साम्राज्य को जला कर राख कर दिया।

यदि हम मेरठ की भूमि को क्रांति धरा कहें तो अतिशयोक्ति न होगी। इसी मेरठ की धरती पर कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह का जन्म 04 जनवरी 1960 को गांव सिरसली में श्रीमती तारावती तथा श्री गिरवर सिंह के यहाँ हुआ था। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गाँव से और उच्च शिक्षा शाहमल इंटर कालेज से पूरी की और 29 जून 1979 को भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स में भर्ती हो गये। राजपूताना राइफल्स ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात वह 2 राजपूताना राइफल्स में पदस्थ हुए।

सन 1999 के ऑपरेशन विजय के दौरान 2 राजपूताना राइफल्स को द्रास सेक्टर में तैनात किया गया था । इसी 2 राजपूताना राइफल्स की चार्ली कंपनी तोलोलिंग टॉप पर देश के दुश्मनो को खदेड़ने के लिए जी जान से आक्रमण कर रही थी। इन हमलों के दौरान 2 राजपूताना राइफल्स के कई अधिकारी और जवान घायल हो चुके थे। दोनों तरफ से हो रही भीषण लड़ाई में कंपनी पहले ही प्लाटून कमांडर और कंपनी कमांडर को खो चुकी थी लेकिन 2 राजपूताना राइफल्स की चार्ली कंपनी के जोश के आगे पाकिस्तानी सैनिकों की एक न चली। तोलोलिंग टॉप पर मौजूद लगभग सभी पाकिस्तानी सैनिक भारतीय सेना के हांथों मारे जा चुके थे और तोलोलिंग टॉप पर 2 राजपूताना राइफल्स की चार्ली कंपनी ने पुनः कब्जा जमा लिया था। कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह को तोलोलिंग टॉप पर कंपनी के हमले के दौरान हताहतों की निकासी का काम सौंपा गया था।

तोलोलिंग टॉप पर कंपनी के बचे हुए सैनिकों को दुश्मन द्वारा घेरे जाने का खतरा था। 12-13 जून 1999 को तोलोलिंग टॉप पर अपने सैनिकों की गंभीर स्थिति



और उनके लक्ष्य की सफलता में छिपे हुए खतरे को देखते हुए कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह ने अपनी कंपनी के बचे हुए सैनिकों को इकट्ठा किया और तोलोलिंग टॉप पर पहुंचे। टॉप पर पहुंचने के बाद उन्होंने सैनिकों को तुरंत एक सेक्शन के रूप में संगठित किया और उसकी कमान संभाल ली। कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह ने देखा कि तोलोलिंग टॉप पर दुश्मन का एक बंकर बचा हुआ था जो कि चार्ली कंपनी के लिए खतरा था, इसलिए उन्होंने सभी जवानों के पास बचे हुए ग्रेनेड को एकत्रित किया और दुश्मन के बंकर की ओर दौड़ पड़े। आगे बढ़ते हुए उन्होंने पाकिस्तानी सेना के बंकर में ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए। उनके इस साहसिक निर्णय को देखकर दुश्मन आवाक रह गया। इस दौरान बंकर में मौजूद दुश्मन ने उन पर भीषण फायरिंग करना शुरू कर दिया। कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह द्वारा उस बंकर में कुल 18 ग्रेनेड फेंकने के बाद वह बंकर पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया। इस वीरतापूर्ण कार्य में कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और अत्यधिक रक्त बहने के कारण वह सदा सदा के लिए चिर निद्रा में लीन हो गए । उनके इस साहसिक निर्णय और दुश्मन पर इस आखिरी निर्णायक प्रहार के कारण ही तोलोलिंग टॉप पर तिरंगा लहराया। कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह ने युद्ध में दुश्मन के सामने अनुकरणीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। 15 अगस्त 1999 को उनके साहस और वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत देश के तीसरे सबसे बड़े वीरता सम्मान वीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को उनकी वीरांगना श्रीमती मुनेश देवी ने ग्रहण किया।

कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह की स्मृति में उनके गांव सिरसली में एक स्मृति द्वार का निर्माण करवाया गया है जहाँ पर उनकी प्रतिमा लगाई गई है तथा इनके नाम पर एन एच 58 पर सरकार द्वारा आवंटित पेट्रोल पम्प का भी नामकरण किया गया है। कंपनी हवलदार मेजर यशवीर सिंह कबड्डी के नेशनल प्लेयर भी रहे हैं। इनके परिवार में इनकी पत्नी श्रीमती मुनेश देवी और दो पुत्र उदय और पंकज तथा इनके बच्चे हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# क्यों पहाड़ों पर ही रह जाते हैं पर्वतारोहियों के शव ?



महेन्द्र तिवारी

माउंट एवरेस्ट, जो कि संसार की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है, सदियों से इंसानी साहस और महत्वाकांक्षा का प्रतीक रही है। समुद्र तल से 8848 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस बर्फीले शिखर को छूने का सपना दुनिया भर के अनगिनत साहसी पर्वतारोही देखते हैं। लेकिन इस खूबसूरत चोटी के पीछे एक अत्यंत डरावना और कड़वा सच भी छिपा हुआ है। इस पर्वत पर विजय पाने की कोशिश में अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, और उनमें से 200 से अधिक पर्वतारोहियों के मृत शरीर आज भी उसी बर्फीली ऊंचाई पर पड़े हुए हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आधुनिक विज्ञान और उन्नत तकनीक के इस युग में भी उन शवों को नीचे लाकर उनके परिवारों को सौंपना संभव नहीं हो पाया है।

इसके पीछे प्रकृति की अत्यंत क्रूर परिस्थितियां, इंसानी शरीर की जैविक सीमाएं और विज्ञान के कुछ अकाट्य नियम काम कर रहे हैं जो इंसानी ताकत को घुटने टेकने पर मजबूर कर देते हैं। एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान सबसे भयानक चुनौती उस समय शुरू होती है जब कोई पर्वतारोही 8000 मीटर की ऊंचाई की अदृश्य सीमा को पार करता है। पर्वतारोहण की दुनिया में इस ऊंचाई से ऊपर के पूरे क्षेत्र को मृत्यु क्षेत्र के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहाँ की परिस्थितियां जीवन के अनुकूल नहीं हैं।

इस ऊंचे क्षेत्र में वायुमंडलीय दबाव इतना कम हो जाता है कि हवा में जीवनदायिनी ऑक्सीजन की मात्रा समुद्र तल के मुकाबले केवल 33 प्रतिशत रह जाती है। इतनी कम ऑक्सीजन में मानव शरीर की कोशिकाएं धीरे-धीरे मरने लगती हैं और मस्तिष्क तथा फेफड़ों में पानी भरने का जानलेवा खतरा बढ़ जाता है। इस स्थान पर खड़े रहकर सांस लेना भी अपने आप में एक महायुद्ध लड़ने जैसा होता है और कृत्रिम ऑक्सीजन के बिना यहाँ कुछ घंटे भी जीवित रहना असंभव है।

ऐसी स्थिति में पर्वतारोहियों का पूरा ध्यान और ऊर्जा केवल अपने आप को जीवित रखने पर केंद्रित होती है। जब इस ऊंचाई पर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके साथी या मार्गदर्शक चाहकर भी उसके शरीर को हिलाने या साथ ले जाने की स्थिति में नहीं होते हैं, क्योंकि वहाँ दूसरों की मदद करने का प्रयास करना सीधे तौर पर अपनी मौत को आमंत्रण देने जैसा होता है।

इस बर्फीले साम्राज्य में मौत के बाद मानव शरीर की जो भौतिक स्थिति बनती है, वह शवों को नीचे न ला पाने का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। एवरेस्ट के ऊपरी हिस्सों में तापमान अक्सर शून्य से 30 डिग्री से लेकर शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस नीचे तक चला जाता है। इस अत्यधिक ठंड के कारण मृत्यु के तुरंत बाद मानव शरीर के भीतर का सारा तरल पदार्थ जम जाता है और शरीर पूरी तरह से पत्थर की तरह सख्त हो जाता है। इसके अलावा पर्वतारोहियों के विशेष भारी कपड़े, जूते और अन्य उपकरण भी आसपास की बर्फ और नमी को सोखकर शरीर के साथ ही पूरी तरह से जम जाते हैं। इस प्राकृतिक शीतलन प्रक्रिया के कारण एक सामान्य मानव शरीर का वजन जीवित अवस्था के मुकाबले बढ़कर 100 किलोग्राम से लेकर 150 किलोग्राम तक हो जाता है।

इतनी तीव्र ढलान वाली, फिसलन भरी और खतरनाक बर्फीली चट्टानों पर 150 किलोग्राम के एक भारी पत्थर जैसे सख्त शव को खींचना या उठाना पूरी तरह से नामुमकिन कार्य बन जाता है। बर्फ के साथ जुड़ जाने के कारण ये शव पर्वतीय सतह का ही एक हिस्सा बन जाते हैं, जिन्हें वहां से अलग करने के लिए कुल्हाड़ियों से बर्फ को काटना पड़ता है। एक मृत शरीर को इतनी ऊंचाई और विकट परिस्थितियों से नीचे सुरक्षित लाने के लिए कम से कम 6 से लेकर 10 अत्यंत कुशल, शारीरिक रूप से सुदृढ़ और स्थानीय पहाड़ी गाइडों की आवश्यकता होती है, जिन्हें शेरपा कहा जाता है। जब ये शेरपा मृत्यु क्षेत्र में इतने भारी वजन को उठाने या खींचने का प्रयास करते हैं, तो उनके अपने शरीर की ऊर्जा और कृत्रिम ऑक्सीजन बहुत तेजी से समाप्त होने लगती है।

भारी वजन के साथ खड़ी बर्फ पर संतुलन बनाना बेहद कठिन होता है और पैर फिसलने की एक छोटी सी चूक पूरे बचाव दल को हजारों फीट गहरी खाई में गिरा सकती है। पर्वतारोहण के इतिहास में ऐसे कई दुखद उदाहरण दर्ज हैं जहाँ दूसरों के शवों को बचाने या नीचे लाने के प्रयास में रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने खुद अपनी अमूल्य जान गंवा दी। इसी वजह से पर्वतारोहण समुदायों में यह कठोर नियम सर्वमान्य माना जाता है कि जीवित लोगों की सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि रहेगी और किसी मृत शरीर को वापस लाने के लिए जीवित इंसानों की जान को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। भौगोलिक और शारीरिक चुनौतियों के अलावा, एवरेस्ट से किसी शव को नीचे लाने का अभियान आर्थिक रूप से भी एक बहुत बड़ा वित्तीय बोझ होता है।

इस तरह के विशेष और अत्यधिक खतरनाक बचाव कार्यों को आयोजित करने का खर्च 30000 अमेरिकी डॉलर से लेकर 100000 अमेरिकी डॉलर तक हो सकता है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 25 लाख से लेकर 85 लाख रुपये या उससे भी अधिक बैठता है। इतनी भारी धनराशि खर्च करने के बाद भी इस बात की कोई न्यूनतम गारंटी नहीं होती कि शव को सुरक्षित नीचे लाया जा सकेगा।

कई बार मौसम अचानक खराब हो जाता है, जिससे पूरा मिशन बीच में ही छोड़ना पड़ता है। इसके साथ ही, एवरेस्ट पर चढ़ने और उतरने के लिए पूरे वर्ष में केवल कुछ ही दिनों का समय मिलता है जिसे मौसम की अनुकूल खिड़की कहा जाता है। यह समय आमतौर पर मई के महीने में केवल कुछ दिनों के लिए आता है। इस बेहद संक्षिप्त समय सीमा में सैकड़ों पर्वतारोही शिखर पर पहुंचने की कतार में होते हैं, और ऐसे में किसी शव को खोजने और लाने के लिए मार्ग को अवरुद्ध करना या समय नष्ट करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होता है।

इस बेहद दुखद स्थिति का एक और दार्शनिक और कड़वा पहलू यह है कि समय के साथ ये शव एवरेस्ट के रास्तों के स्थायी निशान या संकेतक बन गए हैं। पर्वत पर चढ़ने वाले नए पर्वतारोही इन शवों को देखकर अपने मार्ग, ऊंचाई और दूरी का अंदाजा लगाते हैं। उदाहरण के लिए, एक प्रसिद्ध शव जिसे हरे जूते वाले पर्वतारोही के नाम से जाना जाता है, वह एक भारतीय पर्वतारोही का माना जाता है, जो 1996 के एक भयानक बर्फीले तूफान में मारे गए थे। इसी तरह एक और शव है, जिसे लोग सोती हुई सुंदरी के नाम से याद करते हैं। ये शव वहाँ आने वाले हर इंसान को प्रकृति की सर्वोच्चता और मानव जीवन की क्षणभंगुरता की लगातार याद दिलाते रहते हैं। कई परिवारों ने भी अंततः इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार कर लिया है और वे चाहते हैं कि उनके प्रियजनों का शव उसी पर्वत की गोद में हमेशा के लिए विश्राम करे।

एवरेस्ट का यह डरावना सच हमें यह सिखाता है कि मानव विज्ञान और तकनीक चाहे कितनी भी प्रगति कर ले, लेकिन इस ब्रह्मांड में कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ केवल प्रकृति के क्रूर नियम चलते हैं और वहां इंसान की जिद की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। मौत के बाद भी नीचे न लाए जा सकने वाले ये शव एवरेस्ट के गौरव के साथ जुड़े उस अनंत सन्नाटे को बयां करते हैं जो इंसानी अहंकार को अपनी सीमाओं में रहने की चेतावनी देता रहता है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृष-** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें।

**कर्क-** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह-** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या-** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुला-** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**वृश्चिक-** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**धनु-** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर-** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुम्भ-** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

**मीन-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सीएम योगी आज देंगे एक हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर 13 जून को आएंगे और गोरखनगरी को करीब एक हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें साइंस म्यूजियम, मल्टीपरपज हॉल व मिनी ऑडिटोरियम, साहित्य पार्क, स्मार्ट सिटी सहित सड़क की 474 करोड़ परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है।प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री 13 जून को अपराह्न तीन बजे बड़हलगंज के महुआपार में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मंच से ही करीब 300 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। 14 जून को शाम पांच बजे से मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में करीब 700 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसमें नगर निगम की 474 करोड़ की लागत से 174 परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री 444.04 करोड़ की 144 योजनाओं का शिलान्यास और 30.42 करोड़ की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

-प्रमुख कार्य जिनका होगा शिलान्यासनगर निगम में मल्टीपरपज हॉल व मिनी ऑडिटोरियम, हरिसेवकपुर नंबर दो में साहित्य पार्क, गोरखपुर विश्वविद्यालय के पास साइंस म्यूजियम, गुलरिहा में कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं एंटरटेनमेंट जोन, शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण एवं विस्तार, राप्तीनगर व कोइलहवा मोड़ पर रैन बसेरे का निर्माण, विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली और पेयजल व्यवस्था। इन कार्यों का होगा लोकार्पणमहादेव झारखंडी और स्पोर्ट्स कॉलेज व झुंगिया पोखरा का सुंदरीकरण कार्य, अन्य जलाशयों के विकास कार्य, विभिन्न वार्डों में पार्क निर्माण, टाउन हॉल रेस्टोरेशन परियोजना, नगर निगम के पुराने भवन स्थित सदन हॉल को संग्रहालय के रूप में विकसित करने का कार्य प्रमुख है। नगर निगम के मुख्य अभियंता अमित शर्मा ने बताया कि 14 जून को नगर निगम की 474 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास मुख्यमंत्री के हाथों स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में प्रस्तावित है।

## डीएम व एसएसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**बड़हलगंज,गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** विधानसभा चिल्लूपार के महुआपार में 300 करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात लेकर आ रहे प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों के लिये पार्टी कार्यकर्ताओं सहित प्रशासन ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है।

शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर मंच आदि की तैयारियों का जायजा लेने भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी सहित जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं एसएसपी डा. कौस्तुभ अपने पूरे अमले के साथ



कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। बता दें कि क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, बृजेश वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम गुरुवार से ही रात दिन एक कर व्यवस्था की कमान संभाले में लगे हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता सृंजय मिश्र, रतन प्रकाश दूबे, कमलेश पटेल एडवोकेट, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, स्वतंत्र सिंह, अष्टभुजा सिंह, प्रशांत शाही, उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिनिधि मंडल इमामबाड़ा स्टेट के सज्जाद नशीन अदनान फ़रुख शाह मियां साहब से मिला

गोरखपुर,इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल इमामबाड़ा स्टेट के सज्जाद नशीन अदनान फर्रुख शाह मियां साहब से मिला और मोहर्रम में अमन के वास्ते एक ज्ञापन सौंपा जिसका नेतृत्व सदर सैयद इरशाद अहमद ने किया सैयद इरशाद अहमद ने जिला प्रशासन से अपील किया कि मुहर्रम का जुलूस उठने से पूर्व मियां साहब से राफ्ता कायम कर के 16,17 जून से जो मोहर्रम शुरू हो रहा है उस सम्बन्ध में समस्याओं का तत्काल निरीक्षण करने का कार्य करें ताकि अमन के दस्तूर को कायम रखा जा सके और सम्प्रदायिक सौहार्द में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दर्ज अदा कर सके जिसके लिए कमेटी तैयार है प्रेपित ज्ञापन में यह अवगत कराया कि पहाड़पुर अफगान हाता इमामबाड़ा के पास विद्युत तार काफी नीचे व जर्जर है उसका निराकरण कर दिया जाए मोहर्रम का जुलूस परम्परागत तौर से पुरानी रीति रिवाज से अमन के दस्तूर को कायम करतु हुआ निकाला जाएगा सरकारी गाइड लाइन का पालन होगा मुख्य जुलूस मार्ग थानावार निरीक्षण कराया जाए जुलूस मार्ग घंटाघर,नखास, रेती ,बक्शीपुर ,अलीनगर, चरन लाल चौराहा, बेनीगंज, जाफरा बाजार ,घसीकटरा , कर्बला रोड पर पूरी तरह अतिक्रमण से मुक्त रखा जाए तथा जिला प्रशासन नगर निगम प्रशासन पैदल निरीक्षण कर ले तथा जो भी समस्या हो उसे समय से पूर्व हल कर दिया जाए इन मार्गों से इमामबाड़ा स्टेट के शाही जुलूस के अलावा शहर के विभिन्न इमामबाड़ों से विभिन्न तिथियों में निकलेगा साथ ही साथ शिया समुदाय का जुलूस भी निकालना है।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने पुलिस भर्ती परीक्षा के 1.4 लाख अभ्यर्थियों को गंतव्य तक पहुंचाया

**गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुये अभ्यर्थियों की सुविधा, भीड़ प्रबन्धन तथा सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रबन्ध किये गये।

उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 07 से 10 जून,2026 तक पूर्वोत्तर रेलवे पर नियमित गाड़ियों के अतिरिक्त कुल 65 विशेष गाड़ियाँ चलाई गयी। 04 गाड़ियों का मार्ग विस्तार किया गया। 08 से 10 जून,2026 तक प्रतिदिन 20 गाड़ियों का समय परीक्षार्थियों को ध्यान में रखकर पुनर्निधारित किया गया। इस दौरान नियमित गाड़ियों में अस्थाई रूप से 136 अतिरिक्त कोच लगाये गये एवं 10 से अधिक गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया। फलस्वरूप इस अवधि में लगभग 1.4 लाख परीक्षार्थी लाभान्वित हुए। गोरखपुर जं. स्टेशन पर 3,200 वर्ग फीट में अस्थाई होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जहाँ निःशुल्क पेय जल, कूलर, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, उन्नत प्रकाश व्यवस्था, सहायता एवं चिकित्सा बूथ, ए.टी.वी.एम., सचल प्रसाधन आदि की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार गोंडा स्टेशन पर भी यात्री आश्रय स्थल बनाया गया था। भीड़ प्रबन्धन के लिए मुख्यालय, गोरखपुर स्थित नियंत्रण कक्ष में बनाये गये वॉर रूम में सी.सी.टी.वी. कैमरे से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर यात्री यातायात की मॉनिटरिंग की गयी। स्टेशनों की निगरानी हेतु मुख्यालय एवं मंडलों में वॉर रूम खोले गये, जहाँ रेल अधिकारियों द्वारा 24 घंटे मॉनिटरिंग की गयी। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को मॉनिटर करने हेतु मुख्यालय तथा मंडल स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.), वाणिज्य कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को तैनात किया गया, जिन्होने भीड़ प्रबंधन में सराहनीय योगदान दिया।

## पंचायत सहायकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सहजनवां गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को पंचायत सहायकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को ज्ञापन सौंपा। इनकी मांग है कि मानदेय 6 हजार रुपए होने पर परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। अन्य विभाग को अतिरिक्त कार्य के लिए दिए जा रहे भत्ते की तरह भत्ता दिया जाय,अपने गांव और विभाग के अलावा अन्य ग्राम पंचायतों का बोझ है। जिससे मुक्ति दिलाया जाय,समय से मानदेय दिलाया जाय,स्मार्ट मोबाइल,रिचार्ज, स्टेनरी यात्रा भत्ता दिया जाय।अतिरिक्त बेगारी से दूर रखा जाय।ऑनलाइन हाजरी पर सख्ती किया जाय,स्थाई रोजगार की गारंटी दिया जाय,कार्य अधिकार और क्षेत्र को स्पष्ट किया जाय,वेतन भुगतान समय से दिलाया जाय।

## गाड़ियां अब परिवर्तित मार्ग के स्थान पर निर्धारित मार्ग से चलाई जायेंगी

**गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर आर.एल.डी.ए. द्वारा कॉनकोर्स कार्य किये जाने के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण पूर्व में परिवर्तित मार्ग हेतु अधिसूचित गाड़ियाँ अब परिवर्तित मार्ग के स्थान पर निर्धारित मार्ग से चलाई जायेंगी।निर्धारित मार्ग से संचलन-सूरत से 12 एवं 19 जून, 2026 को चलने वाली 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के स्थान पर निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11 एवं 18 जून, 2026 को चलने वाली 11079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के स्थान पर निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 13 एवं 20 जून, 2026 को चलने वाली 11080 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर निर्धारित मार्ग बाराबंकी-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। पनवेल से 12, 13, 15, 16, 17, 19, 20 एवं 22 जून, 2026 को चलने वाली 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के स्थान पर निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गाड़ियों का पुनर्निर्धारण

**गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के बनथरा, मीरानपुर कटरा एवं तिलहर स्टेशनों के इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ट्रैफिक ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण किया जायेगा। पुनर्निर्धारण- टनकपुर से 12 एवं 15 जून, 2026 को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस टनकपुर से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। टनकपुर से 13 जून, 2026 को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस टनकपुर से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। लालगढ़ से 12 एवं 14 जून, 2026 को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस लालगढ़ से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

### कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग से चलाने का निर्णय

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा गोंडा-बुढ़वल खंड पर स्थित गोंडा-गोंडा कचहरी स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान हेतु प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण पूर्व में 15 जून, 2026 को परिवर्तित मार्ग हेतु अधिसूचित 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस अब परिवर्तित मार्ग के स्थान पर निर्धारित मार्ग से चलाई जायेगी। फलस्वरूप कटिहार से 15 जून, 2026 को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के स्थान पर निर्धारित मार्ग मनकापुर-गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

### लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 16 जून को रहेगी निरस्त

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा मुरादाबाद मंडल के पिलखुआ-कुचेसर रोड खंड पर आटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग कार्य हेतु लखनऊ जं. से 16 जून, 2026 को चलने वाली 12583 लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग लखनऊ जं.-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद के रास्ते चलाये जाने की सूचना पूर्व में जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से अब 16 जून, 2026 को लखनऊ जं. एवं आनन्द विहार टर्मिनस से चलने वाली 12583/12584 लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु निम्नलिखित गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जायेगा। अतिरिक्त ठहराव-गाड़ी संख्या 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 16 जून, 2026 से करनैलगंज स्टेशन पर 15.39 बजे पहुँचकर 15.41 बजे छूटेगी। गाड़ी संख्या 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस 17 जून, 2026 से करनैलगंज स्टेशन पर 04.36 बजे पहुँचकर 04.38 बजे छूटेगी। गाड़ी संख्या 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस 17 जून, 2026 से जरवल रोड स्टेशन पर 22.40 बजे पहुँचकर 22.42 बजे छूटेगी। गाड़ी संख्या 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 17 जून, 2026 से जरवल रोड स्टेशन पर 07.54 बजे पहुँचकर 07.56 बजे छूटेगी।

### तारामंडल क्षेत्र में जलभराव से निपटने की तैयारी

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम और गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने तारामंडल क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। निरीक्षण के दौरान जलभराव वाले संवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया और वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है।योजना के तहत बारिश के समय चंपा देवी पार्क रोड स्थित परमहंस मोहल्ले के पास दो पंपिंग सेट संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा इसी मार्ग पर दो सक्शन मशीनों की व्यवस्था की गई है, जो सड़क पर जमा पानी को खींचकर निकटवर्ती नालियों में प्रवाहित करेंगी। निमार्णाधीन ग्रीनवुड योजना से तिकोना पार्क जाने वाली सड़क पर होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए एक अतिरिक्त सक्शन मशीन तैनात की जाएगी।

## बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास जारी

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 10 जून, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल पीलीभीत एवं अपराध आसूचना शाख इज्जतनगर द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान पूरनपुर रेलवे स्टेशन के पैदल उपरिगामी पुल के नीचे रेल सम्पत्ति की चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को रेल सम्पत्ति कॉपर वायर काटते हुए गिरफ्तार किया गया।

10 जून, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बहराइच को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 14 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन बहराइच को सुपुर्द किया गया। 10 जून, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बलरामपुर को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 13 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन बलरामपुर को सुपुर्द किया गया। 10 जून, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बुढ़वल को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 07 एवं 10 वर्ष के दो लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त दोनों लड़कों को चाइल्ड लाइन गोंडा को सुपुर्द किया गया। 10 जून, 2026 को गाड़ी संख्या-75204 में चढ़ने के दौरान 65 वर्ष की एक महिला फिसल गई, जिसे रेलवे सुरक्षा बल दुरौंधा द्वारा रेस्क्यू कर बचाया गया।

# शहर में 10 जलभराव वाले स्थान चिह्नित, जिम्मेदार नहीं चेते तो होगी कार्रवाई

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** मानसून आने को है, इससे पहले शहर में ऐसे 10 से अधिक स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां भारी जलभराव होने की आशंका है। इसे लेकर नगर आयुक्त ने जिम्मेदारों को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने भविष्य के आने वाले इस संकट से पहले ही निजात पाने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं।

बता दें कि अधिकारी शहर के विभिन्न इलाकों में जलनिकासी में आ रही बाधाओं, नालों की स्थिति, पेयजल पाइपलाइन और निर्माण कार्यों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी अधिकारी नियमित रूप से नगर आयुक्त को उपलब्ध करा रहे हैं। इन रिपोर्टों के आधार पर नगर आयुक्त आवश्यक कार्रवाई कराकर समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाएंगे। जानकारी में सामने आया है कि शहर के 10 से अधिक स्थानों पर तकनीकी और संरचनात्मक कमियों के कारण जलनिकासी प्रभावित हो रही है। धर्मशाला ओवरब्रिज के पास सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में सम्पवेल का पानी सीधे चैंबर में गिरने से नाले पर दबाव बढ़ रहा है और पानी की निकासी बाधित हो रही है।

वहीं तरंग ओवरब्रिज से गोरखनाथ ओवरब्रिज तक करीब 300 मीटर हिस्से में चैंबर नहीं होने से नाले की समुचित सफाई नहीं हो पा रही है। इलाहीबाग से पुलिस लाइंस तक नाले के मार्ग में हाइडिल के नीचे बना डक्ट भी जलप्रवाह में रुकावट पैदा कर रहा है। इसके अलावा विश्वविद्यालय चौक, गणेश चौराहा, आरटीओ तिराहा, जुबली स्कूल, डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन और सूर्यकुंड क्षेत्र में ट्रांसफार्मर, बिजली के केबल, अधूरे नाले और अन्य अवरोध जलनिकासी व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। विश्वविद्यालय चौक पर सार्वजनिक शौचालय के सामने मिट्टी पाटकर इंटरलॉकिंग किए जाने से करीब 15 फीट नाला छात्रसंघ चौराहा की ओर जाने वाले नाले से नहीं जुड़ पा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि यह कनेक्शन बहाल होने पर रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन क्षेत्र का काफी पानी छात्रसंघ चौराहा की ओर प्रवाहित हो सकेगा, जिससे धर्मशाला क्षेत्र में जलभराव की समस्या कम होगी। आरटीओ तिराहा और जुबली इंटर कॉलेज के पास पुस्तकालय के सामने पुलिया के भीतर से गुजर रहे बिजली के केबलों में कचरा फंसने से भी नाले का प्रवाह प्रभावित हो रहा है। वहीं डोमिनगढ़ रेलवे स्टेशन के पास रामलखन प्रधान के खेत से होकर गुजरने वाले नाले का पानी संकरे ह्यूम पाइप से निकलता है, इससे बरसात के दौरान पानी का प्रवाह बाधित होने की आशंका बनी रहती है।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने, ट्रांसफॉर्मरों के स्थानांतरण, क्षतिग्रस्त नाला दीवारों के पुनर्निर्माण और तकनीकी सुधार के बाद ही बड़े नालों की प्रभावी सफाई और जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।नगर आयुक्त अजय जैन ने बताया कि जलभराव से निजात के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## गाड़ियों का ठहराव वडोदरा स्टेशन के स्थान पर छायापुरी स्टेशन पर अस्थाई रूप से करने का निर्णय

**गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा पश्चिम रेलवे के वडोदरा स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉक कार्य किये जाने के परिप्रेक्ष्य में एकता नगर से 16 एवं 23 जून, 2026 को चलने वाली 20903 एकता नगर-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग डभोई-कायावरोहण-मियागाम करजन के रास्ते एवं बनारस से 18 जून, 2026 को चलने वाली 20904 बनारस-एकता नगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मियागाम करजन-कायावरोहण-डभोई के रास्ते चलाई जायेगी तथा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ियों का ठहराव वडोदरा स्टेशन के स्थान पर छायापुरी स्टेशन पर अस्थाई रूप से प्रदान किया जायेगा। अस्थाई ठहराव-मऊ से 14 एवं 21 जून, 2026 को चलने वाली 09196 मऊ-प्रतापनगर (वडोदरा) विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 02.20 बजे पहुँचकर 02.25 बजे छूटेगी। लालकुआँ से 15 एवं 22 जून, 2026 को चलने वाली 09120 लालकुआँ-वडोदरा विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 10.55 बजे पहुँचकर 11.00 बजे छूटेगी। गोमती नगर से 15 एवं 22 जून, 2026 को चलने वाली 05033 गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 13.20 बजे पहुँचकर 13.25 बजे छूटेगी। कानपुर अनवरगंज से 15 एवं 22 जून, 2026 को चलने वाली 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेन्ट्रल विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 14.25 बजे पहुँचकर 14.30 बजे छूटेगी। कटिहार से 16 एवं 23 जून, 2026 को चलने वाली 09190 कटिहार-मुम्बई सेन्ट्रल विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 11.05 बजे पहुँचकर 11.10 बजे छूटेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 16 एवं 23 जून, 2026 को चलने वाली 05034 बान्द्रा टर्मिनस-गोमती नगर विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 05.30 बजे पहुँचकर 05.35 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 17 जून, 2026 को चलने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 08.00 बजे पहुँचकर 08.05 बजे छूटेगी। मुम्बई सेन्ट्रल से 17 जून, 2026 को चलने वाली 09183 मुम्बई सेन्ट्रल-बनारस विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 04.00 बजे पहुँचकर 04.05 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 19 जून, 2026 को चलने वाली 05053 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 09.55 बजे पहुँचकर 10.00 बजे छूटेगी। बनारस से 19 जून, 2026 को चलने वाली 09184 बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 21.45 बजे पहुँचकर 21.50 बजे छूटेगी। प्रतापनगर (वडोदरा) से 20 जून, 2026 को चलने वाली 09195 प्रतापनगर (वडोदरा)-मऊ विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 16.44 बजे पहुँचकर 16.49 बजे छूटेगी। मुम्बई सेन्ट्रल से 20 जून, 2026 को चलने वाली 09189 मुम्बई सेन्ट्रल-कटिहार विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 16.56 बजे पहुँचकर 17.01 बजे छूटेगी।

मऊ से 20 जून, 2026 को चलने वाली 05017 मऊ-वलसाड विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 08.50 बजे पहुँचकर 08.55 बजे छूटेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 20 जून, 2026 को चलने वाली 05054 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 03.25 बजे पहुँचकर 03.30 बजे छूटेगी। मुम्बई सेन्ट्रल से 21 जून, 2026 को चलने वाली 09185 मुम्बई सेन्ट्रल-कानपुर अनवरगंज विशेष गाड़ी छायापुरी स्टेशन पर 16.10 बजे पहुँचकर 16.15 बजे छूटेगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक पहुंचाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**उनवल, गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे ‘सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष’ कार्यक्रम के अंतर्गत सहजनवां विधानसभा के उनवल मण्डल में प्रबुद्ध जन सम्पर्क अभियान के द्वितीय दिवस भाजपा गोरखपुर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के नेतृत्व एवं मण्डल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम की अध्यक्षता में विभिन्न प्रबुद्ध नागरिकों एवं व्यापारी बंधुओं से संपर्क किया गया।अभियान के अंतर्गत डॉ. अर्पणेश राम त्रिपाठी, यशवन्त सिंह, रामजनक कसौधन एवं राजेन्द्र सेठ सहित अनेक सम्मानित नागरिकों से भेंट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प की जानकारी साझा की गई।इस अवसर पर रामपाल सिंह, गंगोत्री राम त्रिपाठी, विजय तिवारी, योगेन्द्र साहनी, योगेश वर्मा, गब्बू मद्धेशिया, श्याम मोहन उपाध्याय, मनोज दुबे, शशि शेखर, हरिधर दुबे, अश्वनी तिवारी, व्यास मुनि पाण्डेय, हरिलाल यादव, शिवम मद्धेशिया, चंद्रकेश गौंड, संजय विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, सतीश दुबे, अमन कुमार सिंह, राम अचल मौर्य एवं पवन कुमार सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं तथा विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

# विकास व कानून व्यवस्था पर डीएम व एसएसपी ने पत्रकारों से किया संवाद

## जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी ने सभी आगंतुकों के प्रति व्यक्त किया आभार

**गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब द्वारा शुक्रवार को प्रेस क्लब सभागार में ‘प्रेस से मिलिए’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ‘विकास एवं कानून व्यवस्था’ रहा, जिसमें जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अमित कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय शंकर सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का बुके देकर स्वागत करने के साथ हुआ। पूर्व अध्यक्ष एस.पी. सिंह एवं पूर्व उपाध्यक्ष अजीत यादव ने जिलाधिकारी दीपक मीणा को अंगवस्त्र भेंट किया, जबकि पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरविंद राय एवं वरिष्ठ पत्रकार शेष नारायण पांडेय ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.




कौस्तुभ को वरिष्ठ पत्रकार सतीश पांडेय एवं टी.पी. शाही ने अंगवस्त्र तथा वरिष्ठ पत्रकार नवनीत त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। उपस्थित पत्रकारों ने अतिथियों को रोज स्टिक देकर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गीडा क्षेत्र में अनेक उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और भविष्य में और भी उद्योग आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सड़कों के चौड़ीकरण और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है तथा कई परियोजनाओं का शीघ्र लोकार्पण होगा।

बढ़ती आबादी और बाहरी लोगों के आगमन से शहर पर बढ़ रहे दबाव को देखते हुए सड़क विस्तार आवश्यक है। उन्होंने विरासत गलियारा, गोडधोइया नाले के निर्माण कार्य तथा अन्य छोटे-बड़े विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में गोरखपुर में उल्लेखनीय विकास हुआ है और आने वाले समय में यह गति और तेज होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि उनकी प्रारंभिक नियुक्ति गोरखपुर में ही रही है और उन्होंने शहर के विकास को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि जहां पहले दो लेन की सड़कें थीं, वहीं अब कई सड़कें छह लेन तक विस्तारित हो चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि पहले कई थाना क्षेत्रों में एक ही दिन में कई हत्या की घटनाएं दर्ज होती थीं, लेकिन अब अपराधों पर काफी हद तक नियंत्रण स्थापित हुआ है। साइबर अपराधों पर भी अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आत्महत्या और सड़क दुर्घटनाओं जैसे मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक देखने को मिल रही है, जिन्हें रोकने के लिए।

## भागवत कथा श्रवण से होती है परम तत्व की प्राप्ति: अनुराधा तिवारी

**धुरियापार - गोरखपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम दीपगढ़ में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारी कथा व्यास श्रीमती अनुराधा तिवारी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और परम तत्व की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण साक्षात कृष्ण का वांगमय स्वरूप है और कलयुग में मनुष्य के कल्याण का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत महापुराण का श्रवण बताया गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आरंभ होने से पूर्व आचार्य अमित त्रिपाठी ने मंगलाचरण व स्वास्तिक वाचन कर माहौल को पवित्र बनाया । इसके पश्चात मुख्य सेवक सुभाष विश्वकर्मा व उनकी पत्नी श्रीमती विंध्यवासिनी देवी से सर्वप्रथम गौरी गणेश का पूजन कराकर नवग्रह शांति पूजन व श्रीमद् भागवत महापुराण का पंचोचार कराया ।

## सुगम व आरामदायक यात्रा को विशेष गाड़ियों का संचलन

**गोरखपुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा हेतु अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 10 जुलाई, 2026 तक के लिये 11 जून, 2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता निम्नवत है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 20 जून,2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 516 बर्थ, 27 जून, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 211 बर्थ तथा 04 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 758 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 18 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 64 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 83 बर्थ, 25 जून, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 88 बर्थ तथा 02 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 74, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 205 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 04 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से चलने वाली 04315 गोरखपुर-योगनगरी ऋषिकेश विशेष गाड़ी में 01 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 15 एवं शयनयान श्रेणी में 107 बर्थ तथा 08 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 09 एवं शयनयान श्रेणी में 472 बर्थ उपलब्ध हैं। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 06 जुलाई,2026 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22 बर्थ उपलब्ध हैं। गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 02 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 58 बर्थ तथा 05 जुलाई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 144 एवं शयनयान श्रेणी में 155 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05057 गोरखपुर-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 18 जून,2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 780 बर्थ तथा 25 जून,2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 76 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05096 मऊ-कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 01 जुलाई, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 05 एवं शयनयान श्रेणी में 05 बर्थ तथा 08 जुलाई, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकुलित तृतीय श्रेणी में 25 एवं शयनयान श्रेणी में 198 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से चलने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 01 जुलाई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 16, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 59 बर्थ तथा 08 जुलाई,2026 को

# न्यू सहारा हॉस्पिटल पर ऑपरेशन में गॉज छोड़ने का आरोप

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी से कार्रवाई की मांग
- पीड़िता के पिता ने दी आत्मदाह की चेतावनी




**रामनगर/बाराबंकी, 12 जून (तरुणमित्र)।** न्यू सहारा हॉस्पिटल में कथित चिकित्सीय लापरवाही के मामले में कार्रवाई में देरी को लेकर पीड़ित पक्ष ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पीड़िता के पिता ने नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पुनः प्रार्थना-पत्र देकर दोषी चिकित्सकों एवं संबंधित स्टाफ के विरुद्ध कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया है कि विभागीय जांच प्रभावी कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने और लीपापोती करने में लगी हुई है।

पीड़िता के पिता अजय पांडेय का कहना है कि उन्होंने पहले भी पूरे साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विभागीय स्तर पर अस्पताल को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि पीड़िता का इलाज आज भी जारी है और सभी आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य उपलब्ध कराए जा चुके हैं शिकायत के अनुसार, उनकी पुत्री शालू पांडेय को 2 मार्च को प्रसव के लिए न्यू सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 5 मार्च को ऑपरेशन के माध्यम से बच्ची का जन्म हुआ और 13 मार्च को छुट्टी दे दी गई।

आरोप है कि इसके बाद लगातार पेट दर्द, बुखार और पेशाब में जलन की शिकायत बनी रही। 19 मई को यूरिन के माध्यम से कॉटन (गॉज) का बड़ा टुकड़ा बाहर निकलने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही का मामला सामने आया।पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि समय रहते यह गॉज बाहर नहीं निकलता तो मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। इसके बावजूद कई सप्ताह बीत जाने पर भी जिम्मेदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अजय पांडेय ने नवागत सीएमओ से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह लोकतांत्रिक एवं विधि सम्मत आंदोलन करेंगे तथा अंतिम विकल्प के रूप में आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को विवश होंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रंजन गौतम ने बताया कि निष्पक्ष जांच होगी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण समयबद्ध कार्य निष्पादन के दिए निर्देश

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रखरखाव तथा कार्यालय व्यवस्था की समीक्षा की।डीएम ने संयुक्त कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, नजारत और जिला पूर्ति कार्यालय सहित कई पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही, शिथिलता या अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा।

# गुमशुदा 11 वर्षीय बालक को 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द




**संत कबीर नगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** आज दिनांक 11.06.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय* के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा बालक को 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पर शैलेंद्र कुमार यादव पुत्र रामदुलारे निवासी हैडिल कॉलोनी, थाना कोतवाली खलीलाबाद, जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दी गई कि उनका पुत्र रघुराज यादव उम्र लगभग 11 वर्ष दिनांक 11.06.2026 को समय करीब 12:00 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है। सूचना प्राप्त होते ही थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। चौकी प्रभारी तितौवा हरिकेश बहादुर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा प्राप्त मोबाइल नम्बर की लोकेशन के आधार पर लगातार प्रयास किए गए।

त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम सूचनाकर्ता के साथ जनपद गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र पहुंची, जहां से गुमशुदा बालक रघुराज यादव को घटना के लगभग 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत बालक को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय अथवा आपराधिक घटना कारित नहीं हुई थी।

परिजनों द्वारा संतकबीरनगर पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांजा रखने के आरोप में जेल में आ गया हूं, छुड़ा दीजिए!

**संत कबीर नगर , 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह के पहल पर शुक्रवार को जिला कारागार में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में निरुद्ध एक बंदी ने कहा कि वह गांजा रखने के आरोप में निरुद्ध है। जिला कारागार में आयोजित बंदी समस्या समाधान दिवस में जेल में निरुद्ध विभिन्न बंदियों ने अपनी समस्या रखी। घनघटा थानाक्षेत्र के रामपुर मध्य गांव निवासी रामानंद ने कहा कि गांजा रखने के आरोप में उसे जिला कारागार भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ अन्य कोई मुकदमा नही है। सरकारी अधिवक्ता के माध्यम से जेल से छुड़वाने की बात कही। बेलहर कला थानाक्षेत्र के लोहरसन गांव निवासी अहमद अली ने कहा कि वह चोरी के आरोप में जिला कारागार में निरुद्ध है। उन्होंने अधिवक्ता की मांग करते हुए जेल से छुड़वाने की बात कही। इसी प्रकार दर्जनों बंदियों ने अपनी समस्या बताई, जिसके निराकरण की बात कही गई। इसी थानाक्षेत्र के बनौली गांव निवासी छोटू राजभर ने कहा कि वह जमानतदार के अभाव में नही छूट पा रहा है। इस दौरान मुख्य रुप से डिप्टी जेलर हरिकेश, जेल पीएलवी सुनील कुमार समेत विभिन्न बंदी मौजूद रहे।

### साइबर अपराध के शिकार हुए पीड़ित को वापस कराई गई पांच हजार की धनराशि

**संत कबीर नगर, 12 जून (तरुणमित्र)।**पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन में क्रैक साइबर क्राइम के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने हेतु साइबर सेल थाना कोतवाली खलीलाबाद टीम द्वारा सतत प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस अधिकारी बनकर आवेदक को गलत विडियो देखने कि बात से ब्लैकमेल करके ट्रान्सफर करायी गई 5000 रुपये की धनराशि आवेदक के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गयी । घटना का संक्षिप्त विवरणः- रामदरस पुत्र रामदेव निवासी बस्ती देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर से दिनाँक 07.01.2026 को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस अधिकारी बनकर आवेदक को गलत विडियो देखने कि बात से ब्लैकमेल कर के फ्राड खाते में 5,000 रुपये की धनराशि ट्रांसफर करवा लिया गया । ठगी का अहसास होने पर आवेदक ने तत्काल थाना कोतवाली खलीलाबाद में शिकायत दर्ज कराई । साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी रविकान्त कुशवाहा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ठउफ्ढ पोर्टल पर शिकायत संख्या 33101260004710 पंजीकृत की गयी । पुलिस की प्रभावी पैरवी से पूरी धनराशि को आवेदक के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गयी ।

### विकसित ग्राम-विकसित देवरिया अभियान का शुभारंभ

देवरिया। जनपद के गांवों और आकांक्षी विकासखंडों के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से विकसित ग्राम-विकसित देवरिया कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित विकासखंडों के पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को विभिन्न विकास सूचकांकों पर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया।जिलाधिकारी ने बरहज, भागलपुर, लार, गौरी बाजार और बनकटा विकासखंडों के लिए तैनात अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना जैसे प्रमुख क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचकर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा विकास सूचकांकों की संतृप्त करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर माइक्रोसेव कंसल्टिंग टीम के विशेषज्ञों ने कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।

### जनता दर्शन में बुजुर्ग महिला की मदद को आगे आए डीएम, राशन कार्ड और पेंशन के दिए निर्देश

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन के दौरान एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की समस्या सुनकर संवेदनशील पहल की। गौरी बाजार विकासखंड के मदरसन गांव निवासी फूलवासी देवी अपनी पारिवारिक समस्या लेकर जनता दर्शन में पहुंची थीं।महिला की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने और वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई को कहा। इसके अलावा जनता दर्शन में रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को ऐसे मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**सिद्धार्थ नगर , 12 जून (तरुणमित्र)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और 'योग सप्ताह' (15 जून से 21 जून 2026) के गरिमामयी व सफल आयोजन को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योग दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी भव्यता और व्यवस्थित ढंग से किया जाए। मुख्य व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैंः मूलभूत सुविधाएंः कार्यक्रम स्थल पर बेहतर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्युत व्यवस्था।स्वास्थ्य एवं सुरक्षाः चिकित्सा सुविधाओं (मेडिकल टीम) की उपलब्धता, उचित बैठने की व्यवस्था और पुख्ता सुरक्षा प्रबंध।जनसहभागिता पर बलः विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों , विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों और आम जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।₹ शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारीजिला स्पोर्ट स्टेडियम में होगा मुख्य आयोजनसभी विभागों को आपस में बेहतर समन्वय (तालमेल) स्थापित करते हुए समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष जनपद स्तर पर मुख्य योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को जिला स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया , 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद की रामपुर कारखाना थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक चर्चित मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी हिमांशु भारती उर्फ बादल (19) को हिरंदापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल को एक व्यक्ति ने थाना रामपुर कारखाना में तहरीर देकर आरोप लगाया था।

# कान्हा रेस्टोरेंट ने पेश की ईमानदारी की मिसाल लगभग ढाई लाख का मंगलसूत्र महिला को किया वापस

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** कभी कभी व्यक्ति ईमानदारी की मिसाल पेश कर समाज में एक अपनी अलग पहचान बना लेता है जो समाज के लिए एक जीवंत उदाहरण बन जाता है। दरअसल सेवरही नगर पंचायत क्षेत्र के बनरहा मोड़ पे संचालित कान्हा रेस्टोरेंट कुछ ऐसे ही कार्य कर समाज में ईमानदारी कि मिसाल पेश की। सनद रहे की सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ वृहस्पतिवार के दिन कान्हा रेस्टोरेंट पे चाय नाश्ते के लिए आया था। उक्त व्यक्ति ने चाय नाश्ते के बाद अपनी पर्स टेबल पर ही छोडकर चला गया, उस वक्त रेस्टोरेंट में काफी भीड थी। कुछ देर बाद उक्त पर्स को कोई नहीं छूआ तो रेस्टोरेंट के मालिक लखिचंद कुशवाहा ने पर्स को अपने कब्जे में लेकर तलाश की तो पता चला की उक्त पर्स मे मेकअप की समाग्री पांच सौ रूपए व लगभग दो से ढाई लाख रूपए की मंगलसूत्र मिला, जिसको रेस्टोरेंट के मालिक ने सुरक्षित अपने पास रख कर उक्त व्यक्ति का तलाश के साथ इंतजार करने लगे। इधर उक्त व्यक्ति ने पत्नी के साथ तलाश करते हुए शुक्रवार के दिन कान्हा रेस्टोरेंट पर पहुंचा और अपनी वेदना को बताई जिसपे रेस्टोरेंट के मालिक लखीचंद कुशवाहा ने उक्त महिला व उसके पति को चाय पिलाकर बीना सर्त पर्स को वापस कर दिया। मंगलसूत्र मिलने के बाद महिला दम्पति भावुक मन से कान्हा रेस्टोरेंट को धन्यवाद ज्ञापित किए। कान्हा रेस्टोरेंट के मालिक लखिचंद कुशवाहा ने कहां की कान्हा की ईमानदारी ही हमारी पहचान है।जो हर एक व्यक्ति को करना चाहिए।

# बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर बाढ़ मॉक ड्रिल, 50 मिनट में पहुंची रेस्क्यू टीम

**सिद्धार्थनगर , 12 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर बुधवार को तहसील बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए संयुक्त मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिलाधिकारी/इंसीडेंट कमांडर शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशन में ठऊफ्र गोरखपुर, स्वास्थ्य विभाग, जिला पुलिस, पीएसी सहित सभी विभागों ने खोज, राहत व बचाव कार्य का अभ्यास किया।50 मिनट में पहुंची पूरी टीम, डूबते व्यक्ति का किया डेमो मॉकड्रिल में सूचना दी गई कि नदी में भयंकर बाढ़ आ गई है और पानी गांव में घुस रहा है। कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही लगभग 50 मिनट में पूरी रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। बाढ़ प्रभावितों को युद्धस्तर पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। कंधे पर मुंह नीचे करके लाने से पेट का पानी निकल जाता है। फिर नदी के उल्टी दिशा में लिटाकर पल्स चेक की जाती है। इसके बाद प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया गया। टीम ने घरेलू संसाधनों से इम्प्रोवाइज राफ्ट बनाने का तरीका भी सिखाया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अभ्यास स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील है। सभी विभाग पूर्ण सतर्कता से काम करें। आपदा में राहत-बचाव में कोई शिथिलता न हो और आमजन को समय पर मदद मिले। डीएम ने बताया कि बाढ़ के दौरान पेयजल के लिए इंडिया मार्का-2 हैंडपंप व टैंकर, पशुओं के लिए चारे और सभी प्रभावितों को चिकित्सा व राहत सामग्री दी जाएगी। मॉकड्रिल में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, सिंचाई, नगर निकाय, ग्राम्य विकास, विद्युत विभाग के साथ स्थानीय स्वयंसेवक व आपदा मित्रों ने हिस्सा लिया।

# पोत हमले में मृत शिवानंद के परिजनों से मिले कांग्रेस नेता, सरकार से सहायता की मांग



**देवरिया , 12 जून (तरुणमित्र)।** ओमान तट के निकट एक व्यावसायिक पोत पर हुए हमले में सुरौली थाना क्षेत्र के सुरौली गांव निवासी शिवानंद चौरसिया की मृत्यु के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मृतक के पैतृक गांव पहुंचा और परिजनों को ढांढस बंधाया।

परिवार से मुलाकात के दौरान माहौल भावुक हो गया। कांग्रेस नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिवानंद चौरसिया की असमय मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की।इस दौरान मल्ल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से मृतक के पिता की दूरभाष पर बातचीत भी कराई। अजय राय ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मृतक के परिवार के पुनर्वास के लिए विशेष सहायता प्रदान करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि विदेश में कार्यरत भारतीय नागरिक की ऐसी दुखद मृत्यु पर सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए परिवार के भविष्य की सुरक्षा करनी चाहिए।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही, भरत मणि त्रिपाठी, राम अशीष साहनी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, विनोद दुबे, सोहन मिश्रा, धन्नजय यादव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, बहिष्कार



**तमकुहीराज/कुशीनगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** रजिस्ट्री कार्यालय के निजीकरण के विरोध में मंगलवार को तमकुहीराज तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ, स्टैम्प वेंडर संघ एवं मुंशी संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील से उप निबन्धक कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला।

बार संघ अध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार के प्रस्तावित निर्णय का विरोध जताया। प्रदर्शन के बाद एसडीएम एवं उप निबन्धक को ज्ञापन सौंपकर निजीकरण संबंधी निर्णय वापस लेने की मांग की गई। विरोध स्वरूप अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिससे स्टैम्प बिक्री, नोटरी सहित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्टैम्प के स्थान पर सरकारी खाते में सीधे धनराशि जमा कराने की व्यवस्था लागू होने से प्रदेश भर में लाखों स्टैम्प वेंडर, मुंशी और अधिवक्ता प्रभावित होंगे तथा बड़ी संख्या में लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। अधिवक्ताओं ने सरकार के इस कदम को जनविरोधी बताते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।इस दौरान बार संघ मंत्री अमरनाथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष विनोद पटेल, पूर्व मंत्री अजय राय, मार्कण्डेय वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टैम्प वेंडर और मुंशी मौजूद रहे।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती 84 वाहनों का चालान, तीन सीज

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बस स्टेशन और मालवीय रोड सहित विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस के वाहन संचालन करने वालों की जांच की गई।अभियान के दौरान कुल 84 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि बिना वैध दस्तावेजों के संचालित तीन वाहनों को सीज कर दिया गया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस का हमला, नेहरू के योगदान का किया उल्लेख

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे कार्यक्रमों के बीच कांग्रेस ने सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजीव मिश्रा ने जारी बयान में कहा कि इतिहास केवल सत्ता में बिताए गए वर्षों से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनसेवा में दिए गए योगदान से बनता है।उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वर्षों तक जेल में रहे और स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। उनके नेतृत्व में लोकतांत्रिक संस्थाओं का विकास हुआ तथा आईआईटी, एम्स, बड़े बांधों और सार्वजनिक उद्योगों जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्थापना हुई, जिनका लाभ देश आज भी उठा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक दबाव जैसे मुद्दे गंभीर बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि केवल लंबे समय तक सत्ता में बने रहना किसी नेता की महानता का पैमाना नहीं हो सकता, बल्कि जनता के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव ही वास्तविक मूल्यांकन का आधार होते हैं। संजीव मिश्रा ने आरोप लगाया कि जहां नेहरू ने देश को एकजुट करने का प्रयास किया, वहीं वर्तमान समय में समाज में विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा मिलता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जनता अब प्रचार और उत्सव से आगे बढ़कर सरकार से उसके 12 वर्षों के कार्यकाल का ठोस रिपोर्ट कार्ड मांग रही है।

# करें योग, रहें निरोग: गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटेगा देवरिया

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में 14 जून को एक विशेष ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जयराम यादव ने जनपदवासियों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। डॉ. यादव ने बताया कि रविवार, 14 जून को प्रातः 6:15 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होने वाले इस ऑनलाइन योग सत्र में देवरिया सहित पूरे प्रदेश के सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, विभिन्न विभागों तथा आम नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से जुड़ने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 18003157008 पर अपने व्हाट्सएप नंबर से मिस्ड कॉल करना होगा। इसके बाद उन्हें आवश्यक जानकारी और लिंक प्राप्त होगा। प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपना फोटो एवं वीडियो पोर्टल पर अपलोड करना होगा। 14 जून की सुबह व्हाट्सएप पर प्राप्त लिंक पर क्लिक कर सीधे योग सत्र से जुड़ा जा सकेगा।विशेष बात यह है कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। आयुष विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और इस ऐतिहासिक प्रयास का हिस्सा बनकर देवरिया की भागीदारी को मजबूत करें।

## अग्नि सुरक्षा मानकों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

**देवरिया, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सभी होटल, गेस्ट हाउस, अस्पताल, रेस्टोरेंट और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव के लिए सभी सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।डीएम ने निर्देश दिया कि सभी प्रतिष्ठानों में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र स्थापित और क्रियाशील स्थिति में रखे जाएं। फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच एवं रखरखाव किया जाए। इमरजेंसी एग्जिट मार्ग अवरोधमुक्त रहें तथा स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत वायरिंग, गैस पाइपलाइन और अन्य जोखिम वाले उपकरणों का समय-समय पर निरीक्षण कराया जाए। कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी का प्रशिक्षण भी दिया जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि निरीक्षण में मानकों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने की आईजीआरएस व कर-करेत्तर विभाग की समीक्षा




**संत कबीर नगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों के निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) सत्य प्रकाश व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारीगण नियमित तौर पर पोर्टल पर संदर्भों को प्राप्त होते ही निस्तारित करने की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल से संबंधित शिकायती प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदर्भों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें जिससे संतुष्टि का फीडबैक बेहतर मिले। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों/विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के सुचारू संचालन में लापरवाही करने अथवा संदर्भों/शिकायतों का समय से निस्तारण न करने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# योग भारतीय संस्कृति व परंपरा की अमूल्य धरोहर: जिलाधिकारी

## डीएम ने की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश




**उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में योग दिवस के आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसहभागिता को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बता दें कि जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि योग दिवस के आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योग के प्रति प्रेरित हो सकें। जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं तथा सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संगठन तथा आमजन सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ करे। उन्होंने यह भी कहा कि योग भारतीय संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या के प्रति प्रेरित किया जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के०के० सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ० ईशान सोनी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### पति और सास-ससुर पर सल्फास खिलाकर हत्या करने का आरोप

**उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** हमीरपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के लोधीपुरा गांव की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान शुक्रवार को उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने पति, सास और ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विवाहिता के साथ मारपीट करने के बाद उसे जबरन सल्फास खिलाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि जानकारी के अनुसार गौरिया गांव निवासी 26 वर्षीय ज्योति अहिरवार की शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व हमीरपुर जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के लोधीपुरा गांव निवासी दिनेश अहिरवार के साथ हुई थी। शादी के बाद ज्योति ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसकी उम्र वर्तमान में लगभग एक वर्ष है। ज्योति की मौत के बाद मासूम बेटे के सिर से मां का साया उठ गया है।

मृतका के भाई दिनेश और भाभी कल्पना ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ज्योति को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। उनका कहना है कि पति, सास और ससुर अक्सर उससे विवाद करते थे। जब भी ज्योति मायके जाने की इच्छा जताती थी, उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। परिजनों के मुताबिक गुरुवार को ज्योति ने अपने बेटे के साथ मायके जाने की बात कही थी। आरोप है कि इस बात को लेकर पति और सास-ससुर नाराज हो गए। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि वह बेटे को छोड़कर अकेले मायके चली जाए। जब ज्योति ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई और बाद में उसे जबरन जहर खिला दिया गया। जहर खाने से उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे आनन-फानन में उपचार के लिए उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन कल

**उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति ने मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी डकोर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी शहर, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर, पूर्ति निरीक्षक उरई को विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रम 14 जून को आयोजन के सम्बन्ध में बताया कि अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन स्थान उरई के पत्र दिनांक 07.03.2026 के द्वारा माह जून, 2026 में विधिक सेवा कार्यक्रम/विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन दिनांक 14 जून को जिला पुरुष चिकित्सालय में विश्व रक्तदान दिवस कैम्प/नालसा/सालसा/राज्य सरकार की योजनायें/पशु क्रूरता से संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम हेतु अपरान्ह 10:00 बजे निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम लीडर महेश सिंह परिहार व महेन्द्र कुमार मिश्रा, पीएलवी नामित किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में महेश सिंह परिहार व महेन्द्र कुमार मिश्रा, पीएलवी द्वारा अवगत कराया गया है, कि विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन को जिला पुरूष चिकित्सालय उरई में दिनांक 14.06.2026 को किया जा रहा है।

# फिल्म फेस्टिवल व इप्टा की कार्यशाला में प्रतिभागियों से रूबरू हुए अयोध्या सीओ अनिरुद्ध

**कोंच/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की निःशुल्क ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में शुक्रवार को एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या के क्षेत्राधिकारी (सीओ) एवं अभिनेता अनिरुद्ध सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों से संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

बता दें कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, रंगमंच और विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही उनके बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अनिरुद्ध सिंह ने युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कला और रंगमंच व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश प्रधान महासचिव बृजेश सिंह राजावत ने युवाओं से अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा में विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियां समाज में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम हैं, जिनके जरिए सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सेठ वृन्दावन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बृजबल्लभ सिंह सेंगर ने शिक्षा और संस्कृति के समन्वय को आवश्यक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। शिक्षक विवेक सिंह ठाकुर ने कहा कि कला व्यक्ति की संवेदनाओं और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के प्रारंभ में इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. नईम बॉबी ने स्वागत भाषण दिया और कार्यशाला की रूपरेखा व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायी हस्तियों को आमंत्रित कर प्रतिभागियों के लिए संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंत में, प्रशिक्षक सानिया सलमानी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी

**जालौन/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर रात को चुरा ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी नफीस ने पुलिस को बताया कि उनकी स्कूटी घर के बाहर खड़ी थी। रात में करीब 3 बजे दरवाजे पर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर चुरा ले गये हैं। पीड़ित ने चोरी गयी स्कूटी की तलाश की किन्तु न मिलने पर उसने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने स्कूटी चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### चोरी की स्कूटी के साथ दो को पकड़ा

**जालौन/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** चोरी की स्कूटी के साथ कोतवाली पुलिस ने दो किशोरों को पकड़ा है। वहीं मुख्य आरोपी मौके से चोरी की बाइक लेकर भाग निकला। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पिछले दिनों नगर से हुई बाइक और स्कूटी की चोरी होने के मामले में कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि चोरी की बाइक और स्कूटी के साथ छौलापुर रोड की तरफ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई मनीष तिवारी को मौके पर भेज। पुलिस ने मौके से जा रहे स्कूटी व बाइक सवारों को रोका तो वह भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने स्कूटी सवार दो किशोरों को तो पकड़ लिया। वहीं मुख्य आरोपी जोशियाना निवासी आशुतोष त्रिवेदी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। पूछतांछ में किशोरों ने पुलिस को बताया कि आशुतोष बाइक और स्कूटी चोरी करता है। दोनों किशोर चोरी में उसका सहयोग करते थे। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि दो किशोरों को चोरी की स्कूटी के साथ पकड़ा गया है। जबकि मुख्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की बाइक लेकर मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# रास्ते के विवाद में महिला की मौत, पूर्व प्रधान समेत 4 गिरफ्तार

### मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची थी महिला

**कदौरा/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। झगड़ा शांत कराने पहुंची महिला के सिर पर पत्थर लगने से गंभीर चोट आई, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व प्रधान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मझवार का है।

बता दें कि जानकारी के अनुसार, गांव निवासी वीरेंद्र और रोहित बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन हैं। गुरुवार देर रात ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौटते समय गांव में रास्ते पर पड़े मौरम (बालू) के ढेर को लेकर उनकी रामपाल, पूर्व प्रधान दयाराम, हल्कू और बबलू समेत कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गया। शोर सुनकर रोहित की पत्नी शशिप्रभा (28) मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास करने लगी। इसी दौरान पत्थरबाजी में एक भारी पत्थर उसके सिर पर लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से जिला अस्पताल उरई रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी और क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने रामपाल, दयाराम, हल्कू और बबलू के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या, मारपीट, गाली-गलौज और एक राय होकर हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बालाजी फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह ढाई घंटे रही ठप

**जालौन/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** बिजली घर में आयी खराबी के कारण बालाजी फीडर की बिजली आपूर्ति सुबह ढाई घंटे ठप्प रही। बिजली आपूर्ति ठप्प होने से पेयजलापूर्ति भी ठप्प हो गयी जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उरई मार्ग पर स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र में बिजली आपूर्ति के लिए 4 फीडर सहावनाका, तोपखाना, बालाजी व बैठगंज बने हुए हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे बिजलीघर में रखी बालाजी फीडर की मशीन में खराबी आ गयी। अचानक लो वोल्टेज निकालने के बाद मशीन में आयी खराबी के कारण सुबह 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक बालाजी फीडर की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने मशीन की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करायी।

# क्रेट के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**कालपी/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** कालपी नगर के टरननगंज बाजार में गुरुवार देर रात एक मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। क्रेट के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई, जिसमें लाठी-डंडों का भी इस्तेमाल किया गया। इस घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बता दें कि जानकारी के अनुसार, यह विवाद कालपी नगर के मुख्य बाजार टरननगंज में क्रेट के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि सब्जी विक्रेता नासिर पर कुछ लोगों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। अचानक हुई इस हिंसक झड़प से बाजार में मौजूद दुकानदारों और ग्राहकों में भगदड़ मच गई। रात करीब साढ़े नौ बजे हुई इस वारदात ने बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। आसपास के लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होती दिखाई दे रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# नरी गांव में सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जा

**कोंच/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम नरी निवासी मैथिलीशरण पुत्र रघुराज परिहार ने शुक्रवार दोपहर उपजिलाधिकारी कोंच से सरकारी आम रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। उनका आरोप है कि उनके घर के सामने से गुजरने वाले सार्वजनिक मार्ग पर पड़ोसी ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। बता दें कि शिकायतकर्ता ने अपने पत्र में बताया कि उनकी अनुपस्थिति में आरोपितों ने सरकारी भूमि पर पशुओं के लिए लिड़ौरी (चारा रखने का स्थान) बना लिया था। साथ ही, रास्ते पर छप्पर डालकर कब्जा कर लिया गया, जिससे आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। जब मैथिलीशरण गांव लौटे और उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपितों ने विवाद शुरू कर दिया। मैथिलीशरण ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपितों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

# जंगल में हार-जीत की बाजी लगाते जुआरियों का वीडियो वायरल



**जालौन/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के आल बिजवाहा गांव के जंगल में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर जुए की फड़ संचालित होने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि यहां प्रतिदिन लाखों रुपये का जुआ खेला जा रहा है और इसमें आसपास के जनपदों के अलावा अन्य जिलों से भी लोग पहुंच रहे हैं।

बता दें कि यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर खुलेआम जुआ खेलते हैं और प्रतिदिन लाखों रुपये के दांव लगाए जाते हैं। हाल ही में इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कई लोग जुआ खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गतिविधि की जानकारी पुलिस को भी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता था। वहीं जुए के कारण क्षेत्र के युवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही जा रही है। वीडियो के बाद पुलिस महकमा हरकत में आया है। मामले में कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जांच कराई जा रही है।

# गायत्री परिवार ने ज्योति कलश रथ यात्रा का किया स्वागत



**रामपुरा/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** जगम्मनपुर और रामपुरा नगर में गायत्री परिवार ने अखण्ड दीप एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विविध धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया गया।

बता दें कि शुक्रवार को रामपुरा नगर के झंडा चैराहे के पास स्थित गायत्री मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष श्रद्धापूर्वक मनाया। वहीं, ग्राम जगम्मनपुर में गायत्री माता मंदिर और गायत्री परिवार के सदस्यों ने ज्योति कलश रथ का तिलक और पूजन कर स्वागत किया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष को युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना का शताब्दी वर्ष माना जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में देशभर में 45 ज्योति कलश रथ संचालित किए जा रहे हैं। इन रथों का उद्देश्य गांव-गांव और जन-जन तक गायत्री साधना, संस्कार और आध्यात्मिक जागरण का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि ज्योति कलश रथ जनपद जालौन के प्रत्येक विकासखंड में तीन-तीन दिन तक भ्रमण करेगा। कदौरा, महेवा और कुठौंद विकासखंडों में भ्रमण के बाद शुक्रवार को यह रथ रामपुरा, जगम्मनपुर और ब्लॉक क्षेत्र के जायघा, टीहर, मई सहित कई गांवों में पहुंचा। इस रथयात्रा में महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर राजकुमार, कुंवर सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, महेश चंद्र सैनी, डॉ. शंकर लाल, देवेंद्र मढौंतिया, कंचन पुरवार, विनीता माहेश्वरी, अनीता द्विवेदी, गुड़िया त्रिपाठी, रमेशचंद्र पोरवाल ह्यलालाह्न, विजय द्विवेदी, राजकुमार द्विवेदी, डॉ. दीपेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार सिंह चंदेल, जगतपाल सिंह राजावत, प्रज्ञादीप गौतम सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सौ से अधिक महिलाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बनाया।

# जगम्मनपुर-बहादुरपुर मार्ग पर दो लघु सेतु का भूमि पूजन

## करीब दो करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण, वर्षों पुरानी समस्या का समाधान




**जगम्मनपुर/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** रामपुरा विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार को जगम्मनपुर-बहादुरपुर मार्ग पर दो लघु सेतुओं के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने इन सेतुओं का शिलान्यास किया। इन सेतुओं के निर्माण से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

बता दें कि जानकारी के अनुसार, रामपुरा विकासखंड के जगम्मनपुर से कुठौंद मार्ग पर ग्राम लिड़ऊपुर के पास बिलौहां गेट पर लोक निर्माण विभाग की सड़क पिछले लगभग दो वर्षों से कटान का शिकार थी। इस कटान के कारण आवागमन बाधित हो रहा था और कई राहगीर दुर्घटनाग्रस्त भी हुए थे। क्षेत्र के लोग लगातार यहां एक लघु सेतु के निर्माण की मांग कर रहे थे। इसके अलावा, जगम्मनपुर और लिड़ऊपुर के बीच झरना नाले पर बनी पुलिया की ऊंचाई कम थी। वर्षा ऋतु में पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगता था और नदी में बाढ़ आने पर 8 से 10 फीट तक पानी भर जाने से यह मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता था। विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन के प्रयासों से इन दोनों समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए शासन ने दो लघु सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी है। इन दोनों परियोजनाओं के लिए क्रमशः 98.12 लाख रुपये और 98.11 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे कुल लागत लगभग दो करोड़ रुपये होगी। भूमि पूजन से पहले ग्राम लिड़ऊपुर में एक जनसभा का आयोजन किया गया।

इसमें स्थानीय वक्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया और उनके समाधान की मांग की। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन और विकास की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क, बिजली और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने कहा कि लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन दोनों लघु सेतुओं से क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का समाधान होगा। इससे वर्षभर सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा, ग्रामीणों को राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने रामपुरा ब्लॉक को विकसित क्षेत्र बनाने के संकल्प को दोहराते हुए सड़कों के निर्माण, 11 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना, नहरों की खुदाई और उनके सुदृढ़ीकरण जैसे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, मंडल महामंत्री हिमांशु चिरवारिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बटेश्वर पाल, शीतल सिंह सेंगर, नरेंद्र प्रजापत, छत्रपाल सिंह सेंगर सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**जालौन/उरई, 12 जून (तरुणमित्र)।** नगर में संचालित आवासीय वृद्धाश्रम में भारतीय महिला एवं मानक कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डां मनोज कुमार द्विवेदी ने आश्रम में रह रहे 30 वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी तथा आवश्यक दवायें दी। बता दें कि भारतीय महिला एवं मानक कल्याण शिक्षा प्रसार समिति के तत्वावधान में आज पुरानी कालिन्द्री टाकीज में संचालित वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डां मनोज द्विवेदी ने सभी 30 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।


**कार्यालय मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण-पूर्व)**
**57-जार्ज टाउन, प्रयागराज-211002**

**ई-निविदा सूचना, दिनांक-12.06.2026**

(1) ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण:- 06/CE(TSE)/2026-27:- विद्युत पारेषण क्षेत्र दक्षिण-पूर्व प्रयागराज के अन्तर्गत 132 के०वी० कैण्ट-मनौरी एंव कैण्ट-करेली (डबल सर्किट) लाईन के लोकेशन नं0 7(DA+0) तथा 9 (DA+0) के मध्य (Length 794 मीटर) स्थित टावर लोकेशन नं0 8(DA+0) को हटाकर 02 नग, नये टावर स्थापित किये जाने से सम्बन्धित कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क (जी०एस०टी० सहित) रू0 1,770.00 तथा निविदा धनरोहर धनराशि 30,000.00

ई-निविदा 06 की अन्तिम तिथि:- 13.07.2026 समय 17:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट- https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

पत्रांक-2185-मु0अ0(पा0द0पू0)/ई-नि0 दिनांक-12/06/2026

**राष्ट्रहित मे बिजली बचायें।**

# सनसनीः हाईवे किनारे बोरी में मिली महिला की लाश

**खागा, फतेहपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** खागा कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब हाईवे किनारे एक पीले रंग की बोरी में अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना सामने आई। स्कुरी गांव के पास सर्विस लेन पर मिले इस शव ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई, जबकि पुलिस ने तत्काल घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह राहगीरों की नजर हाईवे किनारे पड़ी एक संदिग्ध बोरी पर गई। बोरी से दुर्गंध आने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जब बोरी खोली गई तो उसके भीतर एक महिला का शव देखकर सभी के होश उड़ गए। मृतका की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है। शव जिस अवस्था में मिला है, उससे हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**● हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**
**एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर गठित की टीमें**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान कराने के लिए आसपास के जनपदों सहित अन्य जिलों को भी सूचना भेजी गई है। साथ ही पुलिस की विशेष टीमें मृतका की पहचान और घटना के खुलासे के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल से जुड़े सभी संभावित साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। हाईवे और सर्विस लेन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इतना ही नहीं, कौशाम्बी की ओर स्थित टोल प्लाजा के कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जांच के दायरे में लाई गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव को किस वाहन से लाया गया और किन लोगों की इसमें भूमिका हो सकती है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला की पहचान के लिए सोशल मीडिया, पुलिस नेटवर्क और अन्य माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतका को पहचानता हो या उसके संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करे।

# मां व भाई की हत्या करने वाले कलयुगी बेटे के घर मुनादी

**बांदा/बबेरू, 12 जून (तरुणमित्र)।** बबेरू कस्बे के सनसनीखेज मां-बेटे हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने अब कानूनी शिकंजा पूरी तरह कस दिया है। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार दोपहर बबेरू कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी करवाई और मकान पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा का नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी जल्द कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ, तो उसके खिलाफ कुर्की की सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मामला बबेरू कस्बे के तिंदवारी रोड का है। यहाँ के निवासी राजकिशोर मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा ने संपत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर बीते 10 मई 2026 को अपनी सगी मां शांति देवी और सगे छोटे भाई देवीदीन की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी राजकिशोर फरार चल रहा है। दोहरे हत्याकांड के इस मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपनी उपस्थिति छुपा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा गत 18 मई 2026 को आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बावजूद हाजिर न होने पर कोर्ट ने 30 मई 2026 को आरोपी के विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा जारी की।

न्यायालय के इसी आदेश के अनुपालन में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत भारी पुलिस बल के साथ आरोपी के आवास पर पहुंचे। पुलिस ने तिंदवारी रोड स्थित आरोपी के घर के पास और आसपास के इलाके में लाउडस्पीकर व ढोल बजवाकर मुनादी कराई। इसके बाद आरोपी के घर की दीवार पर कोर्ट का नोटिस चस्पा किया गया।

# बिच्छू गैंग ने महायज्ञ में असलहा लहराकर किया हंगामा

**हमीरपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिले में एक बार फिर कुख्यात 'बिच्छू गैंग' का खौफनाक आतंक देखने को मिला है इस बार इस दुस्साहसी गैंग ने आस्था के केंद्र पर हमला बोलते हुए श्री विष्णु महायज्ञ में जमकर विघ्न डाला। मामला मुस्करा थाना क्षेत्र के खड़ेही लोधन गांव का है, जहाँ यज्ञ के दौरान अवैध असलहों के बल पर इस गैंग ने न सिर्फ उत्पात मचाया, बल्कि पुलिस प्रशासन की लचर एवं शर्मनाक कार्यवाही के चलते पूरे गांव में तनाव भय का माहौल बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, खड़ेही लोधन गांव में भव्य श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान बिच्छू गैंग के करीब आधा दर्जन नकाबपोश और दबंग सदस्य हाथों में अवैध असलहे लहराते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंच गए असलहे के दम पर इन बदमाशों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं और कमेटी के लोगों में दहशत फैला दी और जमकर हंगामा काटा ,हालांकि, ग्रामीणों और यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने अपनी जान पर खेलकर हिम्मत दिखाई और मौके से गैंग के दो गुर्गों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने इस गंभीर मामले को हल्के में लिया पुलिस ने पकड़े गए दो आरोपियों में से केवल एक पर अवैध असलहे की धारा लगाकर जेल भेजा, जबकि दूसरे आरोपी का बेहद मामूली धाराओं में चालान कर छोड़ दिया।

# दीनदयाल शोध संस्थान में योग प्रशिक्षण का आज अंतिम दिन

**चित्रकूट, 12 जून (तरुणमित्र)।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत चित्रकूट की सभी प्रमुख संस्थाओं, संत महात्माओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से नगर के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलम्बन केन्द्रों पर भी योग की बात पहुंच सके इसके लिये लगभग दो सैकड़ा लोगों को 11 से 13 जून तक योग प्रशिक्षक डॉ तुषार कांत शास्त्री द्वारा आरोग्यधाम में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

चित्रकूट क्षेत्र में योग की जो संरचना बनी है, उसमें 100 से अधिक स्थानों पर योगाभ्यास किया जाना है। योगाभ्यास के लिए जो स्थान चिन्हित किए गए उसमें चित्रकूट क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिर, आश्रम एवं सामाजिक संस्थाओं सहित विभिन्न विभाग शामिल हैं, उपरोक्त स्थानों पर

**● 14 से 20 जून तक चित्रकूट में 100 से अधिक स्थानों पर होगा योगाभ्यास**
**● 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में होगा सम्पन्न**

जिन प्रशिक्षकों ने आरोग्यधाम में प्रशिक्षण लिया हैं, उनके द्वारा इन स्थानों पर योग शिविर लगाए जाएंगे। सभी चिन्हित स्थानों पर दि. 14 जून से 20 जून तक सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्राणायाम, मुद्राभ्यास, सन्धियोग, योगासन और सूर्य नमस्कार की सभी क्रियायें एवं आसन कराये जायेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। चित्रकूट का यह प्रयोग अपने आप में एक अनूठा प्रयोग है कि अलग-अलग स्थान पर एक सप्ताह योग क्रियाएं सीखने के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बड़ा कार्यक्रम एक स्थान पर सुनिश्चित होता है जिसमें नगर एवं आसपास के सभी केन्द्रों के लोग उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। चित्रकूट का संत समाज भी बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर योग अभ्यास में शामिल होता है, यह आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी मिसाल साबित हुआ है। गौरतलब है कि इसके पूर्व 4 बार 21 जून का सामूहिक बृहद कार्यक्रम ग्रामोदय विश्वविद्यालय में तथा 3 बार डीआरआई के सुरेंद्रपॉल विद्यालय खेल प्रांगण में तथा 2 बार सद्गुरु सेवा संघ के खेल प्रांगण में किया जा चुका है। इस बार 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। इस वृहद आयोजन को लेकर दीनयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने चित्रकूट नगर एवं सभी ग्रामीण केन्द्र, चित्रकूट जनपद तथा मझगवां जनपद के स्वावलम्बन केन्द्रों एवं सम्पर्कित ग्रामीण केन्द्रों पर ग्रामवासियों की भागीदारी के साथ योग के इन प्रयोगों को नियमित रूप से अपनाने व दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया है।आरोग्यधाम में प्रशिक्षकों द्वारा इस समय योग की सभी क्रियाओं को सिखाया जा रहा है। उनके द्वारा योग स्थितियों, मुद्राभ्यास और योगासन से होने वाले लाभों से भी सभी को अवगत कराया जा रहा है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, दो घायल

**फतेहपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसे के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के पेरी गांव निवासी प्रमोद कुमार की 39 वर्षीय पत्नी मंजू देवी अपने 45 वर्षीय भाई संजय पुत्र रामकुमार मिश्रा निवासी उमरी थाना कोतवाली के साथ बाइक से मायके आ रही थी। बताते है कि जैसे ही यह लोग थरियांव थाने के एनएच 2 में पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे मंजू की मौके पर ही मौत हो गयी। इसी प्रकार गोरखपुर जनपद के थाना गोला बाजार गांव कुकरहा गांव निवासी छोटे लाल का 21 वर्षीय पुत्र जय आशीष आरसीसी मिक्सर मशीन चलाता है। बताते हैं कि भोर पहर लगभग चार बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज शालीमार होटल के समीप एनएच 2 में पीछे से आ रहे ट्रक ने मिक्सर मशीन में टक्कर मार दिया। जिससे जय आशीष की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने मौके में पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जिले की 16 ग्राम पंचायतें हुईं बाल श्रममुक्त

**कन्नौज, 12 जून (तरुणमित्र)।** जून उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिक कार्ययोजनाओं के अंतर्गत प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में प्रदेश के आठ आकांक्षी जनपदोंकृबहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र, चित्रकूट, चंदौली, सिद्धार्थनगर एवं फतेहपुरकृतथा कानपुर मंडल के समस्त जनपदोंकृकानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा एवं फरुर्खाबादकृसहित जनपद गोंडा को वर्ष 2026 में ही बाल श्रम मुक्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।





इसको लेकर 12 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद कन्नौज की 16 ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में जनपद से कुल 47 गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इनमें संबंधित 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियाँ, जनपद के संबंधित अधिकारीगण तथा श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु कलेक्टेट परिसर से बस द्वारा प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना किया गया। बस को मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# जरिया थाने की पुलिस निष्क्रिय, चोर टोली सक्रिय

**हमीरपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव में चोरों का आतंक और दहशत होने से लोग खासी परेशान है। लोगों कहना है कि जरिया पुलिस की निष्क्रिय से चोर सक्रिय हैं। बीती रात में चोर घरों के ताले तोड़कर घुसकर नकदी और जेवर चुरा रहे हैं। बुधवार देर रात को गांव के कई घरों से चोरी हुई। ग्रामीणों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। रात के समय लाइट न आने का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर किसी न किसी मकान में घुसकर जेवर और अन्य सामान चोरी कर रहे हैं। भाजपा नेता पंकज पाठक ने बताया कि बुधवार रात को चोर ताला तोड़कर घर से कैश और जेवर चोरी कर ले गए।

वही घर में हुई चोरी के शिकार दूसरे ग्रामीण दीपक राजपूत ने कहा कि उनकी किराना की एक बड़ी दुकान है घर का ताला तोड़कर बुधवार रात्रि चोर पिताजी की फसल का बेंच सहित अन्य पारिवारिक सदस्यओं का रखा रुपया और जेवर लेकर फुर्र हो गए खेड़ा निवासी और स्थानीय भाजपा नेता पंकज पाठक ने बताया कि वह अपने घर में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर घर में घुसे और जेवर सहित घर में रखे रूपयों की चोरी कर ले गए गांव में एक साथ कई जगह हुई चोरियों पर हड़कंप मचा हुआ है चोरों की दहशत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चोरों ने भाजपा नेता के घर पर भी हाथ साफ करने से कोई गुरेज नहीं किया । भाजपा नेता के घर हुई चोरी के बाद स्थानीय ग्रामीण पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पर 11 कर्मचारियों का वेतन रोका, स्पष्टीकरण तलब

**चित्रकूट, 12 जून (तरुणमित्र)।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'फार्मर रजिस्ट्री' के कार्यों में घोर लापरवाही, शिथिलता और स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में आज जिला प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया है। जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग द्वारा की गई समीक्षा बैठक में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत खराब प्रगति पाए जाने पर 11 प्राविधिक सहायकों एवं बी.टी.एम./ए.टी.एम. का वेतन अग्रिम आदेशों तक तत्काल प्रभाव से रोक (अवरूद्ध) दिया गया है।

दिनांक 11 जून, 2026 को हुई विभागीय समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि संबंधित क्षेत्र के उत्तरदायी कार्मिकों द्वारा प्रतिदिन मात्र 1 से 2 फार्मर रजिस्ट्री ही कराई जा रही है। उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार दिए जा रहे निर्देशों और चेतावनियों के बावजूद इन कर्मचारियों की कार्य पद्धति में कोई सुधार नहीं देखा गया। इसके अतिरिक्त, इन कार्मिकों के समय से क्षेत्र में न पहुँचने और राजकीय कार्यों के प्रति गंभीर न होने की बात भी सामने आई है। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अत्यधिक रोष प्रकट किया और इसे राजकीय कार्यों के प्रति घोर उदासीनता व स्वेच्छाचारिता माना है। वेतन रोके जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची निम्नलिखित है लेखपाल प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी), जनार्दन सिंह प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी), सोनिया तिवारी प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी), गरिमा गुप्ता प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी), द्विवेन्द्र कुमार प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी), रावेन्द्र कुमार प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी),ओमप्रकाश प्रा0 सहायक (ग्रुप-सी),श्रीकान्त चौरिहा बी०टी०एम०, प्रदीप कुमार ए०टी०एम०, रामनरेश ए०टी०एम०, जयकरन सिंह ए०टी०एम० प्रशासन द्वारा उक्त समस्त कार्मिकों को कड़े लहजे में निर्देशित किया गया है किः वे अपने-अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से समय पर पहुँचें और प्रतिदिन न्यूनतम 10 फार्मर रजिस्ट्री बनाना सुनिश्चित करें। कार्य में लापरवाही और कम प्रगति के संबंध में 02 दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समयावधि (02 दिन) के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है या कार्य में तत्काल सुधार नहीं दिखता है, तो संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध सेवा नियमावली के तहत कठोर दंडात्मक व विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 11 साल पुराने गैंगस्टर केस में तीन दोषियों को तीन वर्ष की सजा

**बांदा, 12 जून (तरुणमित्र)।** गैंगस्टर कोर्ट ने एक दशक से भी अधिक पुराने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए तीन शातिर अपराधियों को सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाल सिंह की अदालत ने मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए 3-3 वर्ष के कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दोषियों को एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि 14 जून 2014 को जनपद बांदा के बिसंडा थाना में तत्कालीन थाना प्रभारी अमर सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इन अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह था, जिसका सरगना कुलदीप था और बाकी दोनों उसके सक्रिय सदस्य थे। यह गिरोह संगठित रूप से अपराध कर आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित करने का अभ्यस्त था। इनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे, जिसके आधार पर गैंग चार्ट तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई थी।

# डीएम ने ई-रिक्शा प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान की शुरुआत

**महोबा, 12 जून (तरुणमित्र)।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जनपद में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान की शुरूआत की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बाल श्रम रोकथाम संबंधी संदेशों से सुसज्जित ई-रिक्शा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के सभी शहरों, कस्बों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के शिक्षा के



अधिकार तथा बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनों की जानकारी देगा। अभियान के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया जाएगा कि बच्चों का स्थान स्कूल में है, कार्यस्थलों पर नहीं। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसके उन्मूलन के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह किसी भी बच्चे को श्रम करते हुए देखे तो संबंधित विभाग को सूचना देकर उसके संरक्षण एवं शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बाल श्रम निषेध अधिनियम तथा बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि बाल श्रम मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर पंकज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बाल श्रम उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जाखलौन में खाद्य सुरक्षा विभाग का मसाला प्रतिष्ठान पर छापा, भारी मात्रा में सामग्री सीज

**ललितपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जाखलौन क्षेत्र के खुशीपुरा स्थित रिया गोल्ड मसाले प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई की निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता से लाइसेंस एवं पंजीकरण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन उसके पास वैध लाइसेंस/पंजीकरण नहीं पाया गया।

जांच में 25 बोरियों में रखी लगभग 625 किलो पैकिंग सामग्री भी मिली, जिसे विभागीय टीम ने सीज कर दिया। खाद्य कारोबारकर्ता ने बताया कि वह ललितपुर में मसाले पिसवाकर अपने घर पर उनकी पैकिंग करता है। उसके पास केवल खुदरा व्यवसाय का पंजीकरण था, जबकि इस प्रकार के कार्य के लिए आवश्यक लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। इसके चलते विभाग ने उसका व्यवसाय आवश्यक लाइसेंस/पंजीकरण प्राप्त होने तक बंद करा दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि संग्रहित नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। छापामार कार्रवाई में सहायक आयुक्त खाद्य-क्कविनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन एवं नागेंद्र कुमार शामिल रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एमएलसी ने किया वृक्षारोपण का शुभारंभ

**महोबा, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महोबा नगर स्थित शिव तांडव पार्क में भाजपा कार्यकताओं द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ मिलकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक एवं सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण



के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देशभर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। महोबा में भी भाजपा कार्यकर्ता जनसहभागिता के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। उपस्थित कार्यकताओं ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश सोनी की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब में दी गई श्रद्धांजलि

**ललितपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वावधान में शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं कीर्तिशेष स्वर्गीय ब्रजेश सोनी की 7वी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ब्रजेश सोनी ने अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी पत्रकारिता के माध्यम से हमेशा गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने



समाज के कमजोर तबकों को न्याय दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। जनपद के विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के प्रति उनका समर्पण और कार्यशैली आज भी युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला अस्पताल परिसर

**● जिला अस्पताल परिसर में असहायों को कराया भोजन**

स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में गरीब, पीड़ित एवं असहाय लोगों के लिए भोजन वितरण की व्यवस्था की गई।

इस दौरान जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराकर स्वर्गीय ब्रजेश सोनी की स्मृति को नमन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के महामंत्री अमित सोनी ने किया। उन्होंने स्वर्गीय ब्रजेश सोनी के जीवन और पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्यों ने बारी-2 उनके द्वारा किए गए योगदानों पर प्रकाश डाला एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में कृष्णकांत सोनी ने कहा कि मे अपने पिताजी द्वारा दिखाये रास्ते पर चलने एवं उनकी सकारात्मक पत्रकारता को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं,सातवीं पुण्यतिथि पर उनके चरणों में शत-शत नमन इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक मंडल सदस्य संतोष शर्मा, मनजीत सिंह सलूजा, पवन संज्ञा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन (कल्लू), कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह (पाली), कार्यालय प्रभारी अजीत जैन (भारती), अशोक कुमार स्वर्णकार, प्रीतमलाल विश्वकर्मा, जगदीश प्रसाद पाराशर, राजाराम गोस्वामी,सुरेश कुमार श्रीवास्तव, दीपक कुमार (पटवारी), एड.अरमान अजीज कुरैशी, अजय जैन, कृष्णकांत सोनी, अखिलेश सेन, विनोद मिश्रा, रमेश रायकवार, अलोक चतुवेर्दी, प्रदीप रिछारिया, शिशुपाल सिंह, बृजमोहन संज्ञा, ओमप्रकाश बिरथरे, शिवशंकर पाठक, विनोद कुमार त्रिपाठी, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, विलास पटेरिया, इंजी संजय चौबे, सहर्ष चौबे, डॉ. सौरभ देवलिया, शुभम देवलिया, संदीप शर्मा, आलोक खरे, कुंदन पाल, कमलेश साहू, पंकज रायकवार, अमित राठौर, योगाचार्य मुकेश साहू, योगाचार्य अनुराग चतुवेर्दी, ब्रजेश तिवारी, आशीष तिवारी, निहाल सेन, दिव्यांश शर्मा, मनीष पाठक, शिवम अग्निहोत्री, अरविंद संज्ञा, अमित लखेरा, अनंत सराफ, शैलेष जैन, अजय प्रताप सिंह तोमर, एड.पवन तिवारी, मथुरा प्रसाद सोनी, महेश सोनी, पंकज सोनी, अंकित सोनी, रामनारायण सोनी, संजू श्रोतिय, दीपक राठौर, बलराम राज पंकज राठौर मोनीष देवलिया, अजय नामदेव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों व रात्रि चौपालों के सफल संचालन के निर्देश भी दिए

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में लंबित एवं निस्तारित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार



नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करते हुए शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर दर्ज प्रत्येक शिकायत प्रशासन की जवाबदेही से जुड़ी है, इसलिए उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि असंतोषजनक अथवा तथ्यहीन निस्तारण पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद भर में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों, विशेष जनसंपर्क अभियानों एवं रात्रि चौपालों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रमों को प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रात्रि चौपालों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना जाए तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का सफल संचालन करने तथा शासन की उपलब्धियों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एनसीसी कैडेट्स को कराया अभ्यास

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा0 सुमन कुशवाहा ने बताया कि12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के अवसर पर "Yoga for Healthy Ageing" थीम के अन्तर्गत संचालित कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्रों की श्रृंखला में शुक्रवार प्रातः 5:30 बजे संगम इंटरनेशनल स्कूल, भूपियामऊ, प्रतापगढ़ के प्रांगण में विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 बटालियन एनसीसी, प्रतापगढ़ के कैडेट्स को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़



बनाए रखने, तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने तथा तन-मन को स्वस्थ, शांत एवं प्रसन्नचित रखने में योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह यादव ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) कृष्ण कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा, सुनीता सिंह, सुमन सिंह, योग सहायक अजय त्रिपाठी, सतीश सिंह सहित समस्त एनसीसी स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं योगाभ्यास सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा उपस्थित प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**सुलतानपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन्स में शुक्रवार को 27वीं अन्तर-जनपदीय लखनऊ जोन वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के नौ जनपदों के करीब 110 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को सफलता की कुंजी बताया। उद्घाटन के साथ ही विभिन्न टीमों के बीच मुकाबलों का रोमांच भी शुरू हो गया। पुलिस अधीक्षक एवं प्रतियोगिता की सचिव श्रीमती चारू निगम ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वार्षिक कैलेंडर के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और सेपक टकरा के महिला एवं पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए पुलिस लाइन्स में विशेष कोर्ट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता रविवार तक चलेगी,जिसमें लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों की टीमें खिताब जीतने के लिए जोर आजमाइश करेंगी। उद्घाटन समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

# योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता

## सीडीओ ने गोविंदपुर गोरियो में रात्रि चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**कौशाम्बी, 12 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने गुरुवार को विकास खंड नेवादा की ग्राम पंचायत गोविंदपुर गोरियो में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लाभार्थियों से पुष्टाहार वितरण, पेंशन, शौचालय,



राशन, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ₹स्कूल चलो अभियान₹ को सफल बनाने के लिए प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें।

पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा पांच वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्मार्ट क्लास, डिजिटल संसाधन और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दे रही है।

सीडीओ ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि ऑर्गेनिक खेती से पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सर्वेक्षण से छूटे पात्र परिवारों का नाम सूची में दर्ज कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाएं एवं विभिन्न जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकताओं द्वारा गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं टीकाकरण कराया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग घटनाओं में तीन युवतियों के अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** अलग-अलग घटनाओं में तीन युवतियों के अपहरण को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीडित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जून की सुबह उसकी बीस वषीर्या पुत्री घुइसरनाथ जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता के अनुसार गायब युवती मानसिक रोगी भी है। वहीं दूसरी घटना में पीड़ित पिता का आरोप है कि नौ जून को दोपहर करीब दो बजे उसकी पुत्री घर से कालेज में पेपर देने के लिए निकली थी लेकिन वापस नही लौटी। पीडित पिता ने कीर्तपुर पहाड़पुर निवासी आरोपी कैलाश सरोज पुत्र कमलेश सरोज के खिलाफ पुत्री को अपहृत किये जाने की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती नौ जून की रात करीब आठ बजे उसकी इक्कीस वषीर्या पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही चला। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### मनरेगा के नाम पर लाखों रुपए की बंदरबाट

**सुलतानपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** लंभुआ ब्लॉक की शिवगढ़ ग्राम पंचायत में मनरेगा के नाम पर लाखों रुपये की बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जांच में 10 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद ग्राम प्रधान समेत छह जिम्मेदारों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है।भूमि संरक्षण अधिकारी की जांच में नाबालिग के नाम फर्जी जॉब कार्ड बनाकर भुगतान, बिना काम कराए धन निकासी,पहले से कराए गए कार्यों पर दोबारा भुगतान और रसोइया को मनरेगा मजदूर दिखाकर सरकारी धन हड़पने जैसे गंभीर आरोप सही पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान सूरज साहू,ग्राम पंचायत अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायकों सहित छह लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए धनराशि की रिकवरी की संस्तुति की गई है।सभी संबंधितों से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है। बीडीओ नीलिमा गुप्ता ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। निर्देश मिलते ही दोषियों के खिलाफ रिकवरी और विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### नाले की बदहाली बनी व्यापारियों के लिये मुसीबत

**सुलतानपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में नगर के दरियापुर क्षेत्र के व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालचंद सरोज को ज्ञापन दिया। जिसमें दरियापुर चौराहे के पास स्थित नाले का पानी और मलबा व्यापारियों की दुकानों एवं घरों में भर रहा है इस प्रकरण को मंच के जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा की दरियापुर स्थित नाले का कुछ भाग बहुत ही सकरा और क्षतिग्रस्त है जिससे थोड़ी भी बरसात होने पर आसपास की दुकानों एवं घरों में पानी घुस जाता है और लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है इसको अति शीघ्र स्थाई रूप से दुरुस्त करते हुए पानी की निकासी सुनिश्चित की जाय। क्षेत्र के व्यापारी और जनमानस में कहा कि कई बार सूचित करने पर भी कोई स्थाई निराकरण पालिका द्वारा नहीं किया गया। अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज ने इस प्रकरण को तुरंत संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता को निरीक्षण करने हेतु आदेशित किया। ज्ञापन देने में संतोष जायसवाल, अश्विनी वर्मा, सुधीर गुप्ता, देवा, सुनील श्रीवास्तव आदि क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** वादी निवासी ग्राम अगोरी बाजार लरू, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ के अनुसार उसकी माता को ग्राम ताजपुर सरियांवा शिवचरन का पुरवा निवासी दीपक यादव पुत्र दुधनाथ यादव ने पिछले लगभग दो वर्षों से प्रेम संबंधों के बहाने अपने प्रभाव में लेकर विभिन्न बहानों से करीब 1,50,000 प्राप्त किए तथा विरोध करने पर बदनाम करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। उक्त प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर 11.06.2026 को उसकी माता ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी कुण्डा तथा बाद में एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कुण्डा में बीएनएस बनाम 1 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कुण्डा मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कुण्डा के उ0नि0 मृत्युंजय पांडेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 108 बीएनएस थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 1 अभियुक्त दीपक यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी ग्राम शिवचरन का पुरवा सरियांवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र 28 वर्ष को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मसालों की निर्माण इकाइयों पर खाद्य विभाग की छापेमारी, पांच नमूने जांच के लिए भेजे

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद प्रतापगढ़ में 11 एवं 12 जून 2026 को विशेष अभियान चलाकर विभिन्न ब्रांडों के मसालों की थोक एवं निर्माण इकाइयों पर सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर पांच विधिक नमूने संग्रहित किए।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 अभय कुमार सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद की विभिन्न मसाला निर्माण एवं विक्रय इकाइयों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान औद्योगिक क्षेत्र सुखपाल नगर स्थित मेसर्स श्री रमा गृह उद्योग से धनिया पाउडर के दो नमूने संग्रहित किए गए। वहीं करनपुर स्थित मेसर्स हनुमत ट्रेडर्स से मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर के दो नमूने लिए गए।

इसके अतिरिक्त मौलानी शीतलागंज स्थित मेसर्स प्रकाश एजेंसी से काली मिर्च का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल पांच विधिक नमूनों को संग्रहित कर गुणवत्ता एवं मानकों की जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, श्री यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉ. तूलिका शर्मा तथा डॉ. शमशुन नेहा सहित खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम उपस्थित रही।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 अभय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे विशेष अभियान।

# संगठन सर्वोपरि, दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें : अमरनाथ

**प्रयागराज, 12 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार जिले की बैठक रामपुर कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी यमुनापार अमरनाथ यादव ने संगठनात्मक विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की विस्तृत रूपरेखा तय की। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें तथा संगठन के निदेर्शों को प्राथमिकता देते हुए यमुनापार की चारों विधानसभाओं में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा, संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता ही भविष्य की विजय का आधार बनता है।

# स्वस्थ समाज के निर्माण में योग और स्वच्छता दोनों अनिवार्य : गणेश

**प्रयागराज, 12 जून (तरुणमित्र)।** आयुष विभाग, नगर निगम एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर में योग और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक भव्य रन फॉर योग एवं स्वच्छता रैली (पदयात्रा) का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह पदयात्रा चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर 1 से प्रारम्भ होकर सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई।

रैली को रवाना करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयुर्वेद, योग और स्वच्छता के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग और स्वच्छता दोनों ही अनिवार्य है।

नुक्कड़ नाटक का आकर्षणइस अवसर पर आम जनता को योग और स्वच्छता अपनाने तथा स्वस्थ जीवन शैली का पालन करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग अपनाने और अपने आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. नवीन सोनी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, आयुष विभाग के सहयोगियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

# एक ही दिन पूर्व प्रधान व पुत्रवधू के निधन पर बिलखे परिजन

**लालगंज, प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय विकासखण्ड के बैजलपुर गांव के कई पंचवर्षीय योजनाओं में प्रधान रहे बाबू राम सिंह 81 का गुरूवार की भोर में निधन हो गया। वह संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह के पिता भी थे।

इधर दोपहर दिवंगत पूर्व प्रधान राम सिंह की पुत्रवधू नीलम सिंह 50 का भी बीमारी के चलते दिन में लगभग डेढ़ बजे निधन हो गया। परिवार में एक साथ दो मौतों को लेकर परिजन बिलख पड़े। वही पूर्व प्रधान व उनकी पुत्रवधू के निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना गांव पहुंची और शोकाकुल परिजनों से मिलकर स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से संवेदना प्रकट की। स्व0 राम सिंह राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के खांटी समर्थक रहे। तहसील में भी साथी के पिता व भाभी के निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी घनश्याम मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विपिन शुक्ल, शिवरंजन यादव, अबरार अहमद, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र ने भी स्व0 राम सिंह के निधन पर गहरा दुख जताया है।

# मारपीट के मामले में पांच गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** गुरुवार को प्रातः लगभग 6:30 बजे ग्राम बुड़ैला थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ में टीन हटाने की बात को लेकर दो पक्षों के मध्य विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षीगण बनवारी, संतोष, पंकज, विजय, सुनीता एवं नन्हेलाल निवासीगण ग्राम बुड़ैला द्वारा एकराय होकर लाठी-डंडा एवं कुल्हाड़ी से वादी पक्ष के रमेश कुमार, मुरलीधर, अभिषेक कुमार एवं प्रीतम कुमार के साथ मारपीट की गई, जिससे 2 व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं तथा उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर किया गया। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अंतू में बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# मृदा संरक्षण व वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, बचेगी भूमि की उर्वरता : अनिल

**कौशाम्बी, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिले में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत शेखपुर रसूलपुर में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक अनिल कुमार सागर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त कृषि निदेशक ने कहा कि खेत बचाओ अभियान₹ का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए किसानों को नियमित रूप से मिट्टी की जांच करानी चाहिए और जांच रिपोर्ट के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे उत्पादन लागत में कमी आएगी और खेतों की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग कर टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती को अपनाकर खेती को लाभकारी बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक अमित केशरी ने खरीफ सीजन की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों को उन्नत किस्म के बीजों के चयन, बीजोपचार, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां किसानों के लिए अधिक उपयोगी साबित हो रही हैं। इन तकनीकों के माध्यम से किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

# ग्रेट निकोबार संरक्षण के लिए कांग्रेस का जनजागरण व हस्ताक्षर अभियान

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** जननायक नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी द्वारा ग्रेट निकोबार को कॉर्पोरेट लूट से बचाने, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत अम्बेडकर चौराहे पर स्तिथ संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति के समक्ष हस्ताक्षर अभियान एवम जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित के इस अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ.




नीरज त्रिपाठी एवम जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि, ग्रेट निकोबार केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक धरोहर है।

इसे कॉर्पोरेट हितों की भेंट चढ़ाने का प्रयास पर्यावरण, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

भाजपा सरकार एक ओर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर बड़े कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों को सौंपने का कार्य कर रही है। यह सरकार के दोहरे चरित्र को दशार्ता है। कांग्रेस पार्टी प्रकृति, पर्यावरण और जनहित की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा एवम जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप से कहा कि जनता का उत्साह और समर्थन यह साबित करता है कि देश की जनता पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को लेकर सजग है।

ग्रेट निकोबार को बचाने का यह अभियान केवल हस्ताक्षर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का एक व्यापक जनआंदोलन है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ला, मासूम हैदर,काशी नारायण मिश्र, प्रेम शंकर द्विवेदी, इन्द्रानंद तिवारी, अंजली उपाध्याय, खुशी यादव, चंद्रनाथ शुक्ला, रामरतन तिवारी, डॉ दीपक शुक्ला, अमित पाण्डेय, सुरेश मिश्र, शुभम मिश्र,विजय प्रताप त्रिपाठी, केके शुक्ला, अश्वनी उपाध्याय, आशिक अली, रविंद्र मिश्रा, नूर आलम,देवमणि पांडेय, पृथ्वीराज गौतम, रामधन यादव, कपिल ओझा, कृष्ण कुमार पांडेय, रवि प्रताप सिंह, मुकेश यादव, रामबरन कोरी, बैजनाथ यादव, अवनीश कुमार शुक्ल, आशीष शुक्ल,पारस, विजय, राजेश, अनिल कुमार मिश्र इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** अधिवक्ता पर जानलेवा हमले की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव निवासी राजेश्वर यादव पुत्र दसाराम यादव स्थानीय तहसील में अधिवक्ता हैं। पीड़ित अधिवक्ता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को सुबह करीब छः बजे वह प्रतिदिन की तरह मार्निंग वॉक कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच पीछे से पहुंचे आरोपी मृत्युंजय उपाध्याय पुत्र घनश्याम उपाध्याय निवासी खीरी समापुर ने पीड़ित का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकला। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी मृत्युंजय उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रायबरेली में 16 को आयोजित होगी एक दिवसीय कृषक गोष्ठी

**प्रतापगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने अवगत कराया है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के 12 वर्ष तथा उप्र के मुख्यमंत्री के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उद्यान विभाग द्वारा 16 जून 2026 को श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय, कठवारा, जनपद रायबरेली में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी एवं कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस विशेष आयोजन में लखनऊ, अयोध्या एवं प्रयागराज मंडलों के प्रगतिशील कृषक प्रतिभाग करेंगे। मेले में किसानों द्वारा किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी तकनीकों, उन्नत उत्पादों की प्रदर्शनी तथा विभिन्न सफल मॉडल्स का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ वैज्ञानिक किसानों को नवीन तकनीकों, उन्नत खेती, फल एवं सब्जी उत्पादन, मूल्य संवर्धन तथा आय वृद्धि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे।

जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के इच्छुक किसानों से अपील की है कि जो किसान उक्त गोष्ठी एवं मेले में प्रतिभाग करना चाहते हैं, वे शीघ्र ही जिला उद्यान कार्यालय, प्रतापगढ़ में संपर्क कर अपने आधार कार्ड की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए अपना पंजीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी किसानों को 16 जून 2026 को प्रातः 6:00 बजे जिला उद्यान कार्यालय परिसर में उपस्थित होना होगा, जहां से आरक्षित वाहन द्वारा उन्हें कार्यक्रम स्थल रायबरेली ले जाया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर नवीन कृषि तकनीकों एवं नवाचारों का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**बहराइच, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।



बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नावों, राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाओं, पशु चिकित्सा सेवाओं तथा सुरक्षित आश्रय स्थलों की व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए। उन्होंने बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों का नियमित चार्ट बनाते हुए पीपीटी फाइनल कर ली जाय। साथ ही तहसीलदार को टेण्डर इत्यादि की सूचना भी उपलब्ध करायी जाय।

बैठक में सिंचाई विभाग को तटबंधों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य वर्षाऋतु से पूर्व पूर्ण कराने, जबकि राजस्व विभाग को बाढ़ प्रभावित गांवों की अद्यतन सूची तैयार रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को दवाओं एवं चिकित्सा टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को बाढ़ संबंधी सावधानियों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को न्यून से न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद सहित पुलिस विभाग, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन, नगर निकाय, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोधि-पथ साप्ताहिक कार्यशाला 15 को

**बहराइच, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द ने बताया कि निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उ.प्र. के निर्देशानुसार 15 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे मान्टेसरी इण्टर कालेज मेवातीपुरा, बहराइच में ग्रीष्माकालीन बोधि-पथ साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संजीव श्रीवास्तव, आर.पी.एन. श्रीवास्तव व पंकज श्रीवास्वत को सौंपी गई है। श्री नन्द ने समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापकों से अपेक्षा की है कि शैक्षणिक स्टाफ के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# भविष्य के सारथी हैं एनसीसी कैडेट: मंडलायुक्त

**गोंडा, 12 जून (तरुणमित्र)।** 48 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 160, मनकापुर में आज कैंप के सातवें दिन देवीपाटन मंडल की मंडल आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कैंप एरिया का निरीक्षण किया। मंडल आयुक्त के आगमन पर कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने उनका स्वागत किया तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा मंडल आयुक्त को गार्द आफ आनर दिया गया। कर्नल सुनील कपूर ने अपने कैंप कार्यालय में मंडल आयुक्त को कैंप की संरचना के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इसके उपरांत मंडल आयुक्त ने कैंप कुक हाउस, फायरिंग रेंज तथा ड्रोन ट्रेनिंग सेंटर और आवासीय परिक्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया! मंडल आयुक्त ने कैम्प निरीक्षण के दौरान कैंप की व्यवस्था के लिए कैंप कमांडेंट और लोकल प्रशासन मनकापुर एसडीएम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस ग्रामीण क्षेत्र में इस कैंप के माध्यम से नवीन ऊर्जा का संचार कर दिया है। कैडेटो को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त ने एनसीसी को कैडेटो के विकास का एक पूर्ण पाठ्यक्रम बताया जो उनके भावी भविष्य का मजबूत आधार बनता है। समय पालन और अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी होती है और यही एनसीसी कैडेट को सिखाती है! समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करना ही एनसीसी कैडेट का परम कर्तव्य है। मंडल आयुक्त ने विकसित भारत रूपी रथ का सारथी एनसीसी कैडेट को कहा कि जिस प्रकार अर्जुन के रथ को कृष्ण ने पार लगाया उसी प्रकार एनसीसी कैडेट भारत के भावी भविष्य को तैयार करेंगे और तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसा के रखेंगे। मंडल आयुक्त ने अग्नि वीर परीक्षा में बटालियन से चयनित होने वाले 41 कैडेटो को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कैंप कमांडेंट ने बटालियन की ओर से मंडल आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट किया।




इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर राजेश द्विवेदी, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, रमेश शुक्ला,अमिताभ पांडेय और सूबेदार मेजर आनंदपाल सिंह तथा बटालियन के पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनीं जनसमस्याएं

**श्रावस्ती, 12 जून, (तरुण मित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों का तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।



उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर निस्तारण किया जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि फरियादियों के शिकायत पत्रों का पंजिकाओ में अंकन किया जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों के फोन नम्बर पर जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें शिकायतों के निस्तारण की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी।

इसलिए शिकायतों का निस्तारण कागज पर नही बल्कि धरातल पर दिखे यह सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे नही तो कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

**बहराइच, 12 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के अभूतपूर्व विकास, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उद्यमियों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला एवं युवा उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मेलन में उपस्थित उद्यमियों एवं अधिवक्ताओं ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, सुशासन की पहल तथा नागरिक सेवाओं में आए सकारात्मक बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों से देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिली है तथा आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही उपस्थित प्रबुद्ध जनों से सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, उद्यमी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीजीसी राजस्व अजय शर्मा, एडीजीसी अतुल गौड़, एकता जायसवाल, व्यापारी प्रमोद डालमिया, विनोद अग्रवाल, मनोज गुप्ता, दुर्गेश पाण्डेय, सरदार मोहन सिंह, सुधाकर मिश्रा, आलोक शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, अनिल मिश्रा, संदीप मिश्रा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 16 जून को

**बहराइच, 12 जून (तरुणमित्र)।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 16 जून 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## मत्स्य विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**नरबगंज गोंडा, 12 जून (तरुणमित्र)।** तहसील प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मत्स्य विभाग की जमीन को कब्जामुक्त करा दिया। यह कार्रवाई आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच के बाद की गई।

उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने ग्राम हरिहरपुर और पर्वती गांव की सीमा पर स्थित मत्स्य विभाग की भूमि का सीमांकन कराया। जांच में पाया गया कि विभाग की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। सीमांकन के दौरान भूमि की पैमाइश कर अवैध कब्जा हटवाया गया।

# मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने एचआईवी पॉजिटिव मरीज का सफलतापूर्वक किया जटिल किडनी ट्रांसप्लांट

**गोंडा, जून, 12 जून (तरुणमित्र)।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, के डॉक्टरों ने गोंडा, उत्तर प्रदेश के 41-वर्षीय एचआईवी पॉजिटिव मरीज का लिविंग डोनर किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया। यह मामला जटिल चिकित्सा परिस्थितियों में भी उन्नत ट्रांसप्लांट देखभाल की संभावनाओं को दिखाता है।

मरीज को वर्ष 2018 में एचआईवी का पता चला था। इसके बाद उसकी किडनी की कार्यक्षमता धीरे-धीरे घटती गई और वह एंड-स्टेज रीनल डिजीज तक पहुंच गया। इस वजह से उसे 2023 से नियमित डायलिसिस कराना पड़ रहा था। एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी पर रहने के बावजूद उसे ट्रांसप्लांट के विकल्प तलाशने में काफी दिक्कत हुई,



क्योंकि प्रक्रिया की जटिलता को देखते हुए कई केंद्र आगे नहीं आए।

जनवरी 2026 में डॉक्टरों ने मरीज को मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, की ट्रांसप्लांट टीम के पास रेफर किया, यहां डॉ. वेंकटेश थम्मिशेट्टी, एसोसिएट डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट फिजिशियन, और डॉ. राहुल यादव व डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, डायरेक्टर्स-यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट एवं रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी, ने उनकी पूरी तरह से जांच कर स्थिति समझी और मूल्यांकन किया। जांच के बाद टीम ने उपचार की योजना बनाई, इस योजना में ट्रांसप्लांट के बाद की जरूरतों के मुताबिक उनकी एचआईवी थेरेपी में भी जरूरी बदलाव किए गए।

पत्नी ने डोनर के रूप में आगे आकर सहयोग किया और सभी जांचों में अनुकूलता मिलने के बादडॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया। मरीज की रिकवरी स्थिर रही, एक सप्ताह के भीतर उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई और अब उसे डायलिसिस की जरूरत नहीं है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट फिजिशियन, एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. वेंकटेश थम्मिशेट्टी, ने कहा, एचआईवी जैसी दूसरी बीमारियों के साथ ट्रांसप्लांट करना कई विशेषज्ञों के बीच बेहतर तालमेल और बेहद सावधानी से की गई मेडिकल प्लानिंग की जरूरत होती है। सही प्रोटोकॉल और नियमित निगरानी के साथ ऐसे ट्रांसप्लांट सुरक्षित तरीके से किए जा सकते हैं और अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

डॉ. राहुल यादव और डॉ. आदित्य कुमार शर्मा के नेतृत्व में सर्जिकल टीम ने बताया कि मरीज धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है और साथ ही इम्यूनोसप्रेसिव और एंटीरेट्रोवायरल दवाओं के साथ तय दवा योजना का पालन कर रहा है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जन-जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन

**श्रावस्ती, 12 जून, (तरुण मित्र)।** आज 12 जून 2026 को भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन श्रावस्ती के तत्वावधान में समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम, भिनगा, श्रावस्ती में 'विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विधानसभा श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय तथा ब्लॉक प्रमुख गिलौला उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग एवं क्रीड़ा विभाग के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों तथा विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित युवाओं से संवाद किया गया। साथ ही विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान माननीय विधायक ने सभी खिलाड़ियों एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी बृजेश कुमार सोनी, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी माता प्रसाद जायसवाल, रवि कुमार, अतुल कुमार, विकास कुमार गिरी, खेल विभाग के प्रशिक्षकगण एवं आशीष कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

- विधायक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों व विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित युवाओं से किया संवाद

# 53 लाख का बैडमिंटन हॉल तैयार, उद्घाटन से पहले सांसद ने परखीं व्यवस्थाएं

**नवाबगंज (गोंडा) 12 जून।** नगर पालिका परिसर में करीब 53 लाख रुपये की लागत से निर्मित बैडमिंटन हॉल उद्घघाटन से पहले ही चर्चा का केंद्र बन गया। शुक्रवार सुबह कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह ने हॉल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने हॉल में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को देखा तथा खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। खिलाड़ियों ने अपने बीच सांसद को पाकर खुशी जताई और खेल सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद व्यक्त की। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सांसद के प्रयासों से नगरवासियों को आधुनिक खेल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 53 लाख रुपये की लागत से बैडमिंटन हॉल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इसी माह के अंत में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा इसका औपचारिक उद्घाटन प्रस्तावित है। सांसद ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं जरूरी हैं और क्षेत्र के विकास व नगर पालिका के हितों के लिए वह निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर प्रहलाद सोनी, पूर्व सभासद नवाज खान, विनोद लोहिया, अभिमन्यु यादव, गुड्डू चौहान, मनोज शुक्ला, अनु कौशल, राजीव कपूर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक 18 को

**बहराइच, 12 जून (तरुणमित्र)।** आसन्न मोहर्रम त्योंहार के द्दष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 18 जून 2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं




**श्रावस्ती, 12 जून, (तरुण मित्र)।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, रुपए के लेनदेन, एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाल अधिकार व शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया सम्मानित

**गोण्डा, 12 जून (तरुण मित्र)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन गोण्डा द्वारा शांति मेमोरियल स्कूल, अशोकपुर टिकिया (वजीरगंज) में 'विद्यादान महादान अभियान' एवं अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।



समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद गोण्डा के प्रसिद्ध इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल श्रम के विरुद्ध जनचेतना फैलाने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया लंबे समय से अपने कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षिक संदेशों का प्रसार कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कनाडा से आए डॉ. केतन कुलकर्णी, विद्यादान महादान अभियान के प्रवर्तक सुनील आनंद तथा शांति फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती, 12 जून, (तरुण मित्र)।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने हेतु सख्त निर्देश दिया है।



बैठक में अवगत कराया गया कि माह-मई, 2026 में जनपद श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यो की संयुक्त रैंक 7 है। माह-मई, 2026 में जनपद श्रावस्ती को कुल 85 कार्यक्रमों में से 55 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 04 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 03 कार्यकमो में सी श्रेणी, 01 कार्यकमो में डी श्रेणी एवं 22 कार्यक्रमों में ठअ प्राप्त हुआ है। बैठक में ज्ञात हुआ कि अतिरिक्त उर्जा, उद्यान, उर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन सशक्तिकरण,, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन, समाज कल्याण, सहकारिता, विभागो के कार्यकमों में 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके अलावा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नियोजन, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास-आई०सी०डी०एस०, लोक निर्माण विभाग, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम एवं लोक शिकायत (निर्माण कार्य) विभागों के कार्यकमों में श्रेणी यथा- बी, सी व डी प्राप्त हुये हैं।

वहीं माह मई, 2026 में प्रर्दशित योजनाओं में से प्रदेश मे एकीकृत बागवानी विकास मिशन, एवं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना प्रथम 5 जनपदों मे है। जबकि सीटी स्कैन सेवाएं योजना अन्तिम 5 जनपदों में है। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर अपनी देख-रेख में शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग कराकर लक्ष्य पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर एक करोड से अधिक लागत के निर्माण कार्यो की भी गहन समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी परियोजनाएं शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है, उन्हें हैण्डओवर कराये जाने की कार्यवाही की जाए। एक वर्ष से अधिक लम्बित परियोजनाओं को तेजी लाकर पूरा कराने का निर्देश दिया।

## भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने लगाई ग्राम चौपाल व किया रात्रि प्रवास

**गोंडा, 12 जून (तरुणमित्र)।** बारह साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के ज़िलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने ग्राम पंचायत टिकरी, विकास खंड नवाबगंज, विधानसभा क्षेत्र मनकापुर में आयोजित ग्राम चौपाल,रात्रि प्रवास कार्यक्रम की अध्यक्षता कर सहभागिता कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रमापति शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश पाण्डेय (प्रतिनिधि, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार) की गरिमामयी उपस्थिति रही।


## कार्यालय: नगर पंचायत देवरनियां, जनपद-बरेली

पत्रांकः- 4701 / न०पं० दे०/2026-27 दिनांकः- 10/06/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत देवरनियां बरेली को 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत शासनादेश सं0-1271/शि०का०लख०/बजट-2percent-42/2025-26 दिनांक 25 मार्च 2026 के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य की स्वीकृति जिलाधिकारी महोदय बरेली के पत्र संख्या-454 (4)/तेईस-न०पा० सहा0-2026 दिनांक 30 मई 2026 के द्वारा प्रदान की जा चुकी है। तालिका में अंकित विवरण के अनुसार समस्त फर्म/ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैं कि निविदा डालने से पूर्व निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र. सं. | नगर पंचायत/NP Stage | ठेकेदार/ Vender Stage | प्रारम्भ दिनांक व समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 12/06/26 (12:00pm) | 02/07/2026 (05:00 pm) |
| 2 | | Tender Download | 12/06/26 (12:00pm) | 02/07/2026 (05:00pm) |
| 3 | | Bid Submission | 12/06/2026 (12:00 pm) | 02/07/2026 (05:00pm) |
| 4 | Close for Bid | | 02/07/2026 (05:00pm) | 02/07/2026 (05:00pm) |
| 5 | Bid Opening | | 03/07/2026 (12:00pm) | 03/07/2026 (12:00pm) |

**नोटः-** निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण, शर्तें www.etender.up.nic.in देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं। जहाँ पर उपलब्ध हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत देवरनियाँ**
**बरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत देवरनियाँ**
**बरेली**

# रात्रि चौपाल में सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएं अधिकांश का मौके पर निस्तारण



**बिजली, पेयजल, सड़क व राशन संबंधी समस्याओं पर रात्रि चौपाल में हुआ त्वरित समाधान**

**बरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में 05 जून से 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे विकास, सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण आधारित व्यापक जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत जनपद बरेली के विभिन्न विकास खण्डों में 'रात्रि चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड मझगवां की ग्राम पंचायत गैनी में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, विकास खण्ड भोजीपुरा की ग्राम पंचायत बोहित में सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार तथा विकास खण्ड भदपुरा के ग्राम नकटी नरायनपुर में विधायक नवाबगंज डॉ एमपी आर्य की की गरिमामयी उपस्थिति में 'रात्रि चौपाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही शिकायतों का समाधान किया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, अतिक्रमण, सड़क, राशन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं गयी और अधिकारियों ने अधिकांश शिकायतों का तत्काल निस्तारण करते हुए शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करते हुए अधिकारियों ने योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार एवं विधायक नवाबगंज डॉ एमपी आर्य ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। रात्रि चौपाल में विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संतोष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, सम्बंधित विकास खण्ड के अधिकारीगण, बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा व देखभाल भी जरूरी: मंत्री



**बरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को डा. अरूण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सरकार मुख्य अतिथि द्वारा मुख्य वन संरक्षक रूहेलखण्ड जोन के कार्यालय भवन के जीर्णोद्वार एवं विस्तारीकरण कार्य का उद्घाटन किया।

सर्वप्रथम डा. अरूण कुमार सक्सेना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सुनील चैधरी प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष लखनऊ (विशिष्ट अतिथि) तथा दीपक कुमार ,अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी, लखनऊ द्वारा कार्यालय परिसर में एक पेड मॉ नाम के अंतर्गत रुद्राक्ष, बेल एवं महानीम का पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में वन मंत्री की अध्यक्षता में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में बरेली व मुरादाबाद मण्डल की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की समीक्षा के दौरान वन मंत्री द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के परिपेक्ष्य में बरेली व मुरादाबाद मण्डल द्वारा अच्छी सराहना करते हुये निर्देष दिये गये कि पौधारोपण के साथ उसकी सुरक्षा एवं देख-भाल एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। वन विभाग द्वारा रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु व्यवस्थाएं सुनिष्चित की जाती है। इसी प्रकार अन्य विभाग भी पौधों की सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिष्चित करें। अतः सभी लोग मिलकर पौधारोपण को सफल बनायें। पौधारोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा सुनिष्चित करना सभी का उत्तरदायित्व है। बैठक में वन मंत्री द्वारा बरेली में नगर वन के कार्यो हेतु षासन द्वारा आवंटित रू0 4.99 करोड की धनराषि का पत्र प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी को प्रदान किया गया। बैठक में भीमसेन अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक आगरा नोडल अधिकारी रूहेलखण्ड जोन, बरेली, पीपी सिंह मुख्य वन संरक्षक रूहेलखण्ड जोन,बरेली, आदर्ष कुमार वन संरक्षक मुरादाबाद, दीक्षा भण्डारी प्रभागीय वनाधिकारी बरेली तथा बरेली जोन के समस्त 11 जनपदों के प्रभागीय वनाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम की बेटी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**बांदा/बबेरू, 12 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित अखिल भारतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।सीओ कार्यालय में गुरुवार दोपहर को सौंपे गए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी अदिति यादव को बदनाम करने के इरादे से बेहद आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई है।

## यूरिया, डीएपी का अग्रिम भंडारण न किया जाए: डीएम



**बरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में उर्वरक प्रबंधन समिति एवं जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद बरेली में वर्तमान में यूरिया उर्वरक माह जून के लक्ष्य 33390 के सापेक्ष 49229 मेट्रिक टन उपलब्ध हुआ है, जो लक्ष्य से अधिक है वर्तमान तक सहकारी समितियों गन्ना समितियों इफको के बिक्री केन्द्रों तथा अन्य निजी बिक्री केंद्रों के माध्यम से 21524 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है।

बैठक में उन्होंने कहा कि इस समय सहकारी समितियों गन्ना समितियों इफ्को बिक्री केन्द्रों तथा निजी क्षेत्र के बिक्री केन्द्रों पर भी पर्याप्त यूरिया उर्वरक उपलब्ध है साथ ही सहकारिता विभाग के बफर गोदाम में 6633 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक उपलब्ध है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिए गए की उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा प्रति हेक्टेयर कृषि भूमि के लिए 7 बैग यूरिया और 5 बैग डीएपी निर्धारित किया गया है जिसको पूरे फसल चक्र मे चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जाना है अतः संस्तुत मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु किसान भाइयों को सुझाव देकर ही रासायनिक उर्वरक विक्रय किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यूरिया, डीएपी का अग्रिम भंडारण ना किया जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित इफ्को तथा कृभको कंपनी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि नैनो यूरिया और नैनो डी ए पी तथा कम्पोस्ट के प्रयोग से होने वाले फायदे किसानों के खेतों में ड्रोन से स्प्रे कराकर उनको दिखाएं। उनके द्वारा बैठक में उपस्थित सभी केंद्र प्रभारियों तथा विक्रेताओं को सचेत किया गया कि किसी भी तरह की कोई टैगिंग या ओवर रेटिंग होती पाई गई तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा इफ्को प्लांट से प्रतिदिन सहकारी समितियों पर यूरिया उर्वरक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में देवयानी मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उप कृषि निदेशक ओ.पी. मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पीओके मे हालात संगीन: सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके, यूएनओ हस्तक्षेप करे

**बरेली, 12 जून (तरुणमित्र)।** पाकिस्तान के जेरे इंतिजाम कश्मीर (पीओके) मे सूरते हाल बहुत खराब हो चुकी है, इन्हीं खराब हालात को लेकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) की मानव अधिकार आयोगो से मुदाखिलत की अपील की है। मौलाना ने अपने बयान मे कहा कि दुनिया मे रहने वाले हर व्यक्ति का अधिकार है कि वो अपने हूकूक और आधिकारो के हनन पर आवाज बुलंद करे। इस वक्त पीओके कि आवाम ने बढती हुई महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया तो पाकिस्तानी फौज ने अपने ही नागरिकों पर गोलियां चलाई, जिसमे लगभग 100 लोगो की जाने जा चुकीं हैं। मरने वालो मे एक दर्जन से ज्यादा बच्चे और महिलाएं भी शामिल है। मौलाना बरेलवी ने यूएनओ की मानव अधिकार आयोगो से जोर देकर कहा कि वो क्षेत्र का दौरा करके जमीनी हकीकत का जायजा ले और विश्वजगत को पीओके के हालात से आगाह करे, ताकि पाकिस्तानी फौज की दमनकारी नीतियों और बेकसूर मारे जाने वाले लोगों के हालात का सही तौर पर अंदाजा हो सके। मौलाना ने कहा कि इंटरनेशनल संस्थाओं को मौजूदा सूरते हाल की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, और वहां की जनता के मसाइल औल मुश्किलात को फौरी तौर पर हल किया जाना चाहिए। मौलाना ने यूएनओ से अपील करते हुए कहा कि पीओके की जनता अपने अधिकारो के लिए शांतिपूर्वक पूर्वक महंगाई के खिलाफ एहतिजाज कर रही थी, मगर पाकिस्तानी फौज ने उनके अधिकारों का हनन किया, आवाज को दबाने की कोशिश की, और जुल्म व ज्यादती की इंतहा यहां तक पहुंची की फौज ने सीधे सीधे गोलियां चला दी। हमारी जानकारी के मुताबिक पीओके के विभिन्न हिस्सों मे अब तक फौज की गोलियां से मरने वालो की तादाद 100 तक पहुंच चुकी है, इस पर यूएनओ फौरी कार्यवाही करे।

# तालाब में नहाते समय युवक की डूबने से मौत

**फिरोजाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)।** थाना सिरसागंज के गाँव करहरा स्थित तालब मैं डूबने से एक युवक नहाते समय डूबने से मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है

किसराव निवासी 18 वर्षीय सनोज कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह अपने साथियों के साथ अत्यधिक गर्मी के कारण करहरा स्थित सोमोर मंदिर के समीप स्थिति एक तालाब में नहाने गया था, तभी उसका पैर फिसल गया ,और वह डूबने लगा तो उसके साथियों में हड़कंप मच गया। और वह चिल्लाने लगे आसपास खड़े लोग वहां पहुंचे और अथक प्रयास कर उसे तालाब से बाहर निकाला घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गये, वह उसे आनंन फानंन में उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है। सूचना पुलिस को भेजी है, इस संदर्भ में थाना प्रभारी सिरसागंज से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की सनोज कुमार अपने दो अन्य साथियों के साथ नहाने गया था। उसी दौरान तीनों युवक डूब गये। लोगों ने दो युवकों को बाहर निकाल लिया सनोज गहरे पानी में चला गया। जिसके करण डूबने से इसकी मौत हो गई है। पुलिस उसके शव का पोस्टमार्टम करवा रही है।

# स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस में पत्थर मारकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले दो बाल अपचारी पुलिस हिरासत में



**फिरोजाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)।** गुरुवार की शाम प्रभारी निरीक्षक रेलवे द्वारा सूचना नोट करायी गयी कि पेमेश्वर गेट के निकट से गुजर रही 12003 स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर मारकर ट्रेन की बिन्डो का शीशा तोड़ दिया गया है जिसके कारण गाड़ी में बैठे यात्रियों की जान जोखिम में आ गयी। जानकारी के अनुसार इसी ट्रेन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली तक के लिये सफर कर रहे थे। इस बारे में सूचना मिलते ही रेलवे व पुलिस प्रसाशन में हड़कम्प मच गया।

सूचना मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी की टीम के अलावा पुलिस फोर्स के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे भी घटना स्थल पर पहुँच गये। और उन्होंने वहां का निरीक्षण कर घटना के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम , थाना दक्षिण, लाइनपार व एसओजी सर्विलांस सहित 10 पुलिस टीमो का गठन किया गया। गठित टीमो द्वारा आसपास लगे सीसीटीबी कैमरों को खंगाला गया। जिसके दौरान तीन नाबालिगों को देखा गया। जिनके द्वारा ट्रेक के पास से पत्थर उठाकर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर फेंका गया। और ट्रेन के बिन्डो का शीशा टूट गया। उक्त घटना में पुलिस टीमो द्वारा सीसीटीबी के फुटेज से तीन बाल अपचारियों के नाम प्रकाश में आने पर दो बाल अपचारियों को हिरासत में ले लिया गया। तीसरे बाल अपचारी की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने जानकारी देते हुए बताया कि रसूलपुर पुलिस को आरपीएफ व जीआरपी के माध्यम से सूचना मिली थी कि कानपुर की तरफ से आने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर फेका गया है। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस एक्शन में आ गयी और मेरे द्वारा 10 टीमो का गठन किया गया। तथा मौके के समीप लगे 50 सीसीटीबी को देखा गया। जिसमें 03 बालक दिखायी दिये जिसमे एक बच्चे द्वारा ट्रेन के ऊपर पत्थर मारा गया। इन तीनो का आपराधिक इतिहास भी है। जिसमे दो बाल अपचारियों को हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी पर उनके द्वारा बताया गया कि हमे नही मालूम था कि इस ट्रेन में कौंन सफर कर रहा है। तीसरे का भी नाम प्रकाश में आया है। उसे भी शीघ्र हिरासत में ले लिया जायेगा। जिसने पत्थर मारा है, उसके खिलाफ कार्यवाही हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारा सीएचसी और टीबी अस्पताल को मिले नए चिकित्सक, मरीजों को राहत

**पीलीभीत, 12 जून (तरुणमित्र)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हजारा एवं जिला क्षय रोग केंद्र (टीबी अस्पताल) में चिकित्सकों की तैनाती कर स्वास्थ्य सेवाओं को राहत दी है। सीएचसी हजारा में तैनात रहे डॉ मनोज सिंह और डॉ. रश्मि श्रीवास्तव के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद केंद्र चिकित्सक विहीन हो गया था। वहीं जिला क्षय रोग केंद्र में तैनात एकमात्र चिकित्सक डॉ. पारल मित्तल के लंबे अवकाश पर चले जाने से टीबी मरीजों की जांच और उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। मामले का संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ. पंत ने तत्काल नए चिकित्सकों की तैनाती के आदेश जारी किए। ब्रावस्ती से स्थानांतरित होकर आए डॉ. सुमन बाबू थारू को सीएचसी हजारा तथा सहारनपुर से आए डॉ. अजय कुमार गुप्ता को जिला क्षय रोग केंद्र में तैनात किया गया है। चिकित्सकों की तैनाती के बाद दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सेवाएं पुनः सुचारु हो गई है। स्थानीय लोगों ने चिकित्सकों की तैनाती पर संतोष जाहिर किया।

### बांदा में अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बांदा, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रब्बानियां मोहल्ले में चल रही एक अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित व अर्ध-निर्मित गुटखा, तंबाकू और नामी कंपनियों के रैपर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने फैक्ट्री चला रहे आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा की गई इस छापामार कार्रवाई में करीब 2 लाख रुपये कीमत का निर्मित और अर्ध-निर्मित गुटखा बरामद किया गया है। इसके अलावा कारखाने से 175 किलोग्राम सुपारी, चार बोरी तैयार गुटखा और भारी मात्रा में तंबाकू जब्त की गई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी इस अवैध फैक्ट्री में मिलावटी और घटिया सामग्री से गुटखा तैयार करता था। इसके बाद वह बाजार में पकड़ बनाए रखने और मोटी कमाई करने के लिए इस अवैध गुटखे को अलग-अलग नामी कंपनियों के नकली रैपरों में पैक करता था और शहर व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था। यह पूरा मामला बांदा शहर कोतवाली क्षेत्र के रब्बानियां मोहल्ले का है, जहां घनी आबादी के बीच गुटखा बनाने का यह अवैध कारोबार काफी समय से फल-फूल रहा था। पुलिस की इस तत्परता और बड़ी कार्रवाई से अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सविता समाज की बैठक सम्पन्न

**फिरोजाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)।** सविता समाज की एक बैठक स्टेशन रोड स्थित बगीची पर जय नारायण सविता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. निर्दोष कुमार नंदा ने समाज को जागरूक करते हुए कहा कि समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज के लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष के निर्देशन में महामंत्री राहुल कुमार समाजसेवी द्वारा विभिन्न पदों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से जय नारायण सविता को संरक्षक नियुक्त किया गया। और सुश्री अंजली सविता को महिला मोर्चा शिकोहाबाद अध्यक्ष, पूजा सविता को जिला उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र सविता (जसराना) एवं विक्रम सविता (जसराना) को विधानसभा उपाध्यक्ष तथा मुकेश कुमार को वार्ड नंबर 19 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के विस्तार, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये तथा सभी को मंच द्वारा शपथ दिलाई गई।

### विचाराधीन कैदी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिला मंडल कारागार से एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ बंद एक विचाराधीन कैदी ने जेल परिसर के अंदर ही फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से जेल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में जेल अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बंदी की पहचान अभिषेक सिंह उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है, जो जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र के अरखन पुरवा का निवासी था। यह आत्मघाती घटना बृहस्पतिवार की रात की बताई जा रही है। अभिषेक ने कारागार परिसर के भीतर स्थित गैस गोदाम के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में जब जेल प्रहरियों और प्रशासन को इसकी भनक लगी, तो हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन के रिकॉर्ड के मुताबिक, मृतक अभिषेक सिंह को इसी साल 11 मार्च 2026 को पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जिला कारागार में निरुद्ध किया गया था। तब से वह जेल में ही निरुद्ध था और मामले की अदालती सुनवाई चल रही थी।

# मुख्यमंत्री आवास योजना पर रिश्वतखोरी का ग्रहण!

- पिपरा मुजपत्ता की महिलाओं ने एडीओ पंचायत पर लगाए गंभीर आरोप
- मुख्यमंत्री आवास योजना में 20 हजार रुपए की मांग पूरी न होने पर अपात्र घोषित करने की शिकायत

**पीलीभीत, 12 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) संचालित की जा रही है।

इस योजना के माध्यम से हजारों जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। लेकिन एक गांव में यह योजना रिश्वतखोरी की भेंट चढ़कर रह गई है। महिलाओं ने एडीओ पंचायत आईएसबी पर रिश्वत मांगने और धनराशि पूरी न मिलने पर उन्हें योजना से वंचित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा मुजपत्ता निवासी महिला चांदनी, वैष्णो देवी, अंजली देवी, नन्हेलाल, संगीता देवी, सुमन चक्रवर्ती नें खंड विकास अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखती हैं और वर्षों से कच्चे एवं खपरैल के मकानों में रहने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए हुई जांच में लेखपाल और अन्य जांच अधिकारियों द्वारा उन्हें पात्र माना गया था। इसके बावजूद आवास स्वीकृत होने की प्रक्रिया के दौरान एडीओ पंचायत आईएसबी द्वारा धनराशि की मांग की गई। महिलाओं का आरोप है कि आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रति लाभार्थी 20 हजार रुपये मांगे गए। शिकायत में कहा गया है कि कुछ महिलाओं ने किसी तरह उधार लेकर या अन्य माध्यमों से आंशिक धनराशि दस हजार की व्यवस्था कर संबंधित अधिकारी को दी, लेकिन शेष रकम देने में असमर्थ रहीं। आरोप है कि इसके बाद उन्हें योजना की पात्रता सूची से बाहर कर दिया गया और अपात्र घोषित कर दिया गया। महिलाओं का कहना है कि यदि वे वास्तव में अपात्र थीं तो प्रारंभिक जांच में उन्हें पात्र क्यों घोषित किया गया और यदि वे पात्र थीं तो बाद में उनका नाम सूची से क्यों हटाया गया। शिकायतकर्ताओं ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि गरीबों के लिए संचालित योजना में भ्रष्टाचार के कारण वास्तविक लाभार्थियों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। शिकायत पत्र में महिलाओं ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, पात्रता सूची और जांच रिपोर्ट की समीक्षा की जाए तथा यदि किसी अधिकारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही वास्तविक पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए।

# बिलसंडा में धार्मिक स्थल के समीप मिला बरखेड़ा के युवक का शव

**पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था, मौत का कारण स्पष्ट नहीं**

**पीलीभीत, 12 जून (तरुणमित्र)।** बिलसंडा थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से घूम रहे युवक का शव धार्मिक स्थल के समीप पड़ा पाया गया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना बिलसंडा क्षेत्र के मार गांव में एक धर्मस्थल के चबूतरे पर ग्रामीणों ने एक युवक को पड़ा देखा। उसे हिलाया लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। बाद में पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसओ जगदीप मलिक पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और आसपास पूछताछ की। गांव वालों ने बताया कि पिछले कई दिनों से युवक को गांव में घूमते देख गया युवक के पास अन्य जानकारी जुटाने पर उसकी शिनाख्त बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव मुसरा निवासी अमित (25) के रुप में हुई। पुलिस ने युक्क के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना मिलते है उसके परिजन मौके पर पहुंच गए एसओ श्री मलिक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# बिना रजिस्ट्रेशन कीटनाशक अगरबत्तियों की बिक्री व भण्डारण पर होगी कड़ी कार्रवाई

**फिरोजाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के कृषि अधिकारी ने अपँजिकरण कीट नाशक युक्त अगरबत्तियों की बिक्री व भण्डारण करने वालो को चेतावनी देते हुए कहा कि मच्छर भगाने वाली बिना पंजीकरण अगरबत्तियों का स्टॉक करने वाले दुकानदार इसका वितरण व भण्डारण न करे।

जनपद के कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने कृषि निदेशालय लखनऊ के निर्देश के अनुसार जनसाधारण एवं व्यापारियों को सूचित करते हुए कहा है। कि कुछ मच्छर भगाने वाली अपँजिकरण अगरबत्तियों के बारे में शिकायते मिल रही है। जो कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है। जनपद फिरोजाबाद में ऐसे उत्पादों के विक्रय एवं भण्डारण और वितरण की जाँच हेतु अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान इस तरह के उत्पाद पाये जाने पर नियमानुसार नमूना संग्रहण कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जनपद के समस्त कीटनाशक अगरबत्तियों की बिक्री करने वाले दुकानदारों, किराना व्यापारियों, अथवा थोक एवं फुटकर दुकानदारों से अपील करते हुए कहा है। कि उक्त उत्पादों की बिक्री एवं भण्डारण न करे। यदि उनके पास स्टॉक उपलब्ध है, तो सम्बन्धित अधिकारी, अथवा कीटनाशी निरीक्षक को सूचित करें।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव ने पुल निर्माण में लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

**फिरोजाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने नगला भाऊ से अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय तक बन रहे पुल के निर्माण सामिग्री में भृष्टाचार के आरोप लगाये है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली जिला, महासचिव श्रीमती मीना राजपूत ,जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता, महानगर महासचिव कमलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेश शंखवार, सचिव रोहित नंदवंशी, मजदूर सभा के सुशील गुरु, राजेश वशिष्ठ बॉबी शर्मा गौरव राजपूत रवि यादव ने जैन मंदिर और सुहाग नगर चौराहे के ऊपर से निर्माण हो रहे फ्लाई ओवर का मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखा।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि नगर विधायक मनीष असीजा और जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा निर्माणधीन पुल निर्माण की जांच कर रही कमेटी ने अगर इन आठ सवालों के जवाब नहीं दिये ,तो इस फ्लाईओवर को खुले और सुनियोजित भ्रष्टाचार का प्रतीक मानेंगे। सतेन्द्र जैन सौली ने कहा है, कि फिरोजाबाद नगर विधायक और पुल निर्माण की जांच कर रही कमेटी को आठ सवालों के जवाब देने होंगें।

1- क्या पुल निर्माण में जंग लगी सरिया का उपयोग किया किया गया है।

2-टेस्टिंग लैब रिपोर्ट में जिंदल पैंथर की सरिया है। जबकि मौके पर श्याम की सरिया क्यों पाई गई है।

3- निर्माण सामग्री सीमेंट बालू कंक्रीट आदि को मिक्सिंग कर घोल तैयार करने का गोदाम एत्मादपुर के पास दूसरे जनपद में क्यों बनाया गया।

4- सरिया और पुल निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप लगाई जा रही है इसकी मॉनिटरिंग के क्या इंतजाम किये गये।

5- पुल निर्माण के समय हादसे में दो मजदूर घायल हुए जिसमें एक की मौत हो गई उनको कितना मुआवजा दिया गया और घटना के जिम्मेदार दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई।

6- हादसे के बावजूद भी सुरक्षा के उपाय में क्यों सुधार नहीं हुआ।

7- जैन मंदिर के सामने सुहाग नगर की ओर पुल के दो पिलर के बीच में ज्याद दूरी क्यों है।

8- नगर विधायक ने कई बार मौके पर निरीक्षण किया फिर भी उन्हें खामियां क्यों दिखाई नही दी खामियों को क्यों छुपाया क्यों चुप्पी साधी गयी उन्होंने कहा कि अगर सवालों के जवाब नहीं मिले तो यह पुल मनमानी और खुले भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में जाना जाएगा

उन्होंने कहा कि सीमेंट बालू गिट्टी का घोल तो गोदाम से तैयार होकर निर्माण स्थल पर पहुंचता है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उसमें मानको के अनुरूप सीमेंट आदि मिलाया जा रहा है, या नहीं लेकिन जब जंग लगी सरिया का खुलेआम उपयोग हो रहा है, तो यह विश्वास नहीं किया जा सकता की घोल में सीमेंट मानकों के अनुरूप डाला जा रहा है, अथवा नही मिलावट की जा रही है,इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जंग लगी सरिया के उपयोग के कारण पुल की गुणवत्ता खराब होगी और हादसा होने की संभावना बनी हुई है। इसलिए इस पुल का नाम जंग लगी सरिया वाला पुल रखकर जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगा देने चाहिए, कि यह पुल जंग लगी सरिया का है।

# सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि पर जताई चिंता
- ओवर स्पीडिंग व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश




फर्रुखाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)। सांसद फर्रुखाबाद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा की स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा दुर्घटना नियंत्रण हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ० अंकुर लाठर ने समिति को अवगत कराया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में पूरे देश में 4,87,705 सड़क दुर्घटनाओं में 1,77,177 लोगों की मृत्यु हुई। वहीं उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 के दौरान 50,769 सड़क दुर्घटनाओं में 27,205 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 38,869 लोग घायल हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद फरुर्खाबाद में वर्ष 2025 के दौरान कुल 490 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 284 लोगों की मृत्यु तथा 379 व्यक्ति घायल हुए। उन्होंने बताया कि मई 2026 तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 9.30 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 3.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी प्रकार वर्ष 2026 में मई माह तक दुर्घटनाओं की संख्या में लगभग 20.90 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 20.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

बैठक में एआरटीओ (प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि वर्ष 2026 में मई माह तक हुई 214 सड़क दुर्घटनाओं में से 140 दुर्घटनाओं में कम से कम एक वाहन दोपहिया था। इन दुर्घटनाओं में 80 दोपहिया सवारों की मृत्यु हुई तथा 119 लोग घायल हुए। कुल सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 65.42 प्रतिशत तथा मृतकों में दोपहिया सवारों की हिस्सेदारी 58.82 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि 27 दुर्घटनाओं में दोनों वाहन दोपहिया थे, जिनमें 16 लोगों की मृत्यु तथा 27 लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का प्रयोग न करना दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बन रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। बिना हेलमेट वाहन संचालन के विरुद्ध वर्ष 2025 में मई माह तक 7,063 चालान किए गए थे, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि तक 30,361 चालान किए जा चुके हैं। वहीं परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में मई तक 1,148 तथा वर्ष 2026 में मई तक 1,464 चालान किए गए हैं।

बैठक में हिट एंड रन दुर्घटनाओं की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि वर्ष 2026 में मई माह तक जनपद में 45 हिट एंड रन दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 38 लोगों की मृत्यु तथा 18 व्यक्ति घायल हुए हैं। वर्ष 2025 में ऐसी 109 दुर्घटनाओं में 89 लोगों की मृत्यु तथा 81 लोग घायल हुए थे।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद ने कहा कि टोल प्लाजा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने रामगंगा पुल, पांचाल घाट पुल तथा अन्य स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) कपिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० आनन्द उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी वी.पी. सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता मुरलीधर एवं अशोक कुमार, एआरटीओ (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, टीएसआई श्री सतेन्द्र कुमार, रोल आउट मैनेजर दीपक कुमार सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डाकपाल की आत्महत्या से भड़का डाक विभाग, गिरफ्तारी को लेकर धरना-प्रदर्शन



मैनपुरी, 12 जून (तरुणमित्र)। बेवर क्षेत्र के मुंडई डाकघर में तैनात 26 वर्षीय शाखा डाकपाल निखिल वर्मा की आत्महत्या के मामले ने पूरे डाक विभाग को झकझोर दिया है। सुसाइड नोट में विभागीय अधिकारियों पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद डाक कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया।

शुक्रवार को शहरी एवं ग्रामीण डाक सेवक बड़ी संख्या में मैनपुरी प्रधान डाकघर, मंडलीय कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए तथा धरना-प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि निखिल वर्मा को विभागीय अधिकारियों और मेल ओवरसियर द्वारा लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका कहना है कि मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में भी इस उत्पीड़न का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। कर्मचारियों ने दोषी अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। धरने के दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक सुसाइड नोट में नामजद अधिकारियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के चलते डाक विभाग के कई विभागीय और जनसामान्य से जुड़े कार्य भी प्रभावित रहे। सुबह से ही सैकड़ों कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों के बाहर जुटे रहे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्ट्रेट और प्रधान डाकघर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उधर, पुलिस पहले ही परिजनों की तहरीर पर डाक अधीक्षक और मेल ओवरसियर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर चुकी है।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो शातिर गिरफ्तार



अतरौली,हरदोई, 12 जून (तरुणमित्र)। हरदोई पुलिस को वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

एसओजी, स्वाट, सर्विलांस और थाना अतरौली की संयुक्त पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो बेहद शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई 07 अदद स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सर्वेश कुमार उर्फ भूपे (निवासी ग्राम भेरका, थाना अतरौली, हरदोई) और सीपू (निवासी ग्राम गुरसंडा, थाना टंडियावां, हरदोई) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से हरदोई और आसपास के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे। पकड़े जाने के डर से वे सबसे पहले इन बाइकों की नंबर प्लेट हटा देते थे और फिर भोले-भाले लोगों को बहुत ही सस्ते दामों में बेच दिया करते थे। पुलिस ने जब इनके आपराधिक इतिहास को खंगाला तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आरोपी सर्वेश कुमार उर्फ भूपे पर अतरौली और कछौना थाने में चोरी और आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं दूसरे आरोपी सीपू पर टंडियावां थाने में पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब अन्य जनपदों से भी इनके पुराने इतिहास की जानकारी जुटा रही है।बरामद की गई मोटरसाइकिलों के संबंध में थाना अतरौली पर पहले से ही मुकदमा से ही मुकदमा पंजीकृत हैं, जबकि शेष बाइकों के मालिकों और उनसे जुड़े मुकदमों की पड़ताल की जा रही है। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली संयुक्त टीम में स्वाट/एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार, सर्विलांस प्रभारी उ०नि० अब्दुल जब्बार और अतरौली थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस टीम की इस कामयाबी से क्षेत्र के वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है।

# योजनाओं की राह में रोड़ा बने अफसर तो खैर नहीं: डीएम

बावन,हरदोई, 12 जून (तरुणमित्र)। शासन की जनहितकारी योजनाओं को सीधे जनता की चौखट तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के ऑन-द-स्पॉट निस्तारण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। केंद्र सरकार के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बावन ब्लॉक में एक भव्य 'रात्रि चौपाल' का आयोजन किया गया। इस महाचौपाल में खुद जिलाधिकारी अनुनय झा ने आधी रात तक डटकर न सिर्फ जनता की नब्ज टटोली, बल्कि लापरवाही बरतने वाले महकमों को सख्त हिदायत देते हुए साफ कहा कि योजनाओं का लाभ हर हाल में अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

चौपाल में पहुंचते ही जिलाधिकारी ने सबसे पहले वहां लगाए गए विभिन्न विभागों के विकास स्टालों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केवल कागजी कोरम देखने के बजाय पटल पर तैनात कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं की जमीनी हकीकत पूछी और कई तीखे सवाल किए। डीएम के इस कड़े रुख से स्टालों पर मौजूद कर्मचारियों के पसीने छूट गए।

इसके बाद उन्होंने समाज कल्याण और महिला उत्थान के संदेश के साथ गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की और नन्हे-मुन्ने बच्चों का अपने हाथों से अन्नप्राशन कराकर उन्हें दुलार किया।चौपाल के दौरान सीधे ग्रामीण जनता से मुखातिब होते हुए डीएम अनुनय झा ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की फेहरिस्त गिनाई। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में शासन ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तब है जब पात्रों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों की क्लास लगाते हुए कड़े निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों और समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ढुलमुल रवैया अपनाने वाले अफसरों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस महत्वपूर्ण रात्रि चौपाल के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बावन के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक ए.के. मौर्या, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, जिला सांख्यिकी अधिकारी राम प्रकाश सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

टंडियावां, हरदोई, 12 जून (तरुणमित्र)। थाना टंडियावां पुलिस ने अवैध रूप से प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मुख्य आरोपी सत्यपाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह पूरी कार्रवाई ग्राम पनिहैया निवासी वादी अल्केश सिंह पुत्र सुनील सिंह की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सत्यपाल (निवासी रसूलपुर, हरदोई), रामसिंह (निवासी सहमत नगर, सीतापुर) और रामप्रवेश (निवासी रोहतापुर, हरदोई) मिलकर क्षेत्र के 04 हिंदू व्यक्तियों को बहला-फुसलाकर और विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तित करा रहे थे। आरोपियों के पास से ईसाई धर्म से जुड़ी किताबें और सामग्रियां भी बरामद की जा रही थीं।इस मामले में त्वरित एक्शन लेते हुए थाना टंडियावां पुलिस ने विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया और मुख्य आरोपी सत्यपाल को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने एक अदद बाइबिल पुस्तक, चार अदद प्रतीक चिन्ह, चार अदद नीति वचन और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के दो अन्य नामजद आरोपी रामसिंह और रामप्रवेश को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय की अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। इस कामयाबी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक इफ्तिखार हुसैन, उपनिरीक्षक न्यास यादव, उ०नि० विक्रांत गौतम, हेड कांस्टेबल वेदप्रकाश, कांस्टेबल दिलीप और रिक्रूट कांस्टेबल प्रभात शर्मा शामिल रहे।



# जमीन विवाद में खूनी जंग, लाठी-डंडे व पत्थरों से थर्राया इटिहा पुरवा गांव

## महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

बेनीगंज,हरदोई, 12 जून (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के इटिहा पुरवा गांव में लंबे समय से सुलग रही जमीन और दीवार विवाद की चिंगारी शुक्रवार को अचानक बारूद बनकर फट पड़ी। पुलिस के सामने हुए समझौते और राजस्व विभाग की पैमाइश के दावों को ताक पर रखकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते पूरा गांव अखाड़ा बन गया और दोनों ओर से लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों की बरसात होने लगी। इस भीषण संघर्ष में दोनों पक्षों के कई महिला-पुरुष लहूलुहान हो गए, जिन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गाटा संख्या 289 की भूमि और उस पर बनी एक दीवार को लेकर प्रथम पक्ष के उत्तम सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह और दूसरे पक्ष के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही थी। उत्तम सिंह का आरोप है कि विपक्षी दल ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी की है। इस संबंध में पूर्व में कई बार कोतवाली बेनीगंज में शिकायत भी की गई थी। तब पुलिस ने दखल देते हुए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया था और लिखित सहमति बनी थी कि जब तक राजस्व विभाग भूमि की पैमाइश नहीं कर लेता, तब तक कोई पक्ष वहां कोई निर्माण या छेड़छाड़ नहीं करेगा। लेकिन शुक्रवार सुबह जैसे ही द्वितीय पक्ष के लोग पुलिस चौकी पर अपने बयान दर्ज कराकर गांव लौटे, वैसे ही दोनों पक्षों में पुरानी खुन्नस को लेकर दोबारा कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठियां चटकने लगीं और छतों से पत्थर बरसने लगे। चीख-पुकार के बीच गांव में अफरा-तफरी मच गई। विवाद इतनी तेजी से हिंसक हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला और दोनों पक्षों के पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी इस मारपीट में गंभीर रूप से चोटिल हो गईं। खूनी जंग की सूचना मिलते ही बेनीगंज पुलिस भारी बल के साथ मौके पर दौड़ी। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और खून से लथपथ घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल हरदोई के लिए रेफर कर दिया।



घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल सतर्क है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखित तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कानून हाथ में लेने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा।

## नवागत बीडीओ ने ग्रहण किया पदभार



मैनपुरी, 12 जून (तरुणमित्र)। खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह ने 10 जून को बेवर विकासखंड का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया की शासन की मंशा के अनुरूप विकास के सभी कार्य संपन्न कराए जाएंगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों को विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें।

## सांसद जयप्रकाश ने प्रबुद्धजनों को किया सम्मानित मोदी सरकार की उपलब्धियों पर की चर्चा

हरदोई, टड़ियावां, 12 जून (तरुणमित्र)। केंद्र की मोदी सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्राम सिकंदरपुर में 'प्रबुद्धजन संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष अम्बरीष द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत ने शिरकत की।कार्यक्रम के दौरान सांसद ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्धजनों को फूल-माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रबुद्धजनों से संवाद करते हुए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में आए बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का मूल मंत्र 'सेवा, सुशासन और संकल्प' है, जो आज देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव ला रहा है। इस दौरान सांसद ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अम्बरीष द्विवेदी और प्रधान संघ अध्यक्ष अविनाश त्यागी ने भी सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए अपने विचार रखे।

# जिले को मिले नए बीएसए, शिक्षा व्यवस्था में सुधार व पारदर्शिता पर रहेगा फोकस

मैनपुरी, 12 जून (तरुणमित्र)। जनपद कासगंज से स्थानांतरित होकर आए सूर्य प्रताप सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) के रूप में मैनपुरी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वहीं, पूर्व बीएसए दीपिका गुप्ता को पदोन्नति के उपरांत बेसिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

3 जून को कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीएसए सूर्य प्रताप सिंह ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, बेहतर शैक्षिक वातावरण तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



कासगंज में लगभग दो वर्षों के प्रशासनिक अनुभव के साथ आए श्री सिंह ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा विभागीय समन्वय को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने संकेत दिए कि शासन की नई स्थानांतरण नीति के तहत शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं, विशेषकर गंभीर बीमारी, दिव्यांगता एवं पारिवारिक परिस्थितियों से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता के साथ समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं के प्रवेश, आवास, भोजन, सुरक्षा एवं शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष निगरानी की बात कही। साथ ही बालिकाओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। नए बीएसए के आगमन से जनपद में विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव और सुधारात्मक प्रयासों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कंबोडिया में डॉ. रामकृष्ण राजपूत दो अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित



फर्रुखाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)। अंतराष्ट्रीय हिंदी संगठन के तत्वावधान में कंबोडिया के रामदास सभागार में आयोजित पुस्तक विमोचन, साहित्यकार-इतिहासकार एवं विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह में यश भारती सम्मानित साहित्यकार, इतिहासकार एवं पुरातत्वविद् डॉ. रामकृष्ण राजपूत मुख्य अतिथि रहे।

समारोह में उनकी दो पुस्तकों 'मलेशिया-कंबोडिया यात्रा' तथा 'इंग्लैंड की यात्रा-2000' का विमोचन किया गया। साथ ही उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस सम्मान तथा किंग नोरोडोम सिहानुक सम्मान से अलंकृत किया गया। इसकी जानकारी उन्होंने अपने पल्ला स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में दी।समारोह की अध्यक्षता डॉ. मंजुला दास ने की। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. डॉ. रचना विमल ने भारतीय संस्कृति, इतिहास, धर्म, कला और हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राजपूत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने कहा कि साहित्य, इतिहास, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भारत का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी और भारतीय संस्कृति की बढ़ती स्वीकार्यता गौरव का विषय है।सम्मेलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, किंग नोरोडोम सिहानुक, किंग भूमिबोल और क्वीन श्रीकिट के योगदान पर भी विचार-विमर्श हुआ। कंबोडिया और थाईलैंड में आयोजित कार्यक्रमों में गीत, गजल, मुक्तक, नई कविता, महाकाव्य, छंद तथा अन्य साहित्यिक विधाओं पर चर्चा हुई। डॉ. मधु महिमा भटनागर, डॉ. कुंतल दत्त (गुवाहाटी), डॉ. मंजुला दास, प्रो. डॉ. रचना विमल, प्रो. जगमोहन आजाद (उत्तराखंड), सुनील भटनागर (गुजरात), गौरी शंकर गुप्ता, डॉ. सुधा सुधीर अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, श्रेयांशी दुबे सहित भारत और विदेश के अनेक साहित्यकारों ने भाग लिया। विदेशी प्रतिभागियों में श्रीमती वेनरी मैम, हेंग चु और किम पाट भी शामिल रहे।प्रतिभागियों ने अंगकोर वाट, रॉयल पैलेस, सिल्वर बुद्ध मंदिर, रॉयल गार्डन, बैंकॉक, पटाया, गोल्डन बुद्ध, राम अष्टम ब्रिज और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। यात्रा का सफल संचालन वंडर वर्ल्ड ट्रैवल्स के संयोजक कुणाल जैन ने किया।

## मक्का का मूल्य निर्धारित

मैनपुरी, 12 जून (तरुणमित्र)। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत मक्का खरीद 15 जून से 31 जुलाई 2026 तक संचालित रहेगी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने तहसील सदर में कृषि उत्पादन मंडी समिति, कुरावली, तहसील भोगांव में मंडी बेवर, मंडी भोगांव, जागीर, तहसील करहल में बरनाहल, करहल, तहसील किशनी, घिरोर में विपणन शाखा के 09 मक्का क्रय केन्द्र अनुमोदित किये है। उन्होने कहा कि शासन द्वारा मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू. 2400 प्रति कु. निर्धारित किया है। उन्होने कहा कि कृषक अपने नजदीक के क्रय केन्द्रों पर अपना मक्का विक्रय कर सकते है, मक्का विक्रय हेतु कृषकगण अपना पंजीकरण खाद्य विभाग के बेवसाइट थ्वेण्नचण्दपबण्पद पर अनिवार्य रुप से किसी भी जन सुविधा केन्द्र, इन्टरनेट साइबर कैफे आदि के माध्यम से करायें, बिना पंजीकरण के किसानों का मक्का क्रय नही किया जाऐगा।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचायें: मुकेश




फर्रुखाबाद, 12 जून (तरुणमित्र)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, फरुर्खाबाद में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, डॉ. पल्लव सोमवंशी, ब्लॉक प्रमुख राजेपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पिछली दिशा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न विकास विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद एवं विधायकगणो द्वारा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत 19 तालाबों की गाद निकालकर कराई गई सफाई के संबंध में विस्तृत सूची पुनः उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों जैसे डिजाइनर चूड़ी, रेडीमेड शर्ट, पूजा सामग्री, सजावटी वस्तुएं एवं हवाई चप्पलों के विपणन हेतु उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्लेटफार्मों एवं बाजारों की समीक्षा की गई। सांसद ने स्वयं सहायता समूहों की आय में और अधिक वृद्धि हेतु प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए तथा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के निकट समूहों के लिए दुकानें विकसित कर उनकी आय बढ़ाने की संभावनाओं पर कार्य करने को कहा।

स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए माननीय सांसद महोदय द्वारा कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम आमिलपुर स्थित डंपिंग ग्राउंड पर कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु स्थापित मशीनरी एवं प्लांट का संचालन प्रारंभ हो चुका है।

भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए माननीय सांसद एवं माननीय विधायक अमृतपुर द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार रिबोर कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी गौवंश आश्रय स्थलों में हरे चारे, छायादार व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को निकटतम गौआश्रय स्थलों में भेजने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान माननीय सांसद महोदय द्वारा सरकारी विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों के संबंध में जानकारी ली गई। इस पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि 70 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाया जा चुका है तथा शेष 05 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को भी इसी माह में हटाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान माननीय सांसद महोदय ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सरकारी चिकित्सालयों में उपयोग की जा रही दवाओं की एक्सपायरी तिथि की नियमित समीक्षा की जाए तथा किसी भी स्थिति में एक्सपायर्ड दवाओं का उपयोग न होने पाए। जिलाधिकारी महोदया ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार विटामिन, कैल्शियम एवं आयरन की दवाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे उनके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित हो सके।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी महोदया ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। माननीय सांसद महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याण हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, अपर जिलाधिकारी (राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 21 साल का युवक, ब्रिगेडियर की वर्दी, कार पर स्टार फ्लैग और साथ में बाउंसर, सेना के जवानों ने दबोचा

**शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में एक युवक के बिग्रेडियर बनकर पूरे दबदबे के साथ घूमने की जानकारी मिलने पर सेना के अधिकारियों ने जाल बिछाया। सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं को मोटीवेशनल स्पीच देने के लिए उसे कैंट स्थित शहीद संग्रहालय बुलाया गया। झांसे में आकर कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बहुरूपिये को सेना के जवानों ने पकड़ लिया। बरेली से आई आर्मी इंटेलीजेंस की टीम युवक से पूछताछ कर रही है। इसके बाद उसे पुलिस को सौंपा जाएगा।



रोजा थाना क्षेत्र के दुर्गा इंक्लेव में रहने वाला महज 21 वर्षीय आर्यन वर्मा ब्रिगेडियर की फुल ड्रेस पहनकर शाहजहांपुर और आसपास के क्षेत्र में घूमता रहता था। इसकी जानकारी सेना के अधिकारियों तक पहुंची थी। वे अप्रैल से उसका पता लगाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उसे पकड़ नहीं पा रहे थे। अधिकारियों ने उसे जाल में फंसाने के लिए पूरा प्लान बनाया। आम नागरिक बनकर उसे फोन किया गया कि कैंट क्षेत्र स्थित शहीद म्यूजियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सेना की भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रेरणादायक संबोधन देना है। आमंत्रण पर ब्रिगेडियर बनकर आर्यन सेना के स्टार और फ्लैग लगी टाटा हैरियर कार से शुक्रवार सुबह शहीद संग्रहालय पहुंच गया। सेना के जवानों ने उसे दबोच लिया। उसके ड्राइवर के पास से भी फर्जी सरकारी आईकार्ड मिला है। साथ में दो बाउंसर भी थे जिन्हें आर्यन एनएसजी कमांडो बताता था। यह भी कहता था कि उसे स्पेशल सिक्योरिटी मिली हुई है। उसके पास आईकार्ड मिला है जिस पर ऑर्म्ड फोर्स के मेडिकल कॉलेज के डीन की सील लगी हुई है जो कि फर्जी है। वह आर्मी रेजिमेंटल केन लेकर चलता था। उसके पास नकली पिस्टल भी मिली है। खबर लिखे जाने तक एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि आरोपी से अभी सेना पूछताछ कर रही है। आर्मी इंटेलीजेंस भी जांच करेगी। पुलिस को सौंपे जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जाएगी।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 'समेकित जन-कल्याण अभियान' का आयोजन

**शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 जून से 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे "समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान" के तहत महिला कल्याण विभाग ने ब्लॉक ददरौल के ग्राम खानपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अमृता दीक्षित द्वारा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों का किया गया प्रदर्शन

**तिलहर/शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार तिलहर क्षेत्र में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज-2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों की तत्परता और समन्वय की जांच करना था। शुक्रवार को क्षेत्र के चित्तीभोजी गांव में आयोजित इस मॉक एक्सरसाइज में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत एवं बचाव कार्यों का वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान मेडिकल कैंप स्थापित कर घायलों एवं बीमार व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें रेफर करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आपदा के समय त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की कार्यप्रणाली प्रस्तुत की। वहीं पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं ने राहत एवं बचाव कार्य, विद्युत विभाग ने विद्युत सुरक्षा प्रबंधन तथा राजस्व विभाग ने राहत एवं पुनर्वास संबंधी गतिविधियों का संचालन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा भी तकनीकी सहायता प्रदान की गई। मॉक एक्सरसाइज में उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के आधार बनाने में लाई जाए तेजी: जिलाधिकारी

● जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में दिए निर्देश, ब्लॉक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

**उन्नाव, 12 जून (तरुणमित्र)।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों तथा अस्पतालों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का आधार प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाए, जिससे आधार नामांकन की प्रगति और तेज हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद में कई स्थानों पर आधार निर्माण की प्रगति संतोषजनक है, लेकिन कुछ आयु वर्गों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है। उन्होंने सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के त्रुटिरहित आधार बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में आधार नागरिकों की पहचान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। बैठक में आधार संबंधी जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकास खंड स्तर पर आधार संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने वाले बैनर लगाए जाने की बात कही, जिससे लोगों को आधार बनवाने एवं उसमें सुधार कराने में सुविधा मिल सके। उन्होंने नवजात शिशुओं के अलावा अनाथालयों जैसे संस्थानों को भी चिन्हित कर वहां रहने वाले बच्चों का आधार बनवाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आधार से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी सुगंधा चतुर्वेदी, जिला मत्स्य अधिकारी बाल किशोर दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा, एलडीएम राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तरीय चौपाल आयोजित बारिश के बावजूद उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**तिलहर/शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** तिलहर विकासखंड की न्याय पंचायत स्तरीय जन चौपाल का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत समधाना में किया गया। प्रतिकूल मौसम और वर्षा होने के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण चौपाल में पहुंचे और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव मोना सिंह एवं सचिन सक्सेना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। चौपाल में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्रामीण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर खंड विकास




अधिकारी विजयकांत मिश्रा भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चौपाल के उपरांत अधिकारियों की टीम ने ग्राम स्थित गोशाला का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान गोशाला की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा पशुओं के रखरखाव एवं सुविधाओं को लेकर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने चौपाल के माध्यम से सीधे अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने की व्यवस्था की सराहना करते हुए ऐसी जनसुनवाई कार्यक्रमों को जनहित में उपयोगी बताया।

# डीएम ने विकास परियोजनाओं को समय से पूरा करने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर संचालित कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विभागीय रैंकिंग में सुधार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी रेबीज वैक्सीन तथा एंटी स्नेक वेनम वैक्सीन उपलब्ध है। कुत्ता, बंदर, सांप अथवा अन्य विषैले जीव-जंतुओं के काटने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति अपने निकटतम सीएचसी या पीएचसी पर पहुंचकर तत्काल उपचार एवं आवश्यक वैक्सीन प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी को नगर निगम क्षेत्र की दुकानों के माध्यम से ऐसे पात्र व्यक्तियों की फैमिली आईडी बनवाने के निर्देश दिए गए, जिनके राशन कार्ड अभी तक नहीं बने हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक को अध्यापकों की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में पाया गया कि निर्धारित 140 सड़कों के सापेक्ष 129 सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। श्रम विभाग को कन्या विवाह सहायता सहित अन्य योजनाओं में अपनी बेहतर रैंकिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त उद्योग को बैंकों के साथ बैठक कर लंबित स्वीकृतियों का शीघ्र निस्तारण कराने तथा विभागीय रैंकिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों को दस में दस अंक प्राप्त हैं, उन्हें अपना प्रदर्शन निरंतर बनाए रखना है। विकास योजनाओं की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सेतु निगम द्वारा निर्मित ककरा पुल को यातायात के लिए खोले जाने से पूर्व आईआईटी-बीएचयू अथवा अन्य सक्षम संस्थानों से परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

# एडीएम अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुई जनचौपाल

**परौर/शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** तहसील कलान न्याय पंचायत खजूरी में स्थित परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के पावन स्मारक स्थल पर शुक्रवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक विशाल एवं ऐतिहासिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तमाम आला अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रभारियों और भारी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की मौजूदगी में सजी इस जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और उनकी दबी-कुचली समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान करना था। इस दौरान एडीएम अरविंद कुमार ने न सिर्फ जनता की फरियाद सुनी, बल्कि



लापरवाह और काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करते हुए उन्हें मंच से ही कड़ी फटकार लगाई और निलंबन तक की चेतावनी दे डाली। जन चौपाल के समापन के बाद एडीएम अरविंद सिंह, परौर थाना के एसएचओ जुगल किशोर और तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी कर्मचारी सीधे न्याय पंचायत खजुरी में स्थित परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के मुख्य स्मृति स्थल पर पहुंचे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत समस्याओं को लेकर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** बिजली पर दस प्रतिशत ईंधन अधिभार के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडेय को सौंपा। जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा बिजली बिलों पर 10% ईंधन अधिभार जून माह से लगाई जाने की घोषणा की गई है जबकि ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व नियामक आयोग से अनुमति नहीं ली गई है आज बिजली के औद्योगिक व घरेलू बिलों में पूर्व में ही फिक्स चार्ज लगाए जा रहे है, वाणिज्य (एल एम वी -2) बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाए जाते हैं, उन्होंने ने कहा घरेलू, वाणिज्य व औद्योगिक बिलों में 7.5% इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ी जा रही है। महानगर अध्यक्ष मो सलाउद्दीन अख्तर ने कहा नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम पब्लिक से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुनः निर्धारण किया जाता है इसलिए बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है, अचानक की गई बढ़ोतरी से एक गलत परंपरा की शुरूआत होगी तथा इसके प्रभाव से बढ़ाने वाली महंगाई से आम जनता प्रभावित होगी, उन्होंने कहा अचानक कि गई बढ़ोतरी से उत्तर प्रदेश का उद्योग व व्यापार प्रभावित होगा हमारे यंहा के व्यापार लागत बढ़ने से नष्ट हो जाएगा। ज्ञापन देने वालो में प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महानगर महामंत्री अजय गुप्ता, रफी खान, महानगर वरिष्ठ मंत्री नफीस खान, नदीम खान,पवन गुप्ता,जुबैर खान,बब्बन शाह,सद्दाम खान,अभिषेक कश्यप, सगीर कुरैशी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



## नगर भ्रमण के बाद जमुही पहुंची ज्योति कलश रथयात्रा, पुष्पवर्षा और दीपयज्ञ से हुआ स्वागत

**शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, संस्कार और सद्विचारों का प्रकाश फैलाने के उद्देश्य से निकली ज्योति कलश रथयात्रा शुक्रवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों से होते हुए ग्राम जमुही पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती और जयघोष के साथ रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बना रहा। रथयात्रा का शुभारंभ लोधीपुर क्षेत्र से हुआ, जहां रथ सारथी राकेश और स्थानीय श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा तारीन बहादुरगंज स्थित उस्मान बाग चौकी क्षेत्र पहुंची, जहां किरण सक्सेना ने परिवार सहित पूजन-अर्चन किया। मंडी मोड़ पर रवि खरे




और शशि खरे ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जबकि छोटा चौक में गीता रस्तोगी ने परिवार सहित पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अजीजगंज में मूर्ति मौर्य ने श्रद्धालुओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर रथयात्रा का स्वागत किया। इसके बाद आवास विकास में आलोक कुमार सिंह और साउथ सिटी में अनूप कुमार सिंह ने परिवार सहित पूजन कर अखंड ज्योति का अभिनंदन किया। सायंकाल रथयात्रा ग्राम जमुही पहुंची, जहां भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा और आरती के साथ स्वागत किया।

# उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की कार्यशैली चर्चाओं में

● वायरल तस्वीरों, योजनाओं की जांच और विभागीय जिम्मेदारियों को लेकर उठ रहे सवाल

● सीडीओ कृतिराज की नाराजगी के बाद सीवीओ ने डिप्टी सीवीओ हरिओम पटेल से मांगा स्पष्टीकरण

**उन्नाव, 12 जून (तरुणमित्र)।** पशुपालन विभाग में तैनात उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (डिप्टी सीवीओ) डॉ. हरिओम पटेल की कार्यशैली एक बार फिर चर्चाओं में है। विभागीय सूत्रों के अनुसार उन्हें विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारी के साथ-साथ सदर पशु चिकित्सालय के प्रभारी डिप्टी सीवीओ की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके अलावा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) के अवकाश पर रहने के दौरान उन्हें प्रभारी सीवीओ का कार्यभार भी दिया जाता रहा है।

कुछ समय पूर्व डॉ. हरिओम पटेल की सीवीओ की कुर्सी पर बैठे हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर




वायरल हुई थी। मामले को लेकर चर्चा का दौर चला, हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद भी लंबे समय तक किसी प्रकार की जवाबदेही तय नहीं की गई। बाद में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कृतिराज की सख्ती के बाद उनसे स्पष्टीकरण मांगे जाने की चर्चा रही। इसी बीच डिप्टी सीवीओ की एक अन्य तस्वीर भी वायरल हुई, जिसमें उनकी कुर्सी के पास बीयर कैन दिखाई देने का दावा किया गया। मामले को लेकर डॉ. पटेल ने मीडिया में बयान देते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की बात कही थी। हालांकि कोतवाली प्रभारी द्वारा मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि न किए जाने की चर्चा भी सामने आई।

वहीं बकरी पालन एवं भेड़ पालन योजनाओं में लाभार्थियों के चयन को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। शिकायतों के बाद शासन स्तर से जांच के निर्देश दिए गए थे। हालांकि जांच की वर्तमान स्थिति और उसके निष्कर्षों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है।

मामले में विभिन्न आरोपों और चर्चाओं के बीच विभागीय अधिकारियों की ओर से स्पष्ट स्थिति सामने आने का इंतजार है। वहीं विभागीय कार्यप्रणाली और जांचों के परिणामों को लेकर भी लोगों की निगाहें बनी हुई हैं। पूरे मामले को लेकर जब सीवीओ डॉक्टर विनोद कुमार को फोन मिलाया तो उनसे बात नहीं हो सकी। उसके बाद जब एडी अजय कनौजिया को फोन मिलाया तो उन्होंने मीटिंग में होने की जानकारी दी।

# रामलीला मैदान की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त होने पर नगर में आक्रोश, जांच व कार्रवाई की मांग

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** नगर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले रामलीला मैदान परिसर की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना को लेकर नगर में रोष व्याप्त है।

गुरुवार देर रात हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापार मंडल प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज आंधी और बारिश के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से रामलीला मैदान के बाईं ओर स्थित बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। लोगों का कहना है कि यह दीवार वर्षों पुरानी है और रामलीला मैदान की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। पूर्व में भी हो चुका है विवाद रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी इसी स्थान को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था। बाद में जनप्रतिनिधियों और कमेटी के सहयोग से क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण कराया गया था प्रशासन ने किया निरीक्षण घटना की सूचना पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राजस्व विभाग द्वारा रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजे जाने की बात कही गई है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि नगर की शांति एवं भाईचारे को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों से वार्ता के बाद क्षतिग्रस्त हिस्से के पुनर्निर्माण और मरम्मत का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान नगर की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# हरनाई में लाठीचार्ज के बाद सियासी घमासान तेज, गांव में तनाव

**खुटार/शाहजहांपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरनाई में ह्लगुड्डू शर्मा फर्जी एनकाउंटरह्व प्रकरण को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान हुए लाठीचार्ज के बाद हालात लगातार गरमाते जा रहे हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शांतिपूर्ण धरना दे रहे लोगों पर पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज किया, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी घायल हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर पर्याप्त महिला पुलिस बल मौजूद नहीं था, जिसके कारण महिलाओं पर भी बल प्रयोग हुआ। घटना के वीडियो सामने आने की बात भी कही जा रही है, जिससे आक्रोश और बढ़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक चेतराम पासवान ग्राम हरनाई पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों के घर जाकर उनका हालचाल जाना और ढांढस बंधाया। विधायक ने लाठीचार्ज की निंदा करते हुए इसे गंभीर प्रशासनिक चूक बताया। उन्होंने पुवायां सीओ से बात कर हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की और कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात कही और मामले को मुख्यमंत्री तक ले जाने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता प्रवीण मिश्रा उर्फ ह्लसंतुह्व ने पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर किया गया लाठीचार्ज पूरी तरह गलत है। उन्होंने इसे गंभीर घटना बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

# वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य को लेकर डीएम ने की समीक्षा

● गलत आंकड़े भेजने पर दी चेतावनी

● विभागीय रिपोर्टों में शत-प्रतिशत शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश, सेक्टरवार होगी अगली समीक्षा बैठक

**उन्नाव, 12 जून (तरुणमित्र)।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की जनपद स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान कृषि विभाग, यूपी नेडा, मत्स्य विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, कर विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की उपलब्धियों और प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों को और अधिक सक्रियता एवं समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने




अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित भेजी जाने वाली रिपोर्टों का गहन परीक्षण कर शत-प्रतिशत सही एवं प्रमाणिक विवरण प्रस्तुत करें। किसी भी परिस्थिति में गलत दस्तावेजों अथवा त्रुटिपूर्ण आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट न भेजी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गलत रिपोर्ट पाए जाने पर संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंकड़ों को प्रेषित करने से पूर्व उनका सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए, जिससे शासन स्तर पर सही जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी ओटीडी समीक्षा बैठकें सेक्टरवार आयोजित की जाएंगी। प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों की अलग-अलग समीक्षा कर प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। द्वितीयक क्षेत्र की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र के आंकड़े वर्तमान में अपेक्षाकृत कम प्रदर्शित किए गए हैं। उन्होंने सही आकलन कर आगामी बैठक में त्रुटिरहित एवं वास्तविक आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी सुगंधा चतुर्वेदी, जिला मत्स्य अधिकारी बाल किशोर दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चंद्रा, एलडीएम राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी, अपर सांख्यिकीय अधिकारी रजत कुमार, हीरा कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत, नदी में गिरा धड़

**मीरानपुर कटरा/शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के बिहारीपुर कुनिया गांव निवासी 30 वर्षीय श्याम सिंह उर्फ पप्पू की बृहस्पतिवार रात बहगुल नदी पुल पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद उनका आधा धड़ नदी में गिरा, जबकि आधा पटरी पर रह गया। हादसे के बाद बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन को पांच मिनट के लिए मीरानपुर कटरा स्टेशन पर रोककर कॉशन देकर निकाला गया। श्याम सिंह दिल्ली में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **03.07.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 00542026 दिनांक 11.06.2026 |
| 2 | **निविदा संख्या:** 17-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता– प्रथम/लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता–कार्य/लखनऊ के अंतर्गत लखनऊ, उतरेटिया, आलमनगर यार्डो में जल निकासी व्यवस्था में सुधार करना। |
| 4 | **अनुमानित लागत:** Rs. 5,53,31,598.00 |
| 5 | **धरोहर राशि:** Rs. 11,06,600.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। |
| 7 | **निविदा डालने की प्रारंभ तिथि:** 19.06.2026 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 03.07.2026 15:00 बजे. |
| 9 | **वेबसाईट:** www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2004/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वृद्ध की रुकी पेंशन चालू कराने को डीएम खुद बने सहारा,दफ्तरों में कसा अनुशासन का शिकंजा।

- विकास भवन की हरियाली पर डीएम ने जताई प्रसन्नता,वरिष्ठ सहायक बृजेश अवस्थी को मिली शाबाशी
- जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के साथ डीएम ने परखी ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था



**लखीमपुर-खीरी,12 जून (तरुणमित्र)।** विकास भवन के औचक निरीक्षण में डीएम अंजनी कुमार सिंह का संवेदनशील,सख्त प्रशासनिक चेहरा एक साथ देखने को मिला। समाज कल्याण विभाग में निरीक्षण के दौरान शहर के निर्मल नगर निवासी वृद्ध सूरज प्रसाद वर्मा ने कई माह से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत डीएम से की। मामला गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। जांच में पता चला कि ई-केवाईसी न होने के कारण पेंशन रुकी हुई थी। इस पर डीएम ने मौके पर ही स्वयं खड़े होकर कनिष्ठ सहायक हेमंत कुमार से वृद्ध की ई-केवाईसी कराई और आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए समस्या का तत्काल समाधान कराया। डीएम की तत्परता से वृद्ध के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया। निरीक्षण के दौरान विकास भवन परिसर में हरियाली और स्वच्छ वातावरण देखकर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्य के लिए वरिष्ठ सहायक/स्टेनो सीडीओ बृजेश अवस्थी की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और हरित वातावरण सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिचायक है।

मत्स्य विभाग के निरीक्षण में डीएम ने पाया कि एक कनिष्ठ सहायक लखनऊ से लौटकर कार्यालय पहुंचा है। कारण पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि आहरण-वितरण संबंधी कार्यों के लिए मंडल स्तर पर जाना पड़ता है। इस पर डीएम ने व्यवस्था को सरल बनाने के लिए जिला स्तर पर ही आहरण-वितरण का चार्ज सक्षम अधिकारी को दिए जाने संबंधी पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने पंचायत राज,अर्थ एवं संख्याधिकारी,दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि,सहकारिता,लघु सिंचाई,मनरेगा, ग्राम्य विकास,बाल विकास एवं पुष्टाहार,मत्स्य,पशुपालन,आरईएस तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा की। कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन अटेंडेंस का विवरण दिखाकर उपस्थिति की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑनलाइन अटेंडेंस में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति दर्ज न होने पर वेतन भुगतान प्रभावित होगा।

# खेत बचाओ अभियान के तहत किया किसानों को जागरूक



**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत विकास खंड गौर की ग्राम पंचायत गौर एवं अइलाकला में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और खेती की लागत कम करने के उपायों की जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ.. वी. बी. सिंह ने किसानों को मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने, जैविक पदार्थों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन तथा रासायनिक आदानों के विवेकपूर्ण प्रयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संसाधन संरक्षण आधारित खेती से भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहती है तथा पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलता है। गृह वैज्ञानिक डॉ. अंजली वर्मा ने कृषि एवं पोषण के परस्पर संबंध पर चर्चा करते हुए किसानों को विविध फसलों, हरी सब्जियों तथा स्थानीय खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि खेती केवल उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि परिवार की पोषण सुरक्षा का आधार भी है। कार्यक्रम में किसानों को खेत की मेड़ों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण तथा जल के समुचित उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि, एडीओ (कृषि), एटीएम, बीटीएम सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** थाना कलवारी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम ("गैंगस्टर एक्ट), थाना दुबौलिया के तहत काफी समय से फरार चल रहे 25,000/- रुपए का इनामिया अभियुक्त रियाज अली पुत्र बुनियाद अली उम्र 19 वर्ष निवासी मदनपुरा थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को थाना कप्तानगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया ।

### प्रवक्ता परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी



**अंबेडकरनगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि 14 जून, 2026 को जनपद के 09 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 09.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित होने वाली प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कालेज (प्रा०) परीक्षा-2025 के सुचारू एवं सफल संचालन की व्यवस्था में अधोहस्ताक्षरी एवं आयोग के नामित समन्चयी पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र-बी०एन० इण्टर कालेज अकबरपुर एव एच०टी० इण्टर कालेज टाण्डा अम्बेडकरनगर का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्रव्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, अन्तरीक्षकों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के दिशा-निदेर्शों से सभी को प्रशिक्षित किया गया।उन्होंने बताया की परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ पायी गयी कही पर कोई दिक्कत / समस्या नही पायी गयी।

### प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर का जनपद दौरा

**अम्बेडकरनगर , 12 जून (तरुणमित्र)।** कैबिनेट मंत्री पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ओम प्रकाश राजभर का आज देर शाम सर्किट हाउस में आगमन और रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री कल 13 जून, 2026 को केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में समेकित जन- कल्याण एवं जन- जागरूकता अभियान पर पूर्वान्ह 10.30 बजे सर्किट हाउस,जनपद अम्बेडकरनगर में सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों से प्रेस वार्ता करेंगे। इसके उपरान्त दोपहर 12 बजे ग्राम लंगड़ी पृथ्वीपुर पुरवा मईपुर, थाना क्षेत्र टांडा कोतवाली में आगजनी से पीड़ित पारिवारिकजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम की जानकारी लेंगे। तत्पश्चात जनपद संतकबीर नगर में थानाक्षेत्र के मखदुमपुर उर्फ मछलीगांव पोस्ट शिवापार जाएंगे मृतक स्व . राजकरण राजभर के पारिवारिकजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट करेंगे।

# क्यों न हो लो वोल्टेज की समस्या, जब किसान सिंगल फेज ट्रांसफार्मर से कर रहे समरसेबल से सिंचाई

**बाराबंकी, 12 जून (तरुणमित्र)।** विद्युत उपकेंद्र पूरे डलई पर तैनात संविदा कर्मियों की कमाऊ खाऊं नीति के चलते सिंगल फेज ट्रांसफार्मर से तथाकथित किसान समरसेबल के द्वारा खेतों की सिंचाई कर रहे हैं जिससे आए दिन लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। विदित हो कि जहां भीषण गर्मी में आम जनता बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर बाराबंकी के पूरेडलई विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम मंगूपुर में संविदा कर्मियों की मिली भगत के चलते विद्युत चोरी किए जाने का खेल बदस्तूर जारी है। गांव में घरेलू विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए सिंगल फेज ट्रांसफॉर्मर से कुछ लोग समरसेबल पंप और टुल्लू मोटर चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। इससे न केवल ट्रांसफॉर्मर पर अतिरिक्त लोड पड़ रहा है, बल्कि पूरे गांव में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से उपभोक्ता जूझने को मजबूर है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो यह अवैध कार्य संविदा कर्मियों की मिलीभगत से हो रहा है। यह बिजली चोरी चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुल्लम खुल्ला की जा रही है। आरोप है कि विभागीय संविदा कर्मी जानबूझकर आंखें मूंदे हुए शासन की मंशा की धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जबकि डीएम द्वारा बिजली चोरी रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, बावजूद इसके विद्युत उपकेंद्र पूरेडलई के अधिकारी और कर्मचारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर पर लगातार बढ़ते अवैध लोड से आए दिन फॉल्ट होते है, जिससे पूरे गांव की बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है।

यह मामला यदि केवल एक गांव तक सीमित है, तो सवाल यह उठता है कि पूरे उपकेंद्र क्षेत्र के अन्य गांवों की स्थिति क्या होगी? प्रशासन को इस समस्या की ओर तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत है।

# रामनगर में आवासीय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

## जैविक व प्राकृतिक खेती अपनायें किसान: हरीश द्विवेदी



**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 12 साल विकास के, विश्वास के, जन कल्याण के अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को रामनगर मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी तथा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान संपन्न हुआ। इसी कड़ी में विकास खंड रामनगर में आवासीय भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी और ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह के साथ ही भाजपा नेताओं, कार्यकताओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं असम प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी ने प्राकृतिक खेती को किसानों की आय बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताते हुए किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। रानगर ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह ने कहा कि बीते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अनेक मोर्चो पर उपलब्धियां हासिल किया है। उनसे देश को बहुत उम्मीद है।

कहा कि रामनगर विकास खण्ड क्षेत्र में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का जमीनी धरातल पर क्रियान्वयन कराया जा रहा है। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रति आवासीय भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिये आभार व्यक्त किया।

## लाखो के अवैध नशीले पाउडर के साथ 3 गिरफ्तार

**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम के द्वारा अभियुक्त अमन गुप्ता पुत्र राम सुभावन गुप्ता निवासी बसिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 21वर्ष, विशाल अग्रहरी उर्फ छोटू पुत्र विजय प्रकाश निवासी बरगदवा थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 22 वर्ष, अखिलेश चौधरी पुत्र हृदय राम चौधरी निवासी बसिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र करीब 19 वर्ष को अवैध नशीला पाउडर भूरे रंग का वजन 126.98 ग्राम एवं 103 पुड़िया वजन करीब 16.89 ग्राम अवैध स्मैक (जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपए) के साथ अमहट पुल से आगे फुटहिया मोड से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर न्यायालय न्यायालय भेज जा रहा है।

# आरटीई के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सेमिनार आयोजित




**बाराबंकी , 12 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय महिला कल्याण समिति, बाराबंकी द्वारा शुभम गेस्ट हाउस, आवास विकास, बाराबंकी में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अपने संबोधन में आरटीई अधिनियम, 2009 के विभिन्न प्रावधानों एवं निजी विद्यालयों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है तथा सरकार इस अधिकार को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने अभिभावकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने और पात्र बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि निर्मला श्रीवास्तव, पुस्तकालयाध्यक्ष, जिला राजकीय पुस्तकालय, बाराबंकी ने शिक्षा को समाज के विकास और सशक्तिकरण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करने तथा पुस्तकालयों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया।

कार्यक्रम के वक्ता कुलदीप शर्मा ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों के अधिकारों, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रवेश संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सुनीता शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा सामाजिक समानता एवं समावेशी विकास की आधारशिला है तथा समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। हरिनाम सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

# आटो रिक्शा व टैक्सी चालकों को मिलेगी 5 लाख तक का कैशलेस इलाज की सुविधा

**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय बस्ती के सभागार कक्ष में आयोजित आटोरिक्शा एवं टैक्सी चालकों का एक विशेष कैम्प आयोजित की गई, जिसमें लगभग 50 चालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपस्थित जनों को अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत परिवार के मुखिया के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी प्रतिवर्ष 5 लाख रू0 तक का स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गयी है। चालक के स्वयं अथवा किसी परिवारीजन के साधारण बीमारी के साथ-साथ गम्भीर बीमारी से ग्रस्त होने पर रू0 5 लाख तक का कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी।इस योजना का लाभ बताते हुवे,संभागीय परिवहन अधिकारी फरीऊद्दीन ने बताया कइस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड/परिवार रजिस्टर की प्रति सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के परमिट अनुभाग में महेश कुमार (वरिष्ठ सहायक) को उपलब्ध करा दें, ताकि सूचना मुख्यालय को प्रेषित कर दी जाये।उक्त बैठक मे फरीदउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुरेश कुमार गौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), माला बाजेयी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी, बस्ती एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अकबरपुर नगर पालिका में अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा ने संभाला कार्यभार



**अंबेडकरनगर, 12 जून (तरुणमित्र)।** उतरौला, बलरामपुर से स्थानांतरित होकर आए राजमणि वर्मा ने 11 जून 2026 को अकबरपुर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी (ईओ) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। राजमणि वर्मा पूर्व में उतरौला नगर पालिका में कार्यरत थे।उनकी नियुक्ति से नगर पालिका कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कार्यभार संभालते ही नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की और शहर की सफाई, जल निकासी, सड़क सुधार तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।राजमणि वर्मा ने कहा, अकबरपुर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने के लिए सभी कर्मचारी साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड सभासदों की और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता रहेगी। नगर पालिका के कर्मचारियों ने नए ईओ का स्वागत किया और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# बजाज चीनी मिल रुधौली की पहल,रोग व कीट से फसल बचाव के लिए वितरित किए लैंप

**बस्ती , 12 जून (तरुणमित्र)।** बजाज चीनी मिल रुधौली के द्वारा कम लागत में रोग एवं कीट से गन्ना फसल को बचाव हेतु गेट एवं केंद्र पर ग्राम बहादुरपुर ग्राम लकड़ा तिलकपुर हनुमानगंज आदि गांव में गन्ना फसल प्लांट पर लैंप लगाया गया` यह जानकारी चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार शुक्ला एवं गन्ना प्रबंधक अरविंद द्विवेदी द्वारा दी गई` उन्होंने कहा की कृषक कम लागत में चोटी भेदक कीट की तीसरी पीढ़ी से तथा कीट पतंग से गन्ना फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है या कार्य विशेष कर उन्नतशील गन्ना प्रजाति 14201, 16202, 150 23 ,13 235, 0118 के प्लाट पर लैंप लगाया जा रहा है` सीनियर गन्ना अधिकारी मीडिया प्रभारी बाल सिंधु गगन पांडे ने कृषकों से अपील किया की कम लागत में कृषक गन्ना फसल पेड़ी और पौधा प्लांट पर लैंप अवश्य लगाऐ जिससे रोग एवं कीटपतंग से फसल को नुकसान से बचाया जा सके` यह कार्य सूर्यास्त के बाद से रात 10:00 बजे तक करें जिससे प्रकाश से आकर्षित होकर फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीट पतंग खत्म हो जाएंगे और कृषक को पैदावार बेहतर प्राप्त होगी` साथ-साथ जंगली जानवर प्रकाश होने से फसल को नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे` इस कार्य के लिए कृषक गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को जागरुक भी किया जा रहा है` कृषक चीनी मिल से या अपने जोन कार्यालय फील्ड सुपरवाइजर से संपर्क कर चीनी मिल की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं`

## 20 जून तक ऑनलाइन करें आवेदन

**अंबेडकरनगर,12 जून (तरूणमित्र)।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र अंबेडकर नगर द्वारा अवगत कराया गया है कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत दक्षता / कौशल विकास / उ?द्यमिता विकास प्रशिक्षण एंव टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वितीय वर्ष- 2026-27 हेतु प्रशिक्षण एंव टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु जनपद- अम्बेडकरनगर को ओ.डी.ओ.पी. टूलकिट एंव प्रशिक्षण (वस्त्र उत्पाद) के लिए वार्षिक लक्ष्य 400 निर्धारित किया गया है, जिसके माध्यम से उद्यमियों / हस्तशिल्पियों / कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण एंव टूलकिट प्रदान किया जाएगा। सम्बन्धित योजना में आवेदन वेबसाइड- पर किया जा सकता है। अवगत कराया गया है ।

# लिलौटी नाथ मंदिर में विकास को नई रफ्तार सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल से बदल रहा स्वरूप



**लखीमपुर-खीरी,12 जून (तरूणमित्र)।** प्रसिद्ध शिव मंदिर लिलौटी नाथ में इन दिनों विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल और सतत निगरानी के चलते मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्र तेजी से नए स्वरूप में ढल रहा है। वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह है। शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और आगामी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुल निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे आवागमन पहले से अधिक सुगम होगा। वहीं परिसर में लगाए गए नए विद्युत पोल और लाइटों से रात्रिकालीन व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई है। चबूतरा फिनिशिंग पर, घाट को मिला नया स्वरूप,श्रद्धालुओं में खुशी मंदिर परिसर में चल रहा चबूतरा निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके पूरा होने पर परिसर का सौंदर्य और अधिक निखरेगा तथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने एवं पूजा-अर्चना की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं स्टील बेंच लगाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। नदी की व्यापक सफाई कर घाट को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक एवं पर्यटन महत्व और बढ़ गया है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर प्रबंधन से संवाद कर विकास कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

# ब्रॉडगेज रेल लाइन की मांग को लेकर व्यापारियों ने एजीएम विनोद कुमार को सौंपा ज्ञापन

**निघासन-खीरी,12 जून (तरूणमित्र)।** बेलरायां-मैलानी-नानपारा रेलखंड को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों ने रेलवे के एजीएम विनोद कुमार शुक्ला को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।इस दौरान रेलवे एजीएम ने व्यापारियों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है।

नया सवेरा गांजर विकास समिति के विनय जायसवाल ने कहा कि सन 2014 में मैलानी नानपारा रेल रूट में करीब एक दर्जन ट्रेनों का संचालन होता था।अब रेल लाइन में दो जोड़ी ट्रेनों का संचालन हो रहा है।इससे नागरिकों ने प्राइवेट बसों यात्रा करने को मजबूर हो गए है।रेल प्रखंड की ब्रॉडगेज रेल लाइन बनने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।व्यापारियों ने रेल ट्रैक का आमान परिवर्तन कराने की मांग रेल मंत्री, रेल अफसरों से कई बार किया है,लेकिन नतीजा शून्य निकला है।इससे भीरा,पलिया, बेलरायां, तिकुनिया,बिछिया रेलवे स्टेशनों के पड़ोस बाजारों की रौनक फीकी हो गई है।

व्यापारियों ने कहा कि वर्षों से यह मांग लंबित है, जिससे क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।रेलवे एजीएम विनोद कुमार शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।इस मौके अशोक शर्मा,इंद्रपाल सिंह,पिंटू यादव एडवोकेट,विनय जायसवाल,प्यारे लाल,विक्रम यादव,गणेश भार्गव,रूपेश तिवारी,हसमत खां सहित तमाम लोग मौजूद रहे है।

# शासन व डीएम की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम को तकनीकी सहायक का ठेंगा

- मनरेगा कार्य की एमबी पर भारी भरकम कमीशन वसूले जाने के वायरल ऑडियो ने खोला लेनदेन का कच्चा चिट्ठा
- गृह तहसील व गृह ब्लाक क्षेत्र में वर्षो से तैनात टेक्निकल असिस्टेंट काट रहे मलाई, बीडीओ पर भी उठ रहे सवालिया निशान

**सीतापुर , 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में मनरेगा किस कदर जिम्मेदारों के खाने कमाने का जरिया बनी हुई है, इस बात की पुष्टि बिसवां ब्लाक के लेनदेन सम्बन्धी वायरल हुए एक आडियो में होती है। मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों के स्टीमेट वर्षों से अपनी गृह तहसील व गृह ब्लाक क्षेत्र में तैनात तकनीकी सहायक बना रहे हैं। इन कार्यों की एमबी भी यह तकनीकी सहायक ही करते हैं। विगत दिवस वायरल हुए एक आडियो में इस बात का सार्वजनिक खुलासा हुआ है कि एमबी करने के एवज में यह तकनीकी सहायक किस कदर मोटे व एडवांस कमीशन की वसूली करते हैं। इन तकनीकी सहायकों की यह करतूतें प्रदेश की योगी सरकार व जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम को ठेंगा दिखाने जैसी हैं। वायरल आडियो बिसवां के खण्ड विकास अधिकारी पर भी सवालिया निशान लगा रहा है जिनकी नाक के नीचे ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हैं। समाचार पत्र उक्त वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल आडियो में मनरेगा के एक लाख रुपए के एक कार्य की एमबी करने से जुड़े प्रकरण में तकनीकी सहायक राजकिशोर वर्मा 50 हजार रुपए की खुलेआम मांग करते सुने जा रहे हैं। फोन लाइन पर दूसरी तरफ राजू नाम के किसी व्यक्ति के होने की चर्चा है जो कि बिसवां के पूर्व प्रमुख व भाजपा नेता राकेश वर्मा का करीबी बताया जा रहा है। इतना भारी भरकम कमीशन मांगे जाने पर राजू द्वारा उधर से यह भी कहा गया कि एक लाख की एमबी पर पचास हजार कमीशन, साहब जिंदा रहने दें। आडियो में तकनीकी सहायक श्री वर्मा राजू नामक व्यक्ति से फोन पर यह भी कहते सुने जा रहे हैं जब तुम लोग मेरी बातें नहीं समझते हो तो मुझे गुस्सा आने लगती है।

राजू जब मनरेगा के दो कामों की एमबी पर 50 हजार लेने की पेशकश करता है तो तकनीकी सहायक राजकिशोर वर्मा उसे स्पष्ट तौर पर मना कर देते हैं। आखिरकार जब एक लाख की एमबी पर 50 हजार कमीशन देने की बात तय हो जाती है तब फोन पर हो रही इस वातार्लाप का पटाक्षेप होता है। उक्त प्रकरण में पहली बात तो यह अचरज में डालने वाली है कि तकनीकी सहायक वर्षों वर्ष से अपनी गृह तहसील व गृह ब्लाक में आखिर किस तरह तैनात हैं। अन्यत्र ब्लाक व तहसीलों में उनका स्थानान्तरण क्यों नहीं किया गया। दूसरा यह कि क्या इन पर सरकार की तीन वर्ष वाली स्थानान्तरण पॉलिसी प्रभावी नहीं होती। मामले का सबसे अहम व तीसरा पहलू यह है कि प्रत्येक ब्लाक में ग्राअवि के अवर अभियंताओं की तैनाती है। फिर आखिर स्टीमेट व एमबी जैसे अत्यन्त गंभीर कार्य इन तकनीकी सहायकों को क्यों सौंप रखे गए हैं। सरकार व जिला प्रशासन की निष्पक्ष और साफ सुथरी कार्यशैली पर कालिख पोतने जैसे इस प्रकरण में गहन छानबीन के बाद न सिर्फ दोषी टीए बल्कि जिनके संरक्षण में इस तरह के कृत्य फल फूल रहे हैं,।

## मनरेगा में वसूली पुराना रिवाज

जनपद में जब-जब मनरेगा का बजट आया है, बिसवां ब्लाक में मात्र कुछ चुनिन्दा ग्राम पंचायतों पर ही इस बजट की बारिश हुई है। इस बात की पुष्टि विगत कई वित्तीय वर्षों के रिकार्ड देख कर सहजता से की जा सकती है। चर्चा है कि इस पूरे व्यूह के असली रचनाकार यहां तैनात लेखाकार हैं जिन्हें यहां से हटाने को ले कर प्रधान संगठन, क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री तक ने पत्र लिखे मगर इन सभी पत्रों को लेखाकार के भारी भरकम पेपरवेट तले दबा दिया गया। लेखाकार सभी पर भारी पड़े और शासन में बैठे एक प्रभावशाली नौकरशाह से सिफारिश करा कर यह फिर यहां आ धमके। बताया जाता है कि हर बार, हर वर्ष लेखाकार की चहेती ग्राम पंचायतों के हिस्से ही मनरेगा का बजट आया जबकि तमाम ग्राम पंचायतों को मनरेगा बजट से महज मायूसी ही हाथ लगी। इस लेखाकार पर आखिर जिला प्रशासन की इतनी मेहरबानी क्यों, ब्लाक के तमाम ग्राम प्रधान इस सवाल का जवाब अब तक तलाश रहे हैं।

# मोहर्रम को सौहार्द व परंपरा के साथ मनाएं: डीएम

**सहारनपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, मोहर्रम आयोजकों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि सहारनपुर जनपद हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल रहा है। उन्होंने अपील की कि मोहर्रम का पर्व परंपरागत रीति-रिवाजों और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। उन्होंने कहा कि अलम और ताजिए केवल निर्धारित एवं परंपरागत मार्गों से ही निकाले जाएं।

जिलाधिकारी ने आयोजकों से कहा कि यदि कहीं कोई समस्या या विवाद है तो उसकी जानकारी समय रहते प्रशासन को दें, ताकि उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि धर्म आस्था का विषय है और सभी को सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाना चाहिए।

बैठक में संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को जुलूस मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि बिजली के तारों एवं खंभों की जांच कर आवश्यक सुधार किए जाएं ताकि जुलूस के दौरान कोई बाधा उत्पन्न न हो।

मुख्य चिकित्साधिकारी को जुलूस मार्गों पर एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्गों पर गड्ढे, जलभराव या अन्य अवरोध नहीं होने चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

उन्होंने उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को जुलूस मार्गों का निरीक्षण करने तथा आयोजकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक पोस्टों से बचने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखेगा।

बैठक में आयोजकों एवं शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात मयंक पाठक, एसपी यातायात शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर अमरोहा पुलिस का शिकंजा, 390 वाहनों के चालान

**अमरोहा, 12 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक श्री लखन सिंह यादव के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने पटाखों जैसी तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, मानक के विपरीत नंबर प्लेट, बिना हेलमेट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने तथा वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखकर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ मोटर वाहन

**❑ तेज रफ्तार और नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, 190 वाहनों पर लगा 4 लाख का जुर्माना**

अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 390 वाहनों का चालान किया गया। वहीं तेज गति से वाहन चलाने वाले 190 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न चौराहों और तिराहों से अतिक्रमण हटवाया गया। ई-रिक्शा चालकों को वाहन की दाहिनी ओर सुरक्षा जाली लगाने के संबंध में जागरूक किया गया। अतरासी चौकी के पास पुल के नीचे ठेला-पटरी विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा वहां खड़े वाहनों के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में चंदा चोरी का आरोप

**मेरठ, 12 जून (तरुणमित्र)।** अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे से चंदा चोरी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसी के साथ राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# श्रम विभाग ने व्यापारियों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया

**अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर ललित अग्रवाल के नेतृत्व में की गई बैठक**

**हापुड़, 12 जून (तरुण मित्र)।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग जनपद हापुड़ द्वारा आयोजित उद्यमियों, व्यापारियों व श्रमिकों को शासन की योजनाओं के विषय में व्यापक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक जागरूक कार्यक्रम संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल हापुड़ के चेंबर ऑफ कॉमर्स चंडी रोड हापुड़ स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में जनपद हापुड़ के सहायक श्रम आयुक्त श्री राम लखन स्वर्णकार व लेबर इंस्पेक्टर डॉ सुधा तोमर ने 14 साल से कम आयु के बाल श्रमिक न रखने,14 साल से 18 साल तक के बाल श्रमिक रखने पर जरूरी दिशा निर्देशों का पालन करने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में व्यापक रूप से जानकारी प्रदान की।

उपस्थित सभी व्यापारियों की ओर से सहायक श्रम आयुक्त महोदय व डॉ सुधा तोमर जी का जनपद हापुड़ में नियुक्ति होने पर पुष्प देकर व पटका पहनाकर स्वागत किया गया

मीटिंग में संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वाले, राजीव गर्ग दतियाना वाले, मनीष कंसल मक्खन, सोनू बंसल, कपिल सिंहल, वीरेन्द्र गर्ग बिट्टू, अनुज गर्ग, विपिन पंसारी, मोहित अग्रवाल सुरूचि, दीपक बंसल, कपिल किराना वाले, आदर्श अग्रवाल, हैंडर कौशिक, सुभाष सिंहल, शील राज गुप्ता, महिपाल सिंह, सौरभ बाबू आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना को मिली रफ्तार जल्द घरों और उद्योगों तक पहुंचेगी पाइप गैस

**डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरे करने के निर्देश**

**एटा, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क परियोजना को जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की सतत निगरानी में तेजी मिल रही है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक में परियोजना की प्रगति का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फिरोजाबाद सीजीएस से इसौली चौराहा होते हुए अवागढ़ तक स्टील गैस पाइपलाइन बिछाने और लाइन टेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके लिए आवश्यक स्वीकृतियां भी प्राप्त कर ली गई हैं, जिसके चलते अवागढ़ क्षेत्र में शीघ्र ही गैस आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।

जलेसर क्षेत्र में प्रस्तावित 15 किलोमीटर स्टील गैस पाइपलाइन में से लगभग 14.7 किलोमीटर कार्य पूरा कर लिया गया है। रेलवे क्रॉसिंग का कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहीं उद्योगों तक गैस पहुंचाने के लिए करीब 18 किलोमीटर एमडीपीई पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।



बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि कासगंज रोड स्थित चिकोरी उद्योगों समेत अन्य औद्योगिक इकाइयों को जल्द पाइप्ड गैस उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उद्योगों को सस्ती, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा मिलेगी। साथ ही जनपद के शहरी क्षेत्रों में घर-घर पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस पहुंचाने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक एनओसी और अनुमतियां प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना की नियमित निगरानी के लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा नाम उदय प्रकाश है तथा हमारे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों में भी यही नाम अंकित है। हमारे कुछ अभिलेखों में त्रुटिवश हमारा नाम उदय प्रकाश श्रीवास्तव अंकित हो गया है। मेरे सभी अभिलेखों में से श्रीवास्तव हटाकर केवल उदय प्रकाश नाम से ही मुझे जाना व पहचाना जाये।

उदय प्रकाश
पुत्र स्व. प्रेम नारायण श्रीवास्तव
E4283, सेक्टर-12, राजाजीपुरम
लखनऊ-मो. 6392133066


# रेड अलर्ट के बीच मां शाकुंभरी धाम में सुरक्षा की कमान संभाले रहे एसडीएम, सीओ व थाना प्रभारी

**सहारनपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद सिद्धपीठ मां शाकुंभरी देवी धाम में पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। पूर्व में हुई भारी बारिश के दौरान तेज बहाव में दो महिलाओं की मौत की घटना को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।

बेहट एसडीएम मानवेंद्र सिंह, सीओ प्रिया यादव तथा मिजार्पुर थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह देर रात तक मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में मौजूद रहे।

**❑ लाउडस्पीकर से श्रद्धालुओं को किया सतर्क, तेज बहाव व संभावित हादसों से बचाई कई जिंदगियां**

अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी बनाए रखी और हालात पर पैनी नजर रखी। थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने स्वयं लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं को चेतावनी देते हुए नदी-नालों, पहाड़ी रास्तों तथा तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की। पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य भी किया गया।

एसडीएम मानवेंद्र सिंह और सीओ प्रिया यादव ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंदिर परिसर में लगातार अनाउंसमेंट के माध्यम से श्रद्धालुओं को मौसम की स्थिति और सुरक्षा संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। रेड अलर्ट के दौरान पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से श्रद्धालुओं में भरोसा बना रहा तथा संभावित बड़े हादसे की आशंका को टालने में सफलता मिली।

## इगलास में वकीलों की दूसरे दिन भी हड़ताल

**अलीगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** तहसील इगलास में सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन उत्तर प्रदेश में फ्रंट ऑफिस प्रणाली लागू करने के सरकार के फैसले के विरोध में वकीलों और दस्तावेज लेखकों का प्रदर्शन जारी है। अलीगढ़ के इगलास स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पर यह हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही। इगलास की पुरानी तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। वकीलों, कातिबों, स्टांप वेंडरों, टाइपिस्टों और फोटोग्राफरों ने कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इन सभी ने फ्रंट ऑफिस प्रणाली के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार का यह कदम तानाशाही पूर्ण है और इससे वर्षों से कार्यरत वकील, कातिब, टाइपिस्ट, स्टांप वेंडर और फोटोग्राफर बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार यह फैसला वापस नहीं लेती, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

## आवारा कुत्तों से परेशान लोग

**अलीगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र स्थित सराय रहमान इलाके में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को एक बाइक सवार युवक पर अचानक एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। यह घटना सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। लोगों के अनुसार, युवक अपनी बाइक से सामान्य गति से जा रहा था। तभी सड़क किनारे मौजूद एक आवारा कुत्ता अचानक उसकी ओर दौड़ा और भौंकते हुए हमला करने लगा। कुत्ते के हमले से युवक घबरा गया और उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ते-बिगड़ते बचा। गनीमत रही कि युवक ने किसी तरह बाइक संभाल ली।

## स्टेशनरी के गोदाम में लगी, आग लाखों का नुकसान

**अलीगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** हरदुआगंज कस्बे के मुख्य बाजार में एक दो मंजिला स्टेशनरी दुकान और गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना से पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की अपरान्ह दुकान के मालिक नीरज गर्ग इन दिनों वैष्णो देवी यात्रा पर हैं। उनकी अनुपस्थिति में दुकान और गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। आग इतनी भीषण थी कि उसकी ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आग की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग के कारण गोदाम में रखा भारी मात्रा में स्टेशनरी का सामान जलकर खाक हो गया।

## नाले में मिला युवक का आठ दिन पुराना शव

**अलीगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)।** गोरई थाना क्षेत्र में मुकुंदपुर रोड स्थित एक नाले में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना गोरई थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार धामा ने जानकारी दी कि मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को एक अहम सुराग मिला है। मृतक युवक के हाथ पर कुंज बिहारी नाम गुदा हुआ है। पुलिस इसी नाम के आधार पर उसकी पहचान स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत गिरी छात्र की मौत

**मेरठ, 12 जून (तरुणमित्र)।** देर रात जानी थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान एक मकान पर आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी। बिजली गिरने से मकान की छत भरभरा कर गिर गई। जिसके चलते कमरे में सो रहे एक किशोर की मौत हो गई। वहीं, उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक टीकरी गांव निवासी ऋषिपाल का बड़ा बेटा 19 वर्षीय रचित अपने छोटे भाई 17 वर्षीय रितेश के साथ बृहस्पतिवार को घर में सोया हुआ था। इसी दौरान रात करीब 11:30 बजे बारिश के दौरान तेज धमाके के साथ मकान पर बिजली गिर गई। जिसके चलते छत का लेंटर भरभरा कर कमरे में सो रहे दोनों भाइयों के ऊपर गिर गया। हादसे में रितेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रचित गंभीर रूप से घायल हो गया।

# 31 साल बाद कृषि विभाग को वापस मिला अपना भवन

**सहारनपुर, 12 जून (तरुणमित्र)।** जनकपुरी स्थित कृषि विभाग का भवन करीब 31 वर्ष बाद पुनः विभाग को वापस मिल गया। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी ने अपना जिला कार्यालय खाली कर भवन का औपचारिक कब्जा कृषि विभाग को सौंप दिया। जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया और विभाग की ओर से कब्जा ग्रहण किया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 1995 में कृषि विभाग ने यह भवन बसपा को पांच वर्ष की लीज पर दिया था। बाद में वर्ष 2002 में लीज का नवीनीकरण किया गया, जिसके तहत विभागीय आवश्यकता होने पर भवन वापस सौंपने का प्रावधान रखा गया था। पिछले वर्ष कृषि विभाग ने अपनी बढ़ती जरूरतों को देखते हुए भवन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। मल्हीपुर रोड पर नया जिला कार्यालय तैयार होने के बाद बसपा जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु एवं पार्टी कोऑर्डिनेटर जनेश्वर प्रसाद ने भवन की चाबी जिला कृषि अधिकारी को सौंप दी। इस प्रकार तीन दशक से अधिक समय बाद भवन पुनः कृषि विभाग के अधिकार में आ गया।

जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि भवन का उपयोग बीज भंडारण, कृषि योजनाओं के संचालन तथा किसानों से जुड़े विभागीय कार्यों के लिए किया जाएगा। इससे विभागीय व्यवस्थाएं मजबूत होंगी और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। वहीं बसपा जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु ने कहा कि पार्टी का नया कार्यालय तैयार हो चुका है और पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार पुराना भवन कृषि विभाग को सौंप दिया गया है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **निविदा दो –पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | | उप मुख्य अभियंता/निर्माण–IV/लखनऊ के अधीन उत्तर रेलवे के दिलकुशा–मल्हौर (8.20 कि.मी.) के मध्य तीसरी लाइन निर्माण कार्य के संबंध में विभिन्न स्थायी मार्ग (P-Way) कार्य, जिनमें ब्रॉड गेज (BG) ट्रैक की लिंकिंग, टर्नआउट एवं SEJ (Switch Expansion Joint) की स्थापना, ग्लूड जॉइंट्स का साइट पर (In-situ) निर्माण एवं असेंबली, मौजूदा ट्रैक एवं टर्नआउट का विघटन (Dismantling), RDSO विनिर्देश IRS-GE-I (जून 2004) तथा उसके अद्यतन संशोधन–पत्रों के अनुसार ट्रैक बैलेस्ट की आपूर्ति एवं बिछाव, P-Way सामग्री का परिवहन (Leading), एल्युमिनो–थर्मिट (AT) वेल्डिंग तथा अन्य सहायक/अनुषंगी गतिविधियाँ शामिल हैं। |
| 2 | निविदा फॉर्म मूल्य | | शून्य |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | | रू. 1496.75 लाख |
| 5 | धरोहर राशि | | रू. 29,93,500.00 |
| 6 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | क | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.07.2026 समय 15.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** |
| | | ख | निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 26.06.2026 निविदा के कार्य की समान प्रकृती और इवैल्यूएशन के लिए विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र शर्तों के साथ तिथि 18.06.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है |
| | | ग | निविदा दिनाँक 10.07.2026 को समय 15.00 बजे खोली जाएगी। |

संख्या 87–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ दिनाँकः 12.06.2026 2010/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालयः नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांकः:-777/पी0आर0ओ0/ज०क०वि०/न०नि०-शाह/2026-27 दिनांकः-12/06/2026

### ई-निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहाँपुर के जलकल विभाग में नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड सं0-44 मो0 अलीजई 60 मीटर पाइप लाइन का कार्य हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक- 03.07.2026 को 3.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो तद्दिनांक 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई- निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etetender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य का निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं0-502000 17927485, IFSC कोड-HDFC0000869, एच०डी०एफ०सी० बैंक, शाहजहाँपुर में तथा कार्य की जमानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं0-50265293184 IFSC कोड-IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी, ई-निविदा खोले जाने निर्धारित तिथि पर अवकाश आदि की स्थिति में अगले कार्यदिवस में प्रश्नगत निविदा खोली जायेगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं : **क्र.सं. :** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-मुख्या.-गोर.-05-2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण खण्ड के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (सहित)-कप्तानगंज (रहित) के मध्यम नए खोले गए दोहरीकरण खण्ड के रख-रखाव का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 2,40,51,355.00, **बयाना राशि** : रु. 4,81,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** :06 (छः) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **24.06.2026** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.00 बजे तक।** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.30 बजे।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री निशांत कुमार सिंह, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./I मो.नं. 9594880852**
**श्री आर. के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./II मो.नं. 9979484281**

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या., मुजाधि/डब्ल्यू-173 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–टेंडरिंग निविदा सूचना
### सं. 28/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग)** के माध्यम से **"खुली"** निविदा आमंत्रित करते हैं। **1. कार्य का विवरणः जोन सं. 21** पीलीभीत स्टेशन यार्ड एवं पीलीभीत रेलवे कॉलोनी।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,31,25,688.67; **बयाना राशि (₹):** ₹2,62,500/-; **2. कार्य का विवरणः जोन सं. 22** भोजीपुरा (रहित) से मैलानी रहित तथा पीलीभीत (रहित)।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,40,07,181.33; **बयाना राशि (₹):** ₹2,80,200/-; **3. कार्य का विवरणः जोन सं. 23** पीलीभीत (रहित) टनकपुर (सहित); **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,25,24,359.54; **बयाना राशि (₹):** ₹2,50,500/-; **4. कार्य का विवरणः जोन सं. 24** पीलीभीत (रहित) से शाहजहाँपुर (रहित)।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,42,23,695.22; **बयाना राशि (₹):** ₹2,84,500/-; **5. कार्य का विवरणः जोन सं. 25** मुरादाबाद (रहित) से रामनगर (सहित)।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,58,12,554.11/-; **बयाना राशि (₹):** ₹3,16,300/-; **6. कार्य का विवरणः जोन सं. 26A.** काठगोदाम रेलवे कॉलोनी।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹90,45,353.97; **बयाना राशि (₹):** ₹1,80,900/-; **7. कार्य का विवरणः जोन सं. 26B** लालकुआँ (सहित) से काठगोदाम (सहित) के मध्य काठगोदाम रेलवे कॉलोनी को छोड़कर।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,16,74,121.93; **बयाना राशि(₹):** ₹2,33,500/-; **8. कार्य का विवरणः जोन सं. 27** जू.इन्जी./ कार्य/नैनीताल के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत हॉलीडे होम/एन.एन.टी. (नैनीताल) एवं आर.के.टी. (रानीखेत) में जोन कार्य करना।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹97,55,558.97; **बयाना राशि(₹):** ₹1,95,100/-; **9. कार्य का विवरणः जोन सं. 28** लालकुआँ (रहित) से रामपुर (रहित) अनुभाग।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,84,86,678.21; **बयाना राशि (₹):** ₹3,69,700/-; **10. कार्य का विवरणः जोन सं. 29** लालकुआँ (रहित) से काशीपुर (रहित)।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,05,71,680.53; **बयाना राशि(₹):** ₹2,11,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (क्र.सं. 1 से 10 के लिए):** ₹शून्य;( **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि (क्र.सं. 1 से 10 के लिए)** 30.06.2027 तक. **1.** ई–निविदा **दिनांक 02.07.2026** को **15:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०), इज्जतनगर**
**मुजाधि/डब्ल्यू–176**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## पेज 1 का शेष...

### हर शहर–हर गांव तक...

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखा है। आज प्रदेश विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे, बेहतर सड़क नेटवर्क और मजबूत एयर कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, कुशीनगर और नोएडा सहित पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। जेवर एयरपोर्ट भविष्य में कार्गो और एमआरओ हब के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 17 नगर निगमों में 700 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें पहले से संचालित हो रही हैं। साथ ही विश्व बैंक के सहयोग से 2,741 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी परिवहन सेवाओं का विस्तार करेगी और इसमें बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देकर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि हरित परिवहन की यह पहल उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, आधुनिक और सतत विकास वाले राज्य के रूप में नई पहचान दिलाएगी।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पहले प्रदेश के केवल 15 जिलों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होता था, लेकिन अब यह सुविधा 45 जिलों तक पहुंच चुकी है। आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिलों में इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि डीजल बसों के संचालन पर जहां प्रति माह लगभग छह लाख रुपये खर्च होते हैं, वहीं इलेक्ट्रिक बसों पर यह खर्च घटकर करीब 50 हजार रुपये रह जाता है। इससे न केवल परिवहन निगम की लागत कम होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी सहित शासन और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### एआई की निगरानी से...

पहले यही प्रक्रिया पूरी होने में चार से छह महीने तक लग जाते थे। समय की यह बचत सड़क सुरक्षा और रखरखाव दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। सरकार ने केवल सर्वेक्षण तक ही इस पहल को सीमित नहीं रखा है। साइट इंजीनियरों और निरीक्षकों को मोबाइल एप भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे वास्तविक समय में रिपोर्ट देख सकेंगे, जियो-टैग्ड तस्वीरें अपलोड करेंगे और मरम्मत कार्य की प्रगति दर्ज करेंगे। इससे निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही तीनों मजबूत होंगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि इस तकनीक का प्रभावी और नियमित उपयोग हुआ तो राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शामिल सड़क संबंधी खामियों को समय रहते दूर किया जा सकेगा। साथ ही रखरखाव की गुणवत्ता पर भी लगातार नजर बनी रहेगी। डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और समयबद्ध कार्रवाई का यह मॉडल भारतीय सड़क अवसंरचना प्रबंधन को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसका सीधा लाभ करोड़ों यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और भरोसेमंद सफर के रूप में मिल सकता है।

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# 'कॉकरोच अभी जिंदा हैं' लखनऊ में गरजे अभिजीत दीपके

## आंदोलन को बताया सबसे बड़ी देशभक्ति, 20 जून को दिल्ली चलने का आह्वान

### पेपर लीक के दोषियों के इस्तीफे की मांग, कुछ अभ्यर्थियों ने किया विरोध



लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। शुक्रवार इको गार्डन में छात्रों और वनडे एग्जाम की तैयारी कर रहे करीब 6 हजार अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। कॉकरोच जनता पार्टी के चीफ अभिजीत दीपके भी इसमें शामिल हुए।

इस दौरान वह बोले अभी कॉकरोच खत्म नहीं हुए,कॉकरोच अभी जिन्दा है। वह करीब 40 मिनट तक रुके। भाषण दिया, 20 जून को दिल्ली आने का आह्वान किया। इसके बाद निकल गए। दीपके ने कहा कि हमारा देश एक आंदोलन से बना था। आंदोलन नहीं हुआ होता तो आज आजादी भी नहीं मिलती।

अगर देश में इमरजेंसी के खिलाफ आंदोलन ना होता तो आज लोकतंत्र ना होता। आंदोलन करना सबसे बड़ी देशभक्ति है। चाहे लेखपाल हो, यूपीएसआइ हो, नीट हो या सीबीएसई, जो-जो भी इनके पेपर लीक करने के दोषी होंगे, सबको रिजाइन करना होगा। सुबह 10 बजे प्रदर्शन शुरू हुआ। अभिजीत दोपहर डेढ़ बजे हाथ में संविधान की किताब लेकर इको गार्डन पहुंचे। उन्हें पुलिस ने सुरक्षा घेरे में अंदर तक पहुंचाया। प्रदर्शन के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स,पीएसी और लोकल पुलिस के 1500 से ज्यादा जवान तैनात रहे। सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे।

उन्होंने पेपर लीक बंद करो, बंद करो और यूपीएसई स्कोर कार्ड जारी करो, जारी करो के नारे लगे। कुछ छात्र-अभ्यर्थियों ने कॉकरोच पार्टी और अभिजीत दीपके का विरोध भी किया। कहा- हमारे इस आंदोलन का कॉकरोच पार्टी से कोई मतलब नहीं है। वे राजनीति कर रहे हैं। अगर अभिजीत दीपके यहां आ गए, तो हमारा आंदोलन तहस-नहस हो जाएगा। अभिजीत गुरुवार देर रात 2.20 बजे लखनऊ पहुंचे थे। उन्होंने टीम इंडिया की टी-शर्ट पहन रखी थी।

## लविवि में निष्कासित छात्रों को परीक्षा से रोका, तीखी नोकझोंक

लखनऊ। शुक्रवार लविवि में निष्कासित छात्रों को परीक्षा में शामिल होने से रोके जाने पर को नया विवाद खड़ा हो गया। परीक्षा केंद्र पर पहुंचे निष्कासित छात्रों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। छात्र परीक्षा देने की मांग पर अड़े रहे, जबकि प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने परीक्षा नियंत्रक के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश देने से इनकार कर दिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र के बाहर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। छात्रों का कहना था कि परीक्षा में शामिल होने का अवसर उनका शैक्षणिक अधिकार है, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन अनुशासनात्मक कार्रवाई के आधार पर उन्हें परीक्षा से वंचित कर रहा है। काफी देर तक चले विवाद के बाद छात्रों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिला। सभी छात्र पुनः अपने धरना स्थल पर पहुंच गए और आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

उधर, धरना स्थल पर छात्रों का समर्थन करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और अरविंद सिंह गोप पहुंचे। उन्होंने छात्रों से पूरे मामले की जानकारी ली और विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले को अन्यायपूर्ण बताते हुए आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। छात्रों ने धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना, निष्कासन नहीं न्याय चाहिएह्व का बैनर भी लगाया। बैनर में तीनों निष्कासित छात्र नेताओं की बहाली, छात्र हितों की बात करने पर हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई वापस लेने और फीस वृद्धि को निरस्त करने की मांग की गई है।



पटेल नगर स्थित निर्माणाधीन कल्याण मंडप का निरीक्षण करते नगर आयुक्त गौरव कुमार। छाया: तरुणमित्र

## जनगणना के लिए गए अपर सांख्यिकी अधिकारी से मारपीट

- पुलिस ने पति-पत्नी पर मुकदमा किया दर्ज
- हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। जनगणना काम के दौरान सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई नियोजन विभाग में तैनात अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार वर्मा की तहरीर पर की गई है।

संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि 9 जून को दोपहर करीब 1:50 बजे जनगणना कार्य के तहत पर्यवेक्षक के रूप में राम मोहन वार्ड के सर्किल-17 क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उनके अधीन कार्यरत प्रगणक विजय लक्ष्मी द्वारा कुछ मकानों का जनगणना अभिलेखों में अंकन नहीं किया गया था। गलती सुधारने के लिए निर्देश देने पर विजय लक्ष्मी ने कार्य करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान विजय लक्ष्मी के पति आकाश दीप सोनकर, जो उनके साथ मौजूद थे, भड़क गए और संतोष कुमार वर्मा को अपशब्द व अश्लील गालियां देने लगे।

विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी, जिससे अधिकारी को चोटें आईं। मौके पर मौजूद अन्य प्रगणकों रेखा रानी और अभिषेक मिश्रा सहित आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद भी आकाश दीप सोनकर लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे, जबकि विजय लक्ष्मी ने भी गाली-गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। घटना से न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभावित हुई बल्कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## तहसीलदार न्यायिक का आदेश वायरल होने से हड़कंप

मोहनलालगंज, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। मोहनलालगंज तहसील के मस्तेमऊ गांव में नाबालिग बच्चों की जमीन के दाखिल-खारिज का आदेश सामने आने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मामले के उजागर होते ही जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी भूमिका पर पर्दा डालने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आ रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आने और मीडिया की सुर्खियां बनने के बावजूद अब तक किसी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। मोहनलालगंज के मस्तेमऊ में पिता के निधन के बाद उसी हिस्से की जमीन पत्नी और नाबालिग बच्चों के नाम वरासत दर्ज कर दी गई थी।

कानूनी जानकारों के मुताबिक नाबालिगों की संपत्ति का विक्रय जिला न्यायालय की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद न सिर्फ नाबालिग बच्चों के हिस्से की जमीन का बैनामा कर दिया गया, बल्कि तहसीलदार न्यायिक द्वारा 30 मई 2026 को उक्त भूमि के दाखिल-खारिज का आदेश भी पारित कर दिया गया। जैसे ही तहसीलदार न्यायिक के आदेश की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तहसील प्रशासन में खलबली मच गई।

## ई-रिक्शा से टकराई बाइक, युवक घायल

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना ग्राम भतोइया स्थित मनकौटी मोड़ पर हुई। शाम करीब छह बजे रहीमाबाद निवासी हिमांशु जिम जाने के लिए अपनी बाइक से निकले थे। पुलिस पिकेट के पास मनकौटी मोड़ पर उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े एक ई-रिक्शा से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिमांशु सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत घायल युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

## दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

गोसाईगंज, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय कुमार यादव को अहिमामऊ चौराहे से पकड़ा गया।

उस पर अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है, जिसके बाद उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। यह मामला 11 जून 2026 को प्रकाश में आया, जब जौनपुर निवासी सूरज लाल यादव ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी प्रियंका यादव को उसके ससुराल वाले और पति दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते और मारपीट करते थे। इस उत्पीड़न से तंग आकर प्रियंका ने आत्महत्या कर ली। शिकायत के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मु0अ0सं0-369/2026 धारा 85, 80(2) बीएनएस और 3/4 डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में अजय कुमार यादव (पति), अमरजीत यादव (ससुर) और शीला देवी (सास) को नामजद किया गया है, जो सभी जौनपुर के पाली गोठाव गांव के निवासी हैं। दक्षिणी जोन के पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। 12 जून 2026 को, प्लासियो मॉल तिराहे और अहिमामऊ क्षेत्र में गश्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अहिमामऊ चौराहे से आरोपी अजय कुमार यादव (लगभग 30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। वह जौनपुर के पाली पोस्ट गोठांव, थाना बरसठी का निवासी है।

पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार आरोपी अजय कुमार यादव ने बताया कि उसका विवाह 2021 में प्रियंका यादव से हुआ था। विवाह के बाद से ही उनके रिश्ते ठीक नहीं थे और अक्सर वाद-विवाद होता रहता था। उसने स्वीकार किया कि 10 जून 2026 को उसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। गिरफ्तारी के समय वह कहीं दूर भागने की फिराक में सवारी का इंतजार कर रहा था।

## कला के जरिए विश्व शांति और सतत विकास का संदेश

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। मेट्रो एवं व्हाइटस्वान आर्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय सस्टेनेबल आर्ट एंड क्लोदिंग फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। ह्यविश्व शांति एवं सतत विकास के लिए उत्तरदायी कला विषय पर आधारित यह आयोजन 12 से 14 जून तक आयोजित किया जा रहा है। व्हाइटस्वान आर्ट फाउंडेशन की संस्थापक डॉ.अंजलि निगम द्वारा स्थापित यह पहल कला, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विश्व शांति, संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। महोत्सव के उद्घाटन दिवस पर कला प्रदर्शनी, संवाद सत्र एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कला एवं संस्कृति की भूमिका,पर्यावरणीय जागरूकता तथा सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं,जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा यूपी मेट्रो केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबंध है। सस्टेनेबल आर्ट एंड क्लोदिंग फेस्टिवल जैसे आयोजन कला और संस्कृति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एआईपीईएफ ने दिया बिजलीकर्मियों के संघर्ष को राष्ट्रीय समर्थन

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन की संघीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को बेंगलुरु में सम्पन्न बैठक में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों एवं अभियंताओं के संघर्ष तथा प्रस्तावित विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2025 के विरुद्ध महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। संघर्ष समिति ने एआईपीईएफ द्वारा उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के संघर्ष को दिए गए पूर्ण समर्थन का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे प्रदेश के बिजली कर्मियों का मनोबल और अधिक मजबूत हुआ है। एआईपीईएफ ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरुद्ध पिछले 562 दिनों से बिजली कर्मी एवं अभियंता शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। बिजली पंचायतों,बिजली महापंचायतों, विशाल रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से यह आंदोलन अब व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है, जिसमें आम उपभोक्ता भी बड़ी संख्या में भागीदारी कर रहे हैं। एआईपीईएफ ने आंदोलन के दौरान हजारों कर्मचारियों के स्थानांतरण,संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त किए जाने,अनुशासनात्मक नियमों में मनमाने संशोधन,बिना आरोप पत्र एवं बिना स्पष्टीकरण का अवसर दिए सेवा से पृथक करने जैसी कार्यवाहियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का प्रयास बताया है।

## पीसीसी अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा खत

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में ऊजार्मंत्री ए के शर्मा द्वारा अपने ही विभाग के पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष पर लगाये गये आरोपों का हवाला देते हुए इस प्रकरण पर तत्काल हस्तक्षेप किये जाने की मांग है। अजय राय ने कहा कि समस्या केवल बिजली आपूर्ति अथवा तकनीकी व्यवधानों तक सीमित नहीं है, बल्कि शासनतंत्र के विभिन्न अंगों के मध्य समन्वय के अभाव, उत्तरदायित्व की अस्पष्टता तथा जनहित से जुड़े विभाग में गंभीर कमियां विद्यमान हैं। स्वयं ऊर्जा मंत्री द्वारा पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर लगाए गए गंभीर आरोप शासन-प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। जहां विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है वहीं प्रदेश के ऊर्जा मंत्री बनाम पावर कॉर्पोरेशन के रूप में सरकार के भीतर एक असाधारण टकराव का खामियाजा प्रदेश की जनता झेलने के लिए विवश है। सरकार का नियंत्रण शासन-प्रशासन से पूरी तरह खत्म हो चुका है। ऊर्जा मंत्री ने भर्ती, छंटनी, प्रशासनिक निर्णयों तथा फ्यूल सरचार्ज जैसे विषयों पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति व्यक्त की है। यदि विभाग का मुखिया स्वयं यह कहने की स्थिति में पहुँच गया है कि उसकी जानकारी के बिना निर्णय लिए जा रहे हैं, तो यह प्रशासनिक मतभेद नहीं बल्कि शासन व्यवस्था की गंभीर विफलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था, 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज की वसूली, ऊर्जा मंत्री द्वागा लगाए गए आरोपों, पावर कार्पोरेशन की कार्यप्रणाली, उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग के निदेशों की अवहेलना की स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## डेढ़ लाख युवाओं को मिलेगी फाइनेंशियल स्किल्स की ट्रेनिंग

लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। कौशल विकास मिशन और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ।, जिसके तहत डेढ़ लाख युवाओं को फाइनेंशियल स्किल्स की ट्रेनिंग दी जायेगी। यह प्रशिक्षण प्रदेश के 1000 ट्रेनिंग सेंटर में युवाओं को अगले हफ्ते से फाइनेंशियल स्किलिंग की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण के बाद रोजगार पाने वाले युवा अब केवल आय अर्जित नहीं करेंगे, बल्कि यह भी समझेंगे कि पहली सैलरी का सही उपयोग कैसे करें। बजट और बचत कैसे शुरू करें, इन्वेस्टमेंट कब और कहां करना चाहिए, लोन से कैसे बचना है, भविष्य की आर्थिक सुरक्षा कैसे तैयार करनी है। यह ट्रेनिंग युवाओं को घर खरीदने, व्यवसाय शुरू करने, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवानिवृत्ति जैसे जीवन के बड़े निर्णय लेने में भी सक्षम बनाएगी। उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाओं और आर्थिक जोखिमों से सुरक्षित रहने में भी मदद करेगी।



लखनऊ में स्थापित 14 सिटी पॉलीक्लिनिक के लोकार्पण कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड एवं पोषण पोटली का वितरण करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। छाया: तरूणमित्र

# स्वच्छता मिशनः महापौर के आदेश अधिकारियों के आगे बेअसर

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न वार्डो में लगाई चौपाल

- विभिन्न वार्डो में महापौर के जन-चौपाल में गंदगी की ढेरों शिकायतें



लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महापौर ने नागरिकों के बीच पहुंचकर जान चौपाल लगाई। इस दौरान विभिन्न वार्डों के लोगों ने मेयर के सामने कूड़ा कलेक्शन,गंदी नालियों और साफ-सफाई की शिकायतें रखी। वहीं नगर निगम स्वच्छता मिशन 2026 को लेकर महापौर अधिकारियों को लगातार निर्देश दे रही हैं। इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बावजूद इसके महापौर के यह आदेश अधिकारियों पर बेअसर से साबित हो रहे हैं।

दरअसल, शुक्रवार महापौर ने जोन-5 के सरोजनीनगर प्रथम वार्ड, द्वितीय वार्ड एवं जोन 6 में जान चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान तथा सड़क निर्माण आदि समस्याओं को महापौर के सामने रखा। महापौर ने जोन पांच सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के हनुमानपुरी मोहल्ला स्थित सरोजनीनगर ब्लॉक कैंपस में जन चौपाल का आयोजन किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जोन-5 के सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड स्थित रुद्र वैष्णो देवी मंदिर पार्क में जन चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने साफ-सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई एवं जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान तथा सड़क निर्माण से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जोन-6 के मा॰ कल्याण सिंह वार्ड एवं मा॰ लालजी टंडन वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच है। चौपाल में गृहकर, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवर, मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर से बेटी के इलाज के लिए गुहार

जन चौपाल के दौरान एक महिला ने अपनी पुत्री के इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की गुहार लगाई। इस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला से उपचार संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। महापौर ने आश्वस्त किया कि दस्तावेज प्राप्त होने के उपरांत उन्हें माननीय मुख्यमंत्री सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# रायबरेली का चिराग एएमयू में 56 मिनट तक गरजा गूंजे जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोष

### किसान सम्मेलन में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, प्रगतिशील किसानों का किया सम्मान



लखनऊ/अलीगढ़, 12 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कैनेडी हॉल में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक नई चर्चा को जन्म दे दिया।

मेरठ, अलीगढ़ और आगरा मंडल के किसानों के इस सम्मेलन में मंत्री ने लगभग 56 मिनट तक विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में उद्यान विभाग की योजनाओं, किसानों के हित में लिए गए निर्णयों तथा नवाचारों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यदि नकवी पार्क का नाम बदलकर जवाहर पार्क किया जा सकता है तो जवाहर पार्क का नाम भी अलीगढ़ के किसी सपूत के नाम पर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में भारतीय संस्कार एवं संस्कृति के संवर्धन के लिए वह हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयकारों के साथ हुआ, जबकि समापन जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। परिसर में विभिन्न जनपदों से आए किसानों की गाड़ियां खड़ी रहीं और किसान समूहों में भोजन करते दिखाई दिए।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने एएमयू के अतिथि गृह में रात्रि विश्राम भी किया। अगले दिन उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और संग्रहालय का निरीक्षण किया। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में यह चर्चा का विषय बना रहा कि एएमयू परिसर में इस प्रकार का किसान सम्मेलन और मंत्री का विस्तृत संबोधन विश्वविद्यालय के इतिहास की एक उल्लेखनीय घटना के रूप में देखा जा रहा है। रायबरेली जनपद से संबंध रखने वाले दिनेश प्रताप सिंह को समर्थक रायबरेली का चिराग भी कहते हैं। सम्मेलन के बाद किसान प्रतिनिधियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और उद्यान विभाग की पहल की सराहना की।

### धूमधाम से मना हनुमान 'प्रादुर्भाव' का द्वितीय वार्षिकोत्सव

गोसाईगंज, लखनऊ, 12 जून (तरुणमित्र)। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के पैनोरामा परिसर स्थित शिव शक्ति वाटिका में श्री हनुमान जी के 'प्रादुर्भाव' की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'प्राकट्य दिवस उत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। पूरा परिसर 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गूंज उठा। उत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री सुन्दर काण्ड का पाठ किया। शाम को आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने हनुमान जी के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। देर शाम महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

